राष्ट्रीय दैनिक


# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 मनु भाकर आगामी वर्ल्ड कप में नहीं लेंगी हिस्सा ...

ट्रंप सरकार में एलन मस्क को मिल सकती है अहम ... 12

वर्ष : 12 | अंक : 124 | पटना, बुधवार,14 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 36°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

सोना 71,105

चांदी 81,500

सेंसेक्स 78,886

निफ्टी 24,117

# हर घर तिरंगा अभियान विकसित भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है : धनखड़

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम से एक कार्यक्रम में हर घर तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राम मोहन नायडू, किरेन रिजिजू और मनसुख मंडाविया भी मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने हर घर तिरंगा के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा, आज का दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हर घर तिरंगा एक अभियान है जो आजादी के अमृत महोत्सव का एक हिस्सा है। 2021 में आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लोगों के घरों में तिरंगा लगाने के लिए इस महोत्सव की शुरूआत की गई थी। अब यह एक आंदोलन बन गया है। तबसे लगातार करोड़ों लोग अपने घरों पर तिरंगे को फहराते हैं। मेरे मन में इस बात की कोई शंका नहीं है कि आने वाले 15 अगस्त को एक नया रिकॉर्ड बनेगा और हर घर तिरंगा होगा।ह्व अपने भाषण में आगे उन्होंने दुनिया में भारत के तीसरी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर होने पर बल देते हुए कहा, ह्लदेशवासियों, इस अभियान का उद्देश्य लोगों के दिल में, लोगों की आत्मा में देशभक्ति की आत्मा को जगाना और भारतीय राष्ट्र ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

## बांकीपुर में निकली विशाल तिरंगा पद-यात्रा

पटना। बिहार की राजधानी पटना के मौर्य लोक परिसर में युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा से विशाल तिरंगा पद-यात्रा निकाली गयी। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल उपस्थित रहे। इस यात्रा में विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, मंत्री नितिन नवीन, पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद, महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी चन्द्रवंशी समेत सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। आजादी के 78वें वर्षगाँठ के अवसर पर 78 मीटर विशाल तिरंगे झंडे को सैकड़ों युवा और कार्यकर्ता



अपने कंधे की ऊँचाई तक हाथों से पकड़े देशभक्ति के गीतों पर झूमते हुए गांधी मैदान स्थित कारगिल चौक तक गये जहां इस यात्रा का विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि देश में स्वतंत्रता दिवस मनाया जा रहा है, देश लोकतंत्र का जश्न मना रही है, आज हम हर घर तिरंगा यात्रा शुरू कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की ओर से पूरे देश के हर घर में तिरंगा फहराया जाएगा। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का प्रयास है। हर घर तिरंगा अभियान देश की आन बान शान के लिए कुर्बान होने वालों को नमन करने का मौका देता है। तिरंगा हमें राष्ट्र के प्रति समर्पित और राष्ट्र सेवा की भावना को बताता है, इसलिए हमारा फर्ज है कि हम तिरंगे की आन बान शान के लिए किसी भी प्रकार का समझौता न करें।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता दिवस : विशेष अतिथि होंगी पंचायतों की 400 महिला प्रतिनिधि

नई दिल्ली। पंचायती राज संस्थाओं की निर्वाचित महिला प्रतिनिधि और पंचायतों कुछ चुनिंदा निर्वाचित प्रतिनिधि राजधानी में 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 15 अगस्त को लाल किले पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। यह जानकारी मंगलवार को आधिकारिक रूप से दी गयी। इस कार्यक्रम के लिए पंचायती राज संस्थाओं की 400 महिला प्रतिनिधियों को उनके जीवनसाथियों के साथ आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा इस कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश, गुजरात, मेघालय और उत्तर प्रदेश के वे ग्राम पंचायत प्रमुख भी शामिल होंगे, जिन्होंने सरकार की तीन या अधिक प्राथमिकता क्षेत्र योजनाओं तथा कार्यक्रमों को लागू करने संतृप्ति के लक्ष्य की प्राप्त की है।

### सीबीआई करेगी कोलकाता डॉक्टर रेप व हत्या केस की जांच

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर से बलात्कार व हत्या मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सीबीआई से मामले की जांच कराए जाने का आदेश दिया है। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम ने इससे जुड़े केस डायरी के निरीक्षण के बाद यह आदेश दिया। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य सरकार को मामले से संबंधित सभी जानकारी और दस्तावेज सीबीआई को सौंपने होंगे। इसके अलावा, पुलिस की तरफ से जुटाए गए सभी सीसीटीवी फुटेज भी सीबीआई को सौंपे जाने चाहिए।

### आतंकवादियों का पता लगाने के लिए व्यापक तलाशी अभियान

श्रीनगर। सुरक्षाबलों ने मंगलवार को भी अनंतनाग जिले के घने जंगलों में छिपे आतंकवादियों का पता लगाने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया है। यहां शनिवार को एक मुठभेड़ में दो सैनिक बलिदान हो गए थे लेकिन इसके बाद आतंकवादियों से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग के जंगलों में छिपे आतंकवादियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है। बिरदी ने कहा कि उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर सुरक्षाबल सचेत हैं और सतर्कता से तलाशी अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादी अप्रिय स्थिति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

**मुख्यमंत्री ने नये समाहरणालय भवन परिसर के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण**

# नये समाहरणालय भवन की छत पर सोलर प्लेट लगायें : नीतीश

## सीएम ने निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का दिया निर्देश

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना जिला के नये समाहरणालय भवन परिसर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नये समाहरणालय भवन का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। नये समाहरणालय भवन में एक ही छत के नीचे जिला प्रशासन के सभी कार्यालय होंगे जिससे लोगों को काफी सहूलियत होगी और उन्हें अधिक सुगमता से सेवा प्रदान की जा सकेगी। इस समाहरणालय भवन परिसर के उत्तर में गंगा नदी और दक्षिण में गांधी मैदान होने से इसका दृश्य और भी मनोरम लगेगा। यह नया समाहरणालय भवन पर्यावरण के अनुकूल होगा और देखने में भी आकर्षक होगा। उन्होंने कहा कि नये समाहरणालय भवन की छत पर सोलर

**बोलें- पर्यावरण के अनुकूल और देखने में आकर्षक होगा भवन**



प्लेट भी लगायें।

**205 ओपेन पार्किंग एवं 240 बेसमेंट पार्किंग की सुविधा होगी :** इससे पहले निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नये समाहरणालय भवन के अंतर्गत निर्माण किए जा रहे विभिन्न भागों की जानकारी देते हुये बताया कि यह नया समाहरणालय भवन काफी बेहतर ढंग से बनाया जा रहा है जो भूकंपरोधी होगा और पर्यावरण के भी अनुकूल होगा। मुख्य भवन में सभी विभागों के लिये अलग-अलग प्रवेश द्वार होंगे। समाहरणालय में बेसमेंट एवं भू-तल के अलावा पांच फ्लोर होंगे। इस परिसर में लगभग 205 ओपेन पार्किंग एवं 240 बेसमेंट पार्किंग की सुविधा होगी। सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से इस परिसर में उत्कृष्ट मानदण्डों का अनुपालन किया जा रहा है।

**ये रहें मौजूद :** निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, सांसद संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव-सह-भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना प्रक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक गरिमा मल्लिक, पटना के जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

**बारून-दाउदनगर नहर रोड स्थित चमन बिगहा के समीप हुआ हादसा**

# औरंगाबाद में कार नहर में पलटी, पांच लोगों की मौत

## रोहतास जिले के गुप्ताधाम में दर्शन-पूजन करने गए थे

प्रात : किरण

पटना/औरंगाबाद। बिहार के औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को सोन नहर में कार के पलट जाने से पांच लोगों की डूबकर मौत हो गई। दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषि राज ने बताया कि कार पर सवार लोग रोहतास जिले के गुप्ताधाम में दर्शन-पूजन करने गए थे। वहां से लौटने के क्रम में मंगलवार की सुबह उनकी कार अनियंत्रित हो गई और बारून-दाउदनगर नहर रोड स्थित चमन बिगहा गांव के समीप नहर में जा गिरी। नहर में पानी अधिक होने के कारण कार में सवार सभी लोगों की डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से कार में सवार सभी मृतकों के शव को बाहर निकाला। श्री ऋषि राज ने बताया कि मृतकों की पहचान पटना जिले के राजीव नगर थाना क्षेत्र निवासी दीपक कुमार 38 वर्ष, कन्हाई राय37 वर्ष , रोहित कुमार 12 वर्ष, नारायण चौहान 30 वर्ष और रवि कुमार 32 वर्ष के रूप में की गयी है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया




### सीएम ने हादसे पर जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना के चमन बिगहा के पास अनियंत्रित कार के सोन कैनाल में पलटने से पांच लोगों की हुयी मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

है। बताते चलें कि हादसे के समय तेज आवाज को सुनकर लोग पहुंचे, लेकिन पता नहीं चला कि कार किधर चली गई। जब तक कार को पानी से निकाला जाता, कार सवार पांच लोगों की डूबने से मौत हो चुकी थी। कुछ लोग बता रहे हैं कि उन्हें आवाज आई थी, लेकिन नजदीक जाने पर पता नहीं चला। बाद में कार स्थानीय ग्रामीणों ने नहर में कार देखी तो पुलिस को सूचना दी। कार निकाली गई, तो अंदर कोई जिंदा नहीं मिला। पुलिस ने पुष्टि की कि उसमें सवार पांच लोग लोगों की मौत हो चुकी है। पुलिस ने मृतकों के शव को निकलवा कर जिला मुख्यालय भेजा है। पहनावा से ऐसा लग रहा है कि सभी मृतक कहीं से पूजा कर लौट रहे होंगे। तीन के शरीर पर सावन का गेरुआ कपड़ा है। सभी मृतक पटना के राजीव नगर में आसपास रहते थे बीडीओ मो. जफर इमाम, सीओ शैलेंद्र कुमार यादव, थानाध्यक्ष फहीम आजाद खान दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे हुए हैं।

## सेबी प्रमुख के इस्तीफे की मांग पर 22 को कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि वह भारतीय प्रतिभूति विनियम बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी बुच के इस्तीफे और अदाणी महाघोटाले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की मांग को लेकर आगामी 22 अगस्त को देशव्यापी प्रदर्शन करेगी। पार्टी महासचिवों, राज्य प्रभारियों और प्रदेश इकाई के अध्यक्षों की बैठक के बाद कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा, आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महासचिवों, राज्य प्रभारियों और राज्य अध्यक्षों सहित कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेताओं की एक बैठक बुलाई थी। बैठक में 56 नेताओं ने भाग लिया और उनमें से 38 ने कई बहुमूल्य सुझाव दिये। हमने अदाणी और सेबी से संबंधित घोटाले पर चर्चा की। वेणुगोपाल ने कहा, ह्यह्यहमने 22 अगस्त को देशव्यापी आंदोलन शुरू करने का फैसला किया है। यह प्रदर्शन दो मांगों को लेकर होगा। पहली मांग है कि सेबी प्रमुख का इस्तीफा हो और दूसरी मांग है कि अदाणी महाघोटाले की जांच के लिए जेपीसी का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को वायनाड में हुई भूस्खलन की घटना को राष्ट्रीय आपदा घोषित करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जाति जनगणना को लेकर भी चर्चा की गई है तथा सरकार को इसे अविलंब कराना चाहिए।

### भागलपुर : महिला सिपाही सहित पांच लोगों के शव मिले

पटना/एजेंसी। भागलपुर के इशाकचक थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन में एक ही परिवार के पांच लोगों के शव मिले। पुलिस लाइन के क्ववार्टर से मंगलवार सुबह एक महिला सिपाही और उसके परिवार के चार सदस्यों के शव मिले। मौके से पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें सिपाही पत्नी के अवैध संबंध होने का आरोप लगाया गया है। डीआईजी विवेकानंद के मुताबिक, सभी मृतक बक्सर के रहने वाले थे। शव के साथ ही एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है, जिसमें महिला सिपाही नीतू कुमारी के पति पंकज ने हत्या की बात को स्वीकार की है। पंकज ने लिखा है कि पत्नी ने मेरी मां तथा दोनों बच्चों की गला रेत कर हत्या कर दी। इसलिए उसने पत्नी को मारकर खुद को फांसी लगा ली। साथ ही उसने पत्नी के अवैध संबंध होने का आरोप लगाया है।

## हिंडनबर्ग की ताजा रिपोर्ट के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। अमेरिका की शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग की ताजा रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। याचिका में शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री द्वारा उस आवेदन को सूचीबद्ध करने से इंकार करने को चुनौती दी गई है, जिसमें अडानी समूह की कंपनियों के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए कथित धोखाधड़ी के आरोपों के समाधान के लिए की गई कार्रवाई पर सेबी से स्थिति रिपोर्ट मांगी गई थी। याचिका में हिंडनबर्ग की ताजा रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों को रिकॉर्ड में लाया गया है कि सेबी की चेयरपर्सन और उनके पति ने बरमूडा और मॉरीशस के ऑफशोर फंड में कथित तौर पर निवेश किया था, जिसका नियंत्रण अडानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी के बड़े भाई



विनोद अडानी के पास है। याचिका में कहा, हालांकि सेबी प्रमुख माधबी बुच ने इन आरोपों को निराधार बताया और इस अदालत ने यह भी माना है कि तीसरे पक्ष की रिपोर्ट पर विचार नहीं किया जा सकता है, लेकिन इन सबने जनता और निवेशकों के मन में संदेह का माहौल पैदा कर दिया। ऐसी परिस्थितियों में सेबी के लिए लंबित जांच को समाप्त करना और जांच के निष्कर्ष की घोषणा करना अनिवार्य हो जाता है। याचिका में कहा गया है कि इस मामले में जांच के लिए शीर्ष अदालत के आदेश के लिए पहले जनहित याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता विशाल तिवारी ने रजिस्ट्रार के 05 अगस्त के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें मामले में उनके पिछले आवेदन को पंजीकृत करने से इनकार कर दिया गया था। याचिका में कहा गया है कि अदालत ने इस वर्ष 03 जनवरी के अपने आदेश में सेबी द्वारा जांच पूरी करने के लिए तीन महीने की समयसीमा दी गयी है। याचिकाकर्ता ने कहा कि रजिस्ट्रार द्वारा 03 जनवरी के आदेश की व्याख्या को स्वीकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि शीर्ष अदालत का पिछला आदेश खुद ही एक विशेष समय अवधि में एक कार्य करने की बात करता है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि मामले में समीक्षा याचिका को खारिज करने का कोई असर नहीं होगा, क्योंकि समीक्षा याचिका की प्रकृति और आधार आदेश के अनुपालन के लिए उनके द्वारा दायर वर्तमान विविध आवेदन से बिल्कुल अलग हैं।

### लालू, तेजस्वी के खिलाफ आरोप पत्र पर 17 अगस्त को विचार करेगी अदालत

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत 17 अगस्त को यह फैसला कर सकती है कि भूमि के बदले नौकरी से संबंधित कथित घोटाले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनके बेटे तेजस्वी यादव और आठ अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लिया जाए या नहीं। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने यह देखते हुए मामले को अगली तारीख के लिए स्थगित कर दिया कि दस्तावेज बहुत अधिक हैं। ईडी द्वारा छह अगस्त को पूरक आरोप-पत्र दाखिल किया गया था। ईडी का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है। ईडी के अनुसार, यह मामला 2004 से 2009 तक प्रसाद के रेल मंत्री रहने के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर में रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी कर्मचारियों की नियुक्तियों से संबंधित है।

**खुलासा** | **सेना ने किया दक्षिणी पीर पंजाल की पहाड़ियों तक पहुंचे आतंकी मॉड्यूल का खुलासा**

# सेना ने घाटी में विदेशी आतंकवाद खत्म करने को बनाया नया काउंटर प्लान

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के डोडा, उधमपुर और कठुआ के ऊपरी इलाकों में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ने के बाद सेना ने नया काउंटर प्लान बनाया है। दक्षिणी पीर पंजाल की पहाड़ियों तक पहुंचे आतंकियों के मॉड्यूल का खुलासा होने के बाद सेना ने विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए नया अभियान शुरू किया है। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने मंगलवार को आतंकवाद विरोधी डेल्टा फोर्स के अग्रिम ठिकानों का दौरा करके



आतंकवाद विरोधी अभियानों की समीक्षा की। जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले एक खुफिया रिपोर्ट में बताया गया था कि पुंछ-राजौरी सेक्टर में करीब 40 विदेशी आतंकवादी मौजूद हैं। इसके बाद जून माह की शुरूआत से ही आतंकी गतिविधियों में तेजी आनी शुरू हो गई और अब तक दर्जनों मुठभेड़ में अब 15 से ज्यादा सैन्य अधिकारी और जवान बलिदान हो चुके हैं।

आतंकवादी हमलों के बीच पिछले माह से पाकिस्तानी आतंकी एक बार फिर सीमा लांघ रहे हैं। जवानों की शहादत के लिए चार साल से एलओसी पर सीजफायर होने को बड़ी वजह माना जा रहा है, जिसकी वजह से सीमा पार इलाके से घुसपैठ बढ़ी है। पीर पंजाल पहाड़ियों के उत्तरी ओर कश्मीर घाटी में आतंकवाद का लगभग सफाया होने के बाद अब सीमा पार से घुसपैठ के लिए दक्षिणी इलाके को नया रास्ता बनाया गया है। जम्मू कश्मीर के दक्षिणी पीर पंजाल के इलाके डोडा, पुंछ और राजौरी, किश्तवाड़ रियासी, कठुआ के पहाड़ी इलाके में सुरक्षा बलों और नागरिकों पर आतंकी हमले हो रहे हैं। केंद्रीय एजेंसियों की खुफिया जानकारी के आधार पर सेना ने गंडोह में 26 जून को तीन आतंकवादियों को मार गिराने के बाद घुसपैठ के पीछे एक मॉड्यूल का भी खुलासा किया था। इस मॉड्यूल के सरगनाओं ने सांबा-कठुआ सेक्टर में विदेशी आतंकवादियों को घुसपैठ कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। खुफिया सूत्रों का कहना है कि दक्षिणी पीर पंजाल की पहाड़ियों पर कब्जा जमकर बैठे आतंकी समय-समय पर नीचे उतारते हैं और ग्रामीणों को धमकाकर अपने भोजन का इंतजाम करके वापस ऊंचाइयों पर चले जाते हैं। आतंकी ग्रामीणों के फोन अपने कब्जे में लेकर उनसे पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं तक सूचना पहुंचा रहे हैं। उधमपुर-कठुआ-डोडा जिलों के पहाड़ों और जंगलों में आतंकियों की सक्रियता के लिए यह मॉड्यूल आश्रय, भोजन और अन्य छोटी रसद पहुंचाने में मदद कर रहा है। जांच में पुष्टि हुई है कि गंडोह मुठभेड़ में मारे गए तीनों आतंकियों ने छिपने और ऊपरी इलाकों तक पहुंचने में इसी मॉड्यूल की मदद ली थी।

# एसएसएलवी-डी3 की उल्टी गिनती आज से शुरू

प्रात : किरण

श्रीहरिकोटा/नई दिल्ली/एजेंसी। आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित होने वाले एसएसएलवी-डी3 के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती बुधवार को शुरू होगी। इसरो के सूत्रों ने बताया कि प्रक्षेपण के लिए उल्टी गिनती कल यानी बुधवार को से शुरू होगी। कुल 175.5 किलोग्राम वजनी इस पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस-08) का प्रक्षेपण लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान का उपयोग करके किया जाएगा। यह एसएसएलवी-डी3 तीसर और अंतिम विकासात्मक प्रक्षेपण है और इस चरण में यह माइक्रोसैटेलाइट को लेकर स्वतंत्रता दिवस पर सुबह 09.17 बजे शार रेंज से उड़ान भरेगा। उन्होंने कहा, इस मिशन ने एसएसएलवी विकास परियोजना को पूरा किया है और



भारतीय उद्योग तथा एनएसआईएल द्वारा परिचालन मिशनों को सक्षम बनाया है। उन्होंने कहा कि ईओएस-08 इसरो का नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है। ईओएस-08 मिशन के प्राथमिक उद्देश्यों में माइक्रोसैटेलाइट को डिजाइन और विकसित करना, माइक्रोसैटेलाइट बस के साथ संगत पेलोड उपकरण बनाना और भविष्य के परिचालन उपग्रहों के लिए आवश्यक नई तकनीकों को शामिल करना आदि हैं। प्रक्षेपण के तुरंत बाद अंतरिक्ष यान मिशन विन्यास 37.4 डिग्री के झुकाव के साथ 475 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की निम्न कक्षा में संचालित होगा। एसएसएलवी तीन चरणों वाला प्रक्षेपण यान है, जिसे तीन ठोस प्रणोदन चरणों और एक टर्मिनल चरण के रूप में तरल प्रणोदन आधारित वेलोसिटी ट्रिमिंग मॉड्यूल के साथ निर्मित किया गया है। एसएसएलवी का व्यास दो मीटर और लंबाई 34 मीटर है और यह 120 टन वजन उठा सकता है। एसएसएलवी एसडीएससी/एसएचएआर से 500 किमी की प्लेनर कक्षा में 500 किलोग्राम के उपग्रह को ले जाने में सक्षम है। एसएसएलवी की प्रमुख विशेषताएं कम लागत, कम टर्न-अराउंड समय, कई उपग्रहों को समायोजित करने में लचीलापन, मांग पर प्रक्षेपण व्यवहार्यता तथा न्यूनतम प्रक्षेपण बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं को पूरा करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली

फतुहा। हर घर तिरंगा अभियान को देशव्यापी अभियान बनाने के लिए मंगलवार को शहर में भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। फतुहा विधानसभा के पूर्व एनडीए प्रत्याशी सत्येन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में निकली तिरंगा यात्रा में सैंकड़ों बाईकों पर भाजपा कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर सवार दिखाई दिए। तिरंगा लेकर भाजपाई वी मार्ट रायपुरा से महारानी चौक गए, जहां रैली सभा में तब्दील हो गया। रैली में बख्तियारपुर से लेकर फतुहा तक के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान राष्ट्र चेतना के नारों और गीतों से वातावरण गुंजायमान रहा। तिरंगा यात्रा में रवि देसाई, सिमांत शेखर, विनोद शर्मा, दुर्गेश चंद्रवंशी, राजीव रंजन राजू, संतोष कुमार, वीर बहादुर सिंह, अभिषेक झा, डॉ शियाराम सिंह, रामजी प्रसाद, दिलीप सिंह, विक्की सिंह, अरविन्द यादव, केशर प्रसाद, संजीव यादव, अनामिका अग्रवाल, शोभा देवी, पिंकी साहू, रंजना गुप्ता, प्रतिमा पाण्डेय, सुनील पासवान, कविन्द्र कुमार, बबलू साह सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### सैनिक चौक से तिरंगा यात्रा बाईक रैली निकाली गई

दानापुर। नगर के अंतर्गत भाजपा द्वारा मंगलवार को सेना क्षेत्र के सैनिक चौक से तिरंगा यात्रा बाईक रैली निकाली गई। रिमझिम फुहारों के बीच उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने झंडा दिखाकर रवाना किया। यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जयकारे लगा रहे थे। सैनिक चौक से निकली तिरंगा यात्रा सगुना,खगौल,एम्स रोड से नौबतपुर होते हुए आगे निकली। यात्रा का नेतृत्व कर रहे एमएलसी अनामिका सिंह, रवि भूषण उर्फ बेला यादव ने कहा कि हर घर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए। जिसको देखते हुए भाजपा तिरंगा झंडा वितरण करने का भी काम कर रही है। शीर्ष नेतृत्व के दिशा-निर्देश पर यात्रा निकाली गई है। मौके पर पूर्व विधायक आशा सिन्हा,संजय यादव, बंटी गुप्ता समेत सैकड़ों कार्यकर्ता थे

### बंद मकान से 12 लाख की संपति चोरी

पटना सिटी (प्राकि)। अगमकुआं स्थित बीएच कॉलोनी में रहने वाले चंद्र कुमार के बंद मकान का ताला तोड़ चोरों चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने लगभग 12 लाख की संपति पर हाथ साफ किया है। पीड़ित की ओर से थाना शिकायत दर्ज कराई गई है। इसमें कहा गया है कि मकान के प्रथम मंजिल पर स्थित कमरा का ताला तोड़ चोरों ने आलमीरा में रखे सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है। करीब लगभग 12 लाख रुपए से अधिक मूल्य का है। अगमकुआं थाना की पुलिस ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। चोरी की बढ़ती घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

### मारपीट में पांच गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। बहादुरपुर थाना की पुलिस ने मारपीट व हत्या प्रयास के दर्ज मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि हिमांशु हरि, अमित यादव, कुमार रजनीश और कृष्णा पटेल को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार चारों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। अगमकुआं थाना की पुलिस ने मारपीट के वारंटी पहाड़ी निवासी पिंटू कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी को पूछताछ के बाद जेल भेजा गया है।

### रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया



पटना/हाजीपुर । मुख्यालय, हाजीपुर में 03 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया । महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं ।

# कोलकाता की घटना के विरोध में पटना एम्स के डॉक्टर्स हड़ताल पर, केवल इमरजेंसी में कर रहे इलाज

● ओपीडी समेत कई सेवाएं रहेंगी बंद,ऑपरेशन टले, अस्पताल से वापस लौटे मरीज

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। कोलकाता के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पीजी छात्रा के साथ हुए रेप और हत्या के विरोध में देशव्यापी अभियान के तहत पटना एम्स के जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को हड़ताल शुरू कर दी. हालांकि, इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेंगी। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन, जो एम्स पटना के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया था , ाफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विरोध प्रदर्शन सुबह 8 बजे से शुरू हुआ, जिसमें वैकल्पिक ओपीडी सेवाओं को निलंबित किया गया, और उसके बाद परिसर में एक शांतिपूर्ण मार्च निकाला गया। मेडिकल छात्रों, रेजिडेंट्स और अढरअ सदस्यों ने गाने गाकर, नारे लगाकर, और स्किट्स प्रस्तुत करके एकजुटता व्यक्त की. साथ ही काले रिबन भी वितरित किए गए। दोपहर 3 बजे, निदेशक ने एमएसवीपी , डीडीए , और डीन के साथ सभा को संबोधित किया। उन्होंने उद्देश्य का समर्थन किया और आपातकालीन और ट्रॉमा सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया। जिससे पूरे देश में एम्स पटना की एकजुटता का एक मजबूत संदेश गया। कोलकाता उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार फ्ळ्ळ्अफ्टळ्ल मामले को उइक को स्थानांतरित करना एक सकारात्मक कदम है। अतिरिक्त, नेशनल मेडिकल कमीशन की हालिया एडवाइजरी का स्वागत करते हैं, जो 13 अगस्त 2024 को जारी की गई थी। इस एडवाइजरी में सभी मेडिकल कॉलेजों को संकाय, छात्रों, और रेजिडेंट्स के लिए सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए नीति विकसित करने का आग्रह किया गया है। एडवाइजरी में व्यापक सुरक्षा उपायों की आवश्यकता पर बल दिया गया है, जिसमें पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, और किसी भी हिंसा की घटनाओं की तुरंत जांच शामिल है। हम इस एडवाइजरी का स्वागत करते हैं और इसे स्वास्थ्यकर्मियों के अधिकारों और सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानते हैं। म केंद्रीय सुरक्षा अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे, जिससे देशभर के स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। घटनाक्रमों पर ऋहफ्ळ्ळ और ऋहफ्ट्अ की प्रेस विज्ञप्तियों का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रात 10 बजे, योजना को अंतिम रूप देने के लिए, एक बैठक किया गया। सभी रेजिडेंट्स और अढरअ सदस्यों से इसमें शामिल हुए। हड़ताल जारी रहेगी, जिसमें सभी वैकल्पिक सेवाएं निलंबित रहेंगी। सभी को सुबह 8:अबे ओपीडी प्रवेश पर फिर से एकत्र होने का सुनिश्चित किया गया है। ताकि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन जारी रख सकें। सभी रेजिडेंट्स और अढरअ सदस्यों के सफल प्रदर्शन में उनके अटूट समर्थन और सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद किया गया।

## बिहार को विशेष राज्य की दर्जा दिलाने के लिए दलीय राजनीति से उपर उठना होगा : डॉ आशुतोष




प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी बिहार को बदहाली और विशेष राज्य की दर्जा की मांग को पटना जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी द्वारा सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पटना जिला ग्रामीण1 कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चंदन कुमार ने बिहार की एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा, उन्होंने बिहार की बदहाली को लेकर सत्ता पक्ष के नेताओं को घेरा वहीं उन्होंने सरकार से बिहार की बदहाली को दूर करने एवं बिहार को विशेष राज्य की मांग को बुलंद करने की अपील की। वहीं मुख्य वक्ता पटना जिला कांग्रेस कमिटी ग्रामीण 1 के प्रभारी डॉ आशुतोष शर्मा ने बताया कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने के लिए दलीय राजनीति से हमें ऊपर उठना होगा। बिहार के सभी दलों को एक साथ खड़ा होना होगा चाहे वह पक्ष हो या विपक्ष हो। हमारे बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने भी इस प्रश्न को सदन में उठाया है, अब सड़कों पर आने की बारी है। वहीं पूर्व विधायक अनिल कुमार ने बताया की कांग्रेस पार्टी बिहार में इसके लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार है हम तीन स्तरीय आंदोलन करेंगे जो प्रखंड से लेकर राज्य तक का होगा। मौके पर बिक्रम प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सरोज कुमार उर्फ विश्वकर्मा, नौबतपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजू कुमार, नितीश कुमार,रामनाथ पासवान आदि मौजूद थे।

## आरपीएम कॉलेज की छात्रों ने जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया का किया शैक्षणिक दौरा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आरपीएम कॉलेज के जूलॉजी विभाग द्वारा छात्राओं ने मंगलवार को जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, बिहार का शैक्षणिक दौरा किया।महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोडॉ पूनम ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से छात्राओं का मनोबल बढ़ता है। यह दौरा छात्राओं के लिए जीव-जंतु और वन्य जीव विविधता को गहराई से समझने का एक अनूठा अवसर साबित होगा। प्राचार्या के संबोधित करने के बाद छात्राओं को भ्रमण के लिए रवाना किया गया। महाविद्यालय की छात्राएं जूलॉजी सर्वे ऑफ इंडिया संस्थान में जाकर वहां के म्यूजियम में विभिन्न जीव- जंतु एवं कीड़े- मकोड़े का सर्वेक्षण किया। संस्थान के ऑफिसर इंचार्ज डॉ अनिल कुमार एवं साइंटिस्ट डॉ एमई हसन ने पावर प्वाइंट के माध्यम से माइग्रेटिव बर्ड एवं इनसेक्ट पर विस्तार से पर चर्चा किया, जिससे छात्राएं काफी लाभान्वित हुईं। इस शैक्षणिक दौरे ने छात्राओं को न केवल उनके पाठ्यक्रम के ज्ञान को व्यावहारिक रूप से समझने का मौका दिया, बल्कि उनमें पर्यावरण और वन्य जीव संरक्षण के प्रति जागरुकता भी बढ़ाई। दौरे के अंत में, छात्राओं ने इस अनुभव को अत्यंत शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक बताया, जो उनके अकादमिक और व्यक्तिगत विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। विज्ञान संकाय की समन्वयक डॉ ईना बहन, जूलॉजी के शिक्षक प्रशांत कुमार और गणित के शिक्षक रविंद्र कुमार के द्वारा छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया।

## पीजी व इंटर्न छात्रों ने वाहन पार्किंग वह स्ट्रीट लाइट व अन्य मुद्दों को रखा



● ऑडिटोरियम के उत्तरी छोर में टू व्हीलर पार्किंग, मिलेगा टोकन, स्ट्रीट लाइट को अजीमाबाद अंचल के ईओ से बात

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को अधीक्षक कार्यालय में आकर सुपरिटेंडेंट डॉ बिनोद कुमार सिंह से मिला और परिसर के छात्रावास में रह रहे पीजी व इंटर्न छात्रों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराने का काम किया। खासकर दो पहिया वाहनों की चोरी के अलावा छात्रावास की ओर बाहर और परिसर में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट के अभाव से अवगत कराया गया। कहा गया कि परिसर में भी पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाए, ताकि किसी के भी साथ किसी तरह की कोई अनहोनी घटना न होने पाए। मौके पर मौजूद उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने भी समस्याओं को सुना। छात्र चिकित्सकों की बातों को सुनने के बाद अधीक्षक और उपाधीक्षक ने आपस में विमर्श किया गया। इस बीच अस्पताल प्रबंधक प्रणय कुमार को बुलाया गया इसमें तय हुआ कि ऑडिटोरियम के पूर्व की ओर जो खुला परिसर है उसी के उत्तर की ओर दो पहिया वाहनों का पार्किंग कराया जाएगा वहां गार्ड की व्यवस्था की जाएगी आने वाले मरीज उनके परिजन चिकित्सक सभी दोपहिया वाहनों का पार्किंग वहीं करेंगे वाहन पार्क करने वाले को वहां से एक टोकन दिया जाएगा उसे टोकन के आधार पर ही वहां को लेकर निकल सकेंगे यदि गलती से भी टोकन खो जाता है तब पुलिसिया प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही वाहन को सौप जाएगा वही चिकित्सा छात्रों के द्वारा कहा गया कि डंका इमली नहर नुमा नल की ओर से पूरब की ओर काली मंदिर और काली मंदिर से दक्षिण अगम कुआं आरोपी के उत्तरी अप्रोच तक नगर निगम के द्वारा स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं की गई है इस संबंध में उपाधीक्षक डॉक्टर सरोज ने पटना नगर निगम के अजीमाबाद अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी से बात की और उन्हें उक्त मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की सुविधा जल्द बहाल करने की बात कही। वही कहा गया कि अस्पताल परिसर में प्रवेश करने के साथ ही इमरजेंसी की ओर घूमने के दौरान भी पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं है इस पर अधीक्षक ने अस्पताल प्रबंधन और संबंधित किरानी को तुरंत पत्र लिखकर इसे दुरुस्त कराने का आदेश दिया।

## भाजपा आयुष विभाग ने किया तिरंगा वितरण यात्रा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा बिहार प्रदेश आयुष विभाग द्वारा तिरंगा वितरण यात्रा मंगलवार को निकाला गया। प्रदेश संयोजक डॉक्टर अजय प्रकाश के नेतृत्व में प्रदेश पदाधिकारी एवं समाजसेवियों ने खाजेकलां और मच्छरहट्टा में जनमानस के बीच घर व प्रतिष्ठान पर जाकर तिरंगा वितरित किया। संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि जाति एवं धर्म से ऊपर उठ कर हमें राष्ट्रवाद की भावना के दृष्टिगत जीवन यापन एवं कार्य करना चाहिए। अपने घर पर 15 अगस्त को तिरंगा झंडा फहराना राष्ट्र भक्ति की भावना को विकसित करेगा, जो देश के विकास के लिए अति आवश्यक है। डॉ अजय ने सभी से आह्वान किया की स्वतंत्रता दिवस को सभी अपने घर पर तिरंगा फहराएं। भाजपा आयुष विभाग द्वारा प्रतिदिन राज्य में तिरंगा वितरण यात्रा आयोजित की जा रही है। यात्रा में प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी विकास मौड़ीवाल, डॉ टीपी गोलवारा, बाबा विवेक द्विवेदी, भगवती प्रसाद मोदी, डॉ पप्पू कुमार, डॉ कुमार अंजनेयम, डॉ टीएल मौर्य, जितेंद्र कुमार, अधिवक्ता अरुण कुमार मिश्रा, आकाश रजक, अनिल जेतली, पूर्व पार्षद स्मिता रानी, उषा सिंह, सुधीर कुमार कसेरा, संतोष कुमार सोनू, मनीष कुमार, अमित कुमार, अशोक कुमार गुप्ता , विकास बैद्य, बबीता देवी आदि द्वारा शामिल होकर तिरंगा वितरित किया गया।

# जेडीए ने दूसरे दिन भी कार्य से रखा अलग, ओपीडी व ऑपरेशन बाधित

### सेंट्रल इमरजेंसी के पास कुर्सी पर जमे, धरना दे किया नारेबाजी



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

फेडरेशन ऑफ आल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के आह्वान पर जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन की एनएमसीएच इकाई की ओर से लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी कार्य बहिष्कार किया गया। इस दौरान सेंट्रल रजिस्ट्रेशन काउंटर से ओपीडी के लिए एक भी पर्चा नहीं बन पाया। ओपीडी सेवा बुरी तरह प्रभावित रही। लगातार दूसरे दिन भी ऑपरेशन नहीं हो पाया। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अंकेश रंजन, आरुषि कुमार, अजीत कुमार, स्वप्निल प्रकाश, अजीत कुमार यादव, विवेक कुमार, अभिषेक शर्मा, आदित्य राज, अमित कुमार, प्रतिमा कुमारी, श्रेया, हर्षिता, बबीता, अब्दुल रहमान, रिचा, राहुल शर्मा, मनीष बनर्जी, अभिषेक रॉय आदि धरना पर बैठे हुए थे। उन सबों का कहना था कि नौ अगस्त को कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज में घटित अपराध पर शोक और गुस्से का इजहार कर रहे हैं। एक युवा महिला, जो पीजी सेकेंड ईयर की डॉक्टर के साथ अस्पताल परिसर के अंदर हुए दुष्कर्म और हत्या ने चिकित्सा जगत को हिला दिया है। यही कारण है कि वह सभी फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन (फोरडा) के आह्वान पर अपने को कार्य से अलग रखे हुए हैं। हालांकि इस दौरान इन सबों ने आपात सेवा को छोड़ रखा है। वैसे इंडोर में भर्ती मरीजों का ऑपरेशन नहीं हो पा रहा है। सीनियर डॉक्टर भी दिन भर में एक राउंड मार कर मरीजों का हाल ले रहे हैं, मगर जूनियर डॉक्टर पूर्व की तरह 24 घंटे उनकी देखरेख नहीं कर पा रहे हैं। मंगलवार को सुबह में ही रजिस्ट्रेशन काउंटर नहीं खुला। यहां से महज आपात सेवा के लिए ही पर्चा बनने का काम हो पाया। वहीं आउटडोर में भी मरीज को चिकित्सीय लाभ नहीं मिला। इसके पूर्व सोमवार को भी करीब पांच -छह सौ मरीज का पर्चा नया-पुराना मिल कर बना था, मगर उन लोगों को भी चिकित्सकीय लाभ नहीं मिल पाया था। मंगलवार को एक भी पर्चा नया नहीं बना और पुराने का नवीकरण नहीं होने के कारण ओपीडी सेवा का लाभ लेने से वह सब वंचित रह गए। दूसरी ओर सेंट्रल ऑपरेशन थिएटर में सोमवार को डॉक्टर पीडी वर्मा के द्वारा पांच मरीजों की सर्जरी होनी थी, जो नहीं हो पाई। इसी तरीके से मंगलवार को भी डॉक्टर एम अहसन मनोव्वर के द्वारा 16 सर्जरी ऑपरेशन होना था, जो की टल गया। इसी तरीके से ऑर्थो व ईएनटी में भी दो दिनों से ऑपरेशन मरीजों का नहीं हो पा रहा है। जेडीए की मुख्य मांगों में पीड़िता के लिए त्वरित न्याय, जांच व न्यायिक प्रक्रिया का सही रूप से संचालन, जिम्मेवार की गिरफ्तारी, चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करना, महिला, डॉक्टर, नर्स, मेडिकल छात्रों के लिए विशेष सुरक्षा व परिवहन की व्यवस्था, कार्य स्थल पर हिंसा के लिए सहनशीलता, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य देखभाल करने वाले पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, पीड़िता परिवार के लिए समर्थन, वित्तीय मदद, परामर्श, कानूनी सहायता और प्रदर्शन कर रहे छात्रों की सुरक्षा है। वह सब फोरडा के द्वारा शुरू किए गए आंदोलन का अनुपालन करते हुए संघर्ष कर रहे हैं। हालांकि जेडीए के पदाधिकारियों का कहना था कि वह सब आपात सेवा सुचारु ढंग से चला रहे हैं और चलने दे रहे हैं। वहां मरीजों का इलाज और ऑपरेशन भी हो रहा है। इस संबंध में जब अस्पताल के अधीक्षक डॉ बिनोद कुमार सिंह से बात की गई, तो उनका कहना था कि जेडीए के द्वारा कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय स्तर पर घोषित आंदोलन का हिस्सा है। सबों की सुरक्षा के लिए किया जा रहा है। जो घटना कोलकाता में पीजी छात्रा के साथ घटित हुई है, वह घृणित है। दूसरे वर्ष की पीजी छात्रा का रेप के बाद हत्या परिसर में ही किया गया। अब तक किसी दोषी पर कार्रवाई नहीं हो पाई है। इस कारण से डॉक्टर, इंटर्न, पीजी, सीनियर रेजिडेंट, एचओडी सबों में गुस्सा है। सरकार को कड़ा कदम उठाना होगा। हालांकि दो दिनों से ओपीडी सेवा बंद है। ऑपरेशन भी नहीं हो पाया है। मगर आपात सेवा में आने वाले ऑपरेशन योग्य मरीजों का ऑपरेशन हुआ है। सवाल है कि जब चिकित्सक ही सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो वह मरीज का इलाज कैसे करेंगे। वह भी पीजी छात्रा के साथ ऑन ड्यूटी घटना हुई है। अधीक्षक डॉ बिनोद ने स्पष्ट तौर पर कहा दो दिनों से ओपीडी सेवा बाधित रहने के कारण यहां करीब पांच हजार मरीज चिकित्सकीय सलाह लेने से वंचित रह गए हैं।

# सिटी बार एसोसिएशन के चुनाव को ले जनसंपर्क तेज, 16 को मतदान

### जातीय व गुटीय स्तर पर भी विभिन्न पदों के लिए पक्ष में करने को जी-तोड़ कोशिश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पटना सिटी बार एसोसिएशन के 26 पदों के लिए 71 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मतदान 16 अगस्त को पूर्वाह्न नौ बजे से अपराह्न चार बजे तक होना है। वोटों की गिनती का काम 17 अगस्त को सुबह नौ बजे से शुरू होगा। मुख्य चुनाव पदाधिकारी दिलीप कुमार झा, सहायक आरओ कंचन कुमार, राकेश कुमार सिंह एवं संजय कुमार ने बताया कि मतदान को लेकर सारी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। बैलेट पेपर भी समय से छप कर आ जाएगा। इस बार चुनावी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए एसडीओ एवं एसडीपीओ-1 को भी पत्र देकर विधि-व्यवस्था संधारण में सहयोग की मांग की गई है। बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष के एक, उपाध्यक्ष के तीन, महासचिव के एक, सहायक सचिव और संयुक्त सचिव के तीन-तीन, कोषाध्यक्ष के एक और ऑडिटर के दो पदों के लिए चुनाव होना है। इसके अलावा कार्यसमिति के 12 सदस्यों का चुनाव होना है, जिसमें वरीय के पांच पद शामिल हैं। चुनाव को लेकर विभिन्न पदों के प्रत्याशियों के द्वारा अधिवक्ताओं के बीच लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है। कहीं जातीय, तो कहीं गुटीय गोलबंदी हो रही है। कहीं अपने पद के समर्थन में दूसरे पद के खड़े प्रत्याशी को समर्थन देने की बातें की जा रही हैं। विभिन्न पदों के प्रत्याशी न केवल पटना सिटी व्यवहार न्यायालय परिसर में, बल्कि खास-खास अधिवक्ताओं के घरों पर भी जाकर बैठक कर और व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी अपनी जीत सुनिश्चित करने में लगे हैं। कहीं-कहीं तो पार्टी का दौर भी चल रहा है और उसमें अधिवक्ताओं का जुटान भी हो रहा है। इसमें अधिवक्ता प्रत्याशी अपनी बात को रखकर समर्थन देने और काम करने का भरोसा भी दे रहे हैं। ऐसे में इस बार का चुनाव खासा दिलचस्प हो गया है। इस बार चुनाव मैदान में नए चेहरे भी सामने आए हैं। अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा अपना पद बचाने में आगे चल रहे हैं। मगर उन्हें अजय शंकर लाल जमुआर और शशि शंकर सिंह भी टक्कर दे रहे हैं। उपाध्यक्ष के सात प्रत्याशियों के बीच अजय कुमार साह, मधु कुमारी, प्रमोद कुमार गुप्ता, सैयद फैजुल होदा, गोपाल प्रसाद शर्मा और विजय प्रसाद भी वकीलों के बीच अपने साथ वोटों के जुगाड़ में लगे हैं। महासचिव के एक पद के लिए आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस बार अशोक कुमार के साथ रंजीत कुमार बिमल, चंदेश्वर प्रसाद और पिछली बार भी चुनाव लड़ चुके दीपक कुमार गुप्ता भी चुनाव मैदान में मजबूती से पांव जमाए हुए हैं। संयुक्त सचिव के तीन पद के लिए नौ प्रत्याशी में राजीव रंजन-1, विजय कुमार शर्मा, गोविंद कनोडिया, सिकंदर, शिवनारायण तिवारी, संजीव आनंद भी अधिवक्ता वोटरों के बीच लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। सहायक सचिव के भी तीन पद के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसमें शिवपूजन सिंह, राजकिशोर पंडित, कुमार नीरज, अजय कुमार, मुकेश रंजन, प्रेमलता कुमारी भी अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए अधिवक्ताओं के साथ लगातार जनसंपर्क में बने हैं। कोषाध्यक्ष के एक पद के लिए तीन प्रत्याशी में अब तक अजीत कुमार वर्मा और प्रवीण कुमार के बीच सीधी टक्कर दिख रही है, मगर मो मुजफ्फर अली भी नूरा कुश्ती में बने रहने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। ऑडिटर के दो पद के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन पांच प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। फिलहाल इनमें देवानंद तिवारी, कुमारी नीलम व ब्रह्मदेव कुमार मेहता अपने पद के लिए मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं, तो गिरीश शंकर और राकेश कुमार पांडेय भी होड़ में बने हैं। कार्यसमिति के 12 पद के लिए सामान्य के सात पदों के लिए 15 और वरीय कार्यसमिति के पांच सदस्यों के लिए नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह कर वोटों की गोलबंदी और जुगाड़ करने में लगे हैं।

## राष्ट्रत्व जगाने को पटना साहिब विस क्षेत्र में निकाला तिरंगा यात्रा

पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता

हर घर तिरंगा झंडा अभियान के तहत पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा शहीद भगत सिंह चौक में सरदार भगत सिंह जी मूर्ति एवं प्रांगण में साफ-सफाई की गई। इसके उपरांत उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। भारतीय जनता पार्टी पटना महानगर के मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश के युवाओं में राष्ट्रत्व की भावना पैदा करने के लिए हर घर तिरंगा झंडा अभियान का आह्वान किया है। इसी के तहत भाजपा द्वारा देश के शहीदों का नमन और घर-घर तिरंगा झंडा अभियान को कार्यान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पटना महानगर किसान मोर्चा के अध्यक्ष सुजीत कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश भर में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के लिए शहीद होने वाले महापुरुषों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करना और युवाओं में देशभक्ति का जज्बा पैदा करना है। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव यादव, पटना महानगर भाजपा के महामंत्री विनय केसरी, उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, उत्तम मालाकार, नवल किशोर सिन्हा, विनय कुमार बिद्धु, रविंद्र सिंह, नीरज मिश्रा, सीताराम महतो आदि ने भाग लिया।

## हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए गर्व से अपने घरों पर लगाए तिरंगा : रामकृपाल यादव

प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम : भाजयुमो पटना जिला ग्रामीण की ओर से सोमवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया` यात्रा कारगिल चौक दानापूर से होते हुए सगुना मोड़ा के रास्ते एम्स गोलम्बर होते हुए नौबतपुर के रास्ते करीब 35 किमी की दूरी तय कर बिक्रम शहीद चौक पहुंचा` यात्रा का जिसका नेतृत्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष दिपक सिंह कुशवाहा ने किया । भाजपा पटना ग्रामीण अध्यक्ष धमेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित यात्रा बिक्रम शहीद चौक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सम्पन्न हुआ` वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केन्द्रिय मंत्री रामकृपाल यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर लोगों से हर घर में तिरंगा झंडा लगाने की अपील की ` वहीं पूर्व विधायक राम जन्म शर्मा ने भाजयुमो कार्यकताओं की हौसला अफजाई करते हुए हर गांव में जाकर तिरंगा लगाने को प्रेरित किया। वहीं विधायक सिद्धार्थ सौरम ने कहा युवा ही देश की शक्ति होती है भाजपा के कार्यकर्त्ता गॉव गॉव में घुम कर सरकार की योजनाओ को बतायें` अनामिक सिंह, आशुतोष कुमार, अभिशेख रंजन मोन्टी, सुदीप कुमार, अजीत यादव, संजय यादव, सूर्य नाराण सिन्हा, मुन्ना कुमार, भाष्कर सिंह राजू सिंह, सिन्दु कुमार, अमर यादव व पिन्टु कुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित थे ।

# बरसात में भी विभागीय पथों के अनुरक्षण का कार्य सुनिश्चित किया जाये : विजय

## किसी भी परिस्थिति में जल-जमाव मुक्त रखा जाये

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




राज्य में कई इलाकों में भारी वर्षा और बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सुगम यातायात बहाल रखने हेतु विभागीय पदाधिकारियों को कई निर्देश दिये हैं। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि अभियंताओं को निदेशित किया गया है कि किसी भी स्थिति में विभागीय पथों पर जल-जमाव की समस्या उत्पन्न न हो, इसे सुनिश्चित किया जाय। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने यह भी बताया कि भारी वर्षा की स्थिति में विभागीय पथों के फ्लैंक में कटाव न हो, इसकी नियमित रूप से देख-भाल की जाय। विभागीय पथों पर अवस्थित मैन होल के ढक्कन अवश्य बंद रहे ताकि किसी प्रकार की दूर्घटना की संभावना न रहे। अभियंताओं को अपने क्षेत्राधीन इसे सुनिश्चित करने का भी निदेश दिया गया है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि अतिवृष्टि की स्थिति में पथों के क्षतिग्रस्त होने की प्रबल संभावना रहती है, क्षतिग्रस्त पथों की त्वरित मरम्मति हेतु विभाग स्तर पर अनुरक्षण हेतु गठित कन्ट्रोल एण्ड कमाण्ड केन्द्र इसकी सतत निगरानी सुनिश्चित करे। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि राज्य के आम जनमानस को किसी भी परिस्थिति में सुगम यातायात उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। राज्य के सीमित संसाधन से कार्य किये जा रहे हैं।

# कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने के बाद मरीजों के फॉलो-अप पर विशेष ध्यान : मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार के साथ-साथ जानलेवा रोगों के उन्मूलन की दिशा में भी सतत प्रयत्नशील है। बिहार ने वर्ष 2022 में ही कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल कर इसे चरितार्थ भी किया है। कालाजार उन्मूलन की स्थिति को बरकरार रखने के लिए प्रतिवेदित कालाजार मरीजों के फॉलो-अप की अहम भूमिका होती है। इस दिशा में राज्य के सारण जिले में प्रभावी तरीके से पांच सालों में प्रतिवेदित कालाजार मरीजों का फॉलो-अप किया गया है। इसे एक बेहतर मानक बनाते हुए प्रदेश में पांच सालों में प्रतिवेदित कालाजार मरीजों के प्रभावी फॉलो-अप करने के निर्देश दिए गए हैं।

श्री पांडेय ने कहा कि कालाजार मरीजों के फॉलो-अप करने से संभावित पीकेडीएल (पोस्ट कालाजार डर्मल लीशमैनियासिस) मरीजों की पहचान आसान से हो जाएगी। साथ ही फॉलो-अप के उपरान्त चिन्हित पीकेडीएल मरीजों को ससमय गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सेवा प्रदान की जा सकेगी। इससे भविष्य में होने वाले रोग के प्रसार को रोका जा सकेगा। श्री पांडेय ने कहा कि कालाजार मरीजों के निरंतर फॉलो-अप के लिए, इस रोग के नियंत्रण से जुड़े पदाधिकारी अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कालाजार मरीजों का फॉलोअप करेंगे। इसके लिए वे अपने साथ विगत पांच वर्षों के कालाजार मरीजों की लाइन-लिस्ट को अपने साथ रख कर उस क्षेत्र के प्रतिवेदित कालाजार मरीजों का फॉलो-अप करेंगे। फॉलो-अप के दौरान पीकेडीएल के संभावित मरीजों की पहचान होने पर उन्हें अविलम्ब जांच के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया जाएगा।

# मोदी सरकार कृषि क्षेत्र के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : अरविन्द

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि मोदी सरकार कृषि क्षेत्र एवं किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृषि क्षेत्र के आवर्धन के लिए फसलों की 109 उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-प्रतिबलित किस्में जारी की हैं। यह नई किस्में अत्यधिक लाभकारी होंगी क्योंकि इनसे किसानों का व्यय कम होगा और पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मोदी सरकार ने फसलों की 109 उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-प्रतिबलित किस्मों को जारी किया हैं इसमें 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 प्रक्षेत्र फसलें हैं और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। श्री अरविन्द ने कहा कि प्रक्षेत्र फसलों में मोटे अनाज, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, रेशा और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए गए हैं। बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, रोपण फसलों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में जारी की गई हैं। वहीं किसानों को प्राकृतिक खेती की दिशा में बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। मोदी सरकार क्योंकि लोग पौष्टिक भोजन की ओर बढ़ रहे हैं। प्राकृतिक खेती के लाभों और जैविक खेती के प्रति आम लोगों के विश्वास बढ़ता जा रहा है, और ये नई किस्में सभी लोगों, किसानों और पर्यावरण के लिए अत्यधिक लाभकारी हैं।

# सतत जीविकोपार्जन के तहत उपलब्ध कराया जा रहा रोजगार : मंत्री



● ग्रामीण विकास मंत्री ने आस्ट्रेलियन काउंसल जनरल को पुष्प गुच्छ देकर किया स्वागत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास मंत्री ने अपने कार्यालय कक्ष में अस्ट्रेलियन काउंसल जनरल कोलकता मिस्टर हथ वॉयलन का प्राचीन नालन्दा विश्वविद्यालय के मोमेंटो, चादर एवं पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत करते हुए औपचारिक मुलाकात किया एवं अपने विभाग से संचालित विभागीय योजनाओं यथा- मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण), मुख्यमंत्री सहायता योजना, मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय योजना, जीविका, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान सहित कई योजनाओं पर विस्तृत विचार विमर्श करते हुए बिहार में गरीबी उन्मूलन हेतु सरकार के तरफ से किये जा रहे सार्थक प्रयास पर विशेष जानकारी दिया। उक्त भेंट वार्ता में ग्रामीण विकास विभाग के कई विभागीय पदाधिकारी भी शामिल रहे। मंत्री ने उक्त भेट-वार्ता में उन्हें जानकारी देते हुए कहा कि बिहार सरकार की प्राथमिकता गांवों का विकास और गरीबों के लिए जीवन की तीन मूल भूत आवश्यकताओं- रोटी, कपड़ा और मकान की पूर्ति हेतु उन्हें सुविधा एवं संसाधन उपलब्ध कराना है। इसके लिए उन्होंने कहा कि आवास विहीन गरीब पात्र परिवारों को चरणबद्ध रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत छतदार आवास निर्माण कराना तथा वस्त्र एवं भोजन के लिए उसे रोजगार उपलब्ध कराने के अवसर प्रदान करने की जो जवाबदेही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनके कंधे पर दिया है, उस लक्ष्य को हासिल करने में वे सदा तत्पर हैं। पूर्व से आवंटित इंदिरा आवास के अधूरे निर्माण को मुख्यमंत्री आवास सहायता योजना से पूर्ण कराया जा रहा है।

मंत्री ने आगे बताया कि जीविका के माध्यम से ग्रामीण युवाओं के कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए उन्हें स्व-रोजगार के लिए तैयार कर रोजगार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही सतत जीविकोपार्जन के तहत रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

# विशेष राज्य के दर्जे की मांग को लेकर कांग्रेस का धरना


पटना, प्रात : किरण संवाददाता



विशेष राज्य के दर्जे की मांग को लेकर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह द्वारा घोषित पूर्व कार्यक्रमों के तहत प्रदेश के प्रखंड कांग्रेस कमिटियों के द्वारा प्रखंड मुख्यालयों पर प्रथम दिन धरना कार्यक्रम की मंगलवार से शुरूआत हो गई। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि राज्य के नैसर्गिक हक को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी राजनीतिक सत्ता लोलुपता के कारण गिरवी रख दिया। प्रदेश के लिए विशेष राज्य का दर्जा मिलना समय की जरूरत है। बिहार के उद्योग, कल कारखाने, रोजगार के पुनर्स्थापना और राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य को विशेष दर्जे की जरूरत है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने लगातार सक्षम मंचों से बिहार के हक की बात उठाई है और आने वाले समय में हम इसे और व्यापक आंदोलन की शक्ल में प्रखंडों से जिला मुख्यालयों और फिर प्रदेश मुख्यालय तक आंदोलन को प्रतिबद्ध हैं। राज्य के विकास के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी तरीके से समर्पित है और हम लगातार राज्य के विकास को लेकर कई मुद्दों पर संघर्षशील हैं। आज के धरना कार्यक्रम के बाबत बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि भारी वर्षा और प्रतिकूल मौसम के बाद भी प्रथम दिन प्रदेश के प्रखंड मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की शुरूआत हो गई।

# विकास कार्य के लिए एनडीए सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री

## नगर निगम क्षेत्र की सड़कों के लिए 120 करोड़ की राशि स्वीकृत



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर द्वारा 120 करोड़ की राशि की स्वीकृति दी के छह अंचलों की सड़कों का पुनर्निर्माण नमामि गंगे योजना, नल जल योजना समेत के क्षतिग्रस्त होने पर उनके पुनर्निर्माण तहत राशि की स्वीकृति मिली है। वहीं, ने कहा कि बिहार के विकास में कभी भी पटना नगर निगम, पटना शहर का स्थानीय नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन गई है। इस राशि द्वारा पटना नगर निगम क्षेत्र कार्य किया जाएगा। गौरतलब है कि अन्य योजना के कार्यों के दौरान सड़कों के लिए 12 अलग-अलग योजनाओं के इस पैकेज को लेकर मंत्री नितिन नवीन राशि बाधा नहीं बनेगी। उन्होंने बताया कि नगर निकाय है। पटना नगर निगम कुल 109.218 क्षेत्रफल में फैला हुआ है। वर्तमान में इसकी आबादी लगभग 26 लाख है। इसके अलावा पटना नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न कारणों से प्रतिदिन आठ से नौ लाख बाहरी लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में शहरी क्षेत्र और इसके इर्द-गिर्द रहने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए विगत वर्षों से विभिन्न एजेंसियों द्वारा विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इन सभी कार्यों के क्रियान्वयन के दौरान बड़े स्तर पर पथों की खुदाई की गई और वर्तमान में भी पथों की खुदाई की जा रही है। उसके बाद कार्य पूर्ण होने के बाद उन पथों के पुनर्स्थापन के लिए विभाग द्वारा कुल 120 करोड़ की राशि की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि इस पैकेज के तहत अजिमाबाद अंचल, नूतन राजधानी अंचल, बांकीपुर अंचल, पाटलिपुत्र अंचल, कंकड़बाग अंचल और पटना सिटी अंचल में विकास कार्यों को करने के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है। बिहार में लगातार हो रहे विकास कार्य को लेकर मंत्री ने कहा कि बिहार के विकास में राशि कभी बाधा उत्पन्न नहीं करेगी। विकास कार्य के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

# राजद सुप्रीमो व तेजस्वी ने कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव व नेता प्रपितक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर सरकार को घेरा है। राजद सुप्रीमो ने अपने खास अंदाज में सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को निशाने पर लिया है। इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा है कि बिहार में अपराध से मची चीख-पुकार, ऐसा है बिहार में भाजपा-जदयू का चौपट राज। लालू यादव द्वारा पोस्ट किए गए इस वीडियो में पिछले कुछ दिनों में राज्य में हुई आपराधिक घटनाओं का ब्यौरा दिया गया है।

तेजस्वी यादव ने भी सरकार पर कसा तंज

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर जोरदार प्रहार किया है। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा कि बिहार में अपराधियों की बहार है। शासन-प्रशासन रिश्वतखोरी, लूट और भ्रष्टाचार में मस्त और व्यस्त है। राज्य में सत्ता संरक्षित अपराधी लूट, दुष्कर्म व निर्दोष लोगों की हत्या करने में मदमस्त है। इसके साथ ही तेजस्वी यादव ने पिछले कुछ दिनों में राज्य में हुई गंभीर आपराधिक घटनाओं की सूची भी जारी की है। इसमें बेतिया, मुजफ्फरपुर, छपरा, भागलपुर, गया, कैमूर, अररिया, मोतिहारी, सहरसा, कटिहार, बेगूसराय, भोजपुर, नवादा, सीतामढ़ी, मुंगेर, पटना जिलों में हुई आपराधिक घटनाएं, कमला गंगा इंटरसिटी में डकैती, कई यात्रियों से लूटपाट भी शामिल है। उन्होंने कुल 42 आपराधिक घटनाओं की सूची जारी की है।

# बिहार के लोग झूठे आंकड़ों से भ्रमित होने वाले नहीं : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने तेजस्वी यादव पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव चाहे, जितने झूठे आंकड़े दिखाएं उन्हें जंगल राज के आतंक से मुक्ति नहीं मिलेगी। उनके माता-पिता ने बिहार में जो जंगलराज कायम किया था, उसे लोग अभी तक नहीं भूले हैं। श्री मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तेजस्वी यादव अपराध के झूठे आंकड़े दिखाकर लोगों को भ्रमित करना चाहते हैं, लेकिन बिहार के लोग झूठे आंकड़ों से भ्रमित होने वाले नहीं हैं, वे असलियत जानते हैं। तेजस्वी अपने माता-पिता के शासनकाल के जंगल राज के कलंक को नहीं धो सकते। श्री मिश्र ने तेजस्वी यादव द्वारा एक्स पोस्ट किये गये आंकड़ों पर तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी चाहें तो इस आंकड़े को और बढ़ा सकते हैं। कई लोग किसी कार्यक्रम में शामिल होने गये होंगे, तो उनके चप्पल-जूते चोरी हुए होंगे। बस और ट्रेन पर सफर करने के क्रम में पॉकेट भी मार लिये गये होंगे। जब जंगल राज का युवराज इस तरह के आंकड़े पेश करता है, तो स्थिति हास्यास्पद बन जाती है। यदि जंगल राज की आपराधिक घटनाओं को सूचीबद्ध किया जाएगा, तो कागज कम पड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि तेजस्वी जी शायद नहीं, जानते कि जिसका मकान कांच का बना होता है, वह दूसरे के कंक्रीट से बने मकान पर पत्थर नहीं फेंकता। क्योंकि कंक्रीट से बने मकान को पत्थर तो कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा, लेकिन कांच का मकान धराशाई हो जायेगा। तेजस्वी जी कुछ बोलने के पहले अपने गिरेबान में झांक लें। बिहार में सुशासन है और कोई सुनियोजित अपराध नहीं हो रहे। अगर कोई आपराधिक घटना होती है, तो 24 से 48 घंटे में अपराधी पकड़े जाते हैं। अपराधियों में कानून का खौफ है।

# बाघ हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा : अनिल

पटना। अंतर्राष्ट्रीय व्याघ्र दिवस के उपलक्ष्य में बिहार के चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार द्वारा मंगलवार को पटना जीपीओ में विशेष विरूपण का विमोचन किया गया। यह विशेष विरूपण बाघों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जारी किया गया है। इस अवसर पर अनिल कुमार ने बताया, बाघ हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उनका संरक्षण न केवल जैव विविधता को बनाए रखने के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित करता है। इस विशेष विरूपण के माध्यम से हम समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों को बाघों के महत्व को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। हमें गर्व है कि बिहार डाक परिमंडल इस महत्वपूर्ण प्रयास में योगदान दे रहा है। इस अवसर पर पवन कुमार, डाक निदेशक, रंजय कुमार सिंह, मुख्य डाकपाल, पटना जीपीओ, अनिल कुमार, उप मुख्य डाकपाल (प्रशासन), पटना जीपीओ, कुमारी सरिता, उप मुख्य डाकपाल (मेल एवं खजाना), रोबिन चंद्रा, सहायक डाक निदेशक (फिलाटेली), प्रणव मोहन, डाक निरीक्षक (जन शिकायत) पटना जीपीओ सहित पटना जीपीओ के कर्मचारीगण, कई गणमान्य डाक टिकट संग्रहकर्ता, मीडियाकर्मी एवं आमजन उपस्थित रहे। उपस्थित सभी लोगों ने वन्यजीव संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए बाघों के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई एवं इस पहल की सराहना करते हुए बाघों के संरक्षण के लिए सक्रिय रूप से भाग लेने की प्रतिज्ञा की।

# कानून-व्यवस्था की स्थिति पहले से काफी बेहतर : जमा खां

## सवाल उठाने से पहले अपने गिरेबां में झांके राजद नेता




पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश कार्यालय में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खां ने मंगलवार प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुचें आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक पहल की। इस मौके पर प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह, लोकप्रकाश सिंह एवं प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी मौजूद रहे। इस दौरान पत्रकरों से बातचीत करते हुए मंत्री जमा खां ने कहा कि राजद के 15 वर्षों के शासनकाल में सत्ता द्वारा पोषित गुंडों और अपराधियों का तांडव था, प्रदेश की हमारी बहन-बेटियां घर से बाहर निकलने में भी डरती थी। तेजस्वी यादव अपराध के मुद्दे पर नीतीश सरकार की आलोचना करने से पहले अपने माता-पिता का जंगलराज याद कर लें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा जनता के उत्थान और कल्याण के प्रति समर्पित रहते हैं वहीं राजद को केवल अपने परिवार की चिंता है। श्री जमा खां ने कहा कि कानून-व्यवस्था के मामलें में बिहार की स्थिति पहले से काफी बेहतर हुई है लेकिन कुछ असमाजिक तत्व अभी भी अशांति फैलाने की कोशिश में लगे रहते हैं, और हमारी सरकार ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करती है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया की राजद अपना राजनीतिक हित साधने के लिए जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करती है।

# पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

पटना। पृथ्वी पर पर्यावरण बचाने हेतु रोटरी पाटलिपुत्र ने एक सौ पौधा गंगा मेरिन ड्राइव पर लगाया। मौके पर अध्यक्ष स्वाति मोदी ने कहा कि क्लब ने पृथ्वी को संजीवनी देने का संकल्प लिया है। इसी कड़ी में रोटरी पाटलिपुत्र द्वारा इसी माह पांच सौ पौधे और लगाए जाएंगे। रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बिपिन चाचन एवं फर्स्ट लेडी शिल्पी चाचन के द्वारा वृक्षारोपण की शुरूआत की गई। पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन संदीप सराफ एवं समीर झुनझुनवाला तथा सुपर शक्ति के प्रयास से वृक्षा रोपण किया गया। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटेरियन नवीन गुप्ता, विजय जैन, लक्ष्मी अग्रवाल, सुनील छापोलिश, सीमा छापोलिया, वीणा जैन, मधु अग्रवाल, उमेश जैन, अनिल रिटोलिया,अशोक अग्रवाल, अशोक बिदासरिया, बबीता बिदासरिया, रीता जैन, सुबोध जैन, पुष्पा जैन, समीर झुनझुनावाला आदि की सक्रिय भूमिका रही। इस कार्यक्रम में सुपर शक्ति फाउंडेशन से नवीन जी भी उपास्थित थे।

# वीआईपी चुनाव में 33 प्रतिशत अतिपिछड़ों को देगी टिकट : सहनी

## दांगी समुदाय के सैंकड़ों लोग वीआईपी की सदस्यता ग्रहण की

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




विकासशील इंसान पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को दांगी समुदाय के सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी ने सभी पार्टी की सदस्यता दिलायी। मुकेश सहनी ने इस मौके पर पार्टी की ग्रहण करने वाले लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी में आप सभी लोगों के आने से पार्टी और मजबूत होगी। सहनी ने कहा कि कोई भी राजनीतिक पार्टी ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव लडना चाहती है। उन सीटों पर जीतना भी चाहती है। मेरा भी प्रयास होगा कि हम ज्यादा सीटों पर लड़ें और जीतें। इसके लिए आप सभी के साथ की बड़ी जरुरत होगी। उन्होंने पार्टी में आए लोगों से आग्रह किया कि आप अधिक से अधिक लोगों को अपने साथ जोड़ें। उन्होंने इस अवसर पर साफ किया कि हमारी पार्टी अगले साल होने वाले चुनाव में 33 प्रतिशत अतिपिछड़ों को टिकट देगी। यह पार्टी के संकल्प में शामिल है। उन्होंने पार्टी को मजबूत करने की अपील करते हुए कहा कि पहलवान मजबूत होगा तभी विपक्ष के पहलवान को चुनाव की लड़ाई में परास्त कर सकेगा। उन्होंने कार्यकताओं से चुनाव की तैयारी में जुट जाने का निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव अगले साल नियत समय पर भी हो सकता है या इस साल भी हो सकता है। दाँगी समाज के युवा नेता रंजन रार्धज उर्फ लालू दाँगी के वीआईपी में शामिल होने से माना जा रहा है कि मगध क्षेत्र में पार्टी को मजबूती मिलेगी। उनके साथ वीआईपी की सदस्यता लेने वालों में उमेश दाँगी, सुनील दाँगी, कविंद्र दाँगी, जितेन्द्र दाँगी, दाँगी सोनू दिनकर, मनोज दाँगी, सोनू कुमार दाँगी, निरंजन दाँगी, राधेश्याम दाँगी, दीपरंजन दाँगी, रामेश दाँगी, शम्भू दाँगी, छोटू दाँगी, नितीश कुमार, राकेश दाँगी, बिट्ठू दाँगी प्रमुख हैं।

# अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं एनडीए नेता : एजाज




पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि तेजस्वी यादव बिहार में लॉ एंड ऑर्डर पर सवाल खड़ा करते हैं, तब सत्तापक्ष एनडीए के नेता बेचैन क्यों जाते हैं। जब सच का आईना दिखाया जाता है तो उसका जवाब देने कि जगह भाजपा और जदयू के नेता लालू और तेजस्वी फोबिया से ग्रसित होकर अनर्गल प्रलाप करते हैं। एजाज ने आगे कहा कि तेजस्वी यादव नेता प्रतिपक्ष हैं, इसलिए सरकार की गलतियों को उजागर करते हैं। आज अपराध और अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है और सरकार इसको रोकने में असमर्थ है। इन्होंने ने कहा कि तेजस्वी 42 घटनाओं के आंकड़ों के साथ अपराधिक घटनाओं की जानकारी दे रहे हैं, तो सरकार को जवाब नहीं सूझ रहा है और अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। सरकार सच्चाई पर जवाब देने की जगह तेजस्वी के सवाल पर सरकार घिसा-पिटा राग अलाप रही है। बिहार में सरकार आपसी खींचतान की स्थिति में है और नुरा -कुश्ती का खेल खेल रही है। बिहार में सरकार जनता की रक्षा की बजाए खुद को ही बचाने में लगी हुई है। डबल इंजन सरकार जनता के प्रति अपनी जवाबदेही का निर्वहन नहीं कर रही है।

# शिव भजन व श्रावणी गीतों से भक्तिमय हुआ माहौल

## महामृत्युंजय पाटनेश्वर महादेव मंदिर में भजन कार्यक्रम का आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



महामृत्युंजय पाटनेश्वर महादेव मंदिर कुर्जी में आयोजित गीत संगीत व भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिव भजन व श्रावणी गीतों से माहौल भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शिव भजन की प्रस्तुति दी। सुरीली आवाज गीतों और मनमोहक गीतों से कलाकारों ने ऐसा समा बांधा कि श्रद्धालु भाव विहोर हो उठे और थिरकने को मजबूर हो गए। तालियों के साथ झुमते हुए कलाकारों का हौसला आफजाई करते रहे। शाम से शुरू हुआ भजन का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। भजन कार्यक्रम के समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन कर्ता संजय कुमार सिंह ने बताया कि हर सोमवारी को शाम में आरती व श्रृंगार पूजन का आयोजन किया जाता है। इसके बाद भंडारा कार्यक्रम में सैंकड़ों लोग शामिल होते हैं। शाम में भजन कार्यक्रम का आयोजन होता है। श्री संजय सिंह ने बताया कि सोमवारी के अवसर पर मंदिर प्रांगण में खास व्यवस्था की जाती है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसका पूरा ख्याल रखा जाता है। असामाजिक तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जाती है। सावन माह के पावन असवसर पर इस बार मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। विभिन्न तरह के फूलों व रंग-बिरंगी एलइडी लाइटों से भव्य सजावट किया गया है। मंदिर के पुजारी बाबा शंकर ने बताया कि महामृत्युंजय पाटनेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करने वालें श्रद्धालुओं पर महादेव की असीम कृपा बनी रहती है। सच्चे मन व विधि विधान से पूजा अर्चना व अराधना करने वाले भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। भगवान भोलेनाथ का स्वरूप सभी देवों से निराला है। कहा जाता है कि शिवलिंग पर सिर्फ एक लोटा जल चढ़ाने से ही महादेव खुश हो जाते हैं और भक्त की मनोकामना पूर्ण करते हैं।

# चिराग ने कांस्य पदक विजेता मनु भारकर को दी बधाई




प्रात : किरण संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने नई दिल्ली में पेरिस ओलंपिक में दो कास्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित करने वाली देश की बेटी मनु भाकर से मिलकर उन्हें, उनके ऐतिहासिक जीत की शुभकामनाएं दी। उनकी यह सफलता देश की भावी पीढ़ी, खासकर हमारी बेटियों को खेल के क्षेत्र मे अपना नाम रौशन करने के लिए सदैव प्रेरित करती रहेगी। प्रत्येक भारतीय को आप पर गर्व है। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दिया।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या–13 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 22.08..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 23.08..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23.08..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Main Building, Visitor Shed, Office and Campus Development Work in Residence No.- 31A at Harding Road, Patna for the year 2024-25. | 14.96 | 30,000=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 2. | Renovation of Gajibo, Approach Road, Endura Tiles and Bathroom in Residence No.- 30A at Harding Road, Patna for the year 24-25. | 14.60 | 29,200=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 3. | Renovation of Chamber of Director of Sports Dept. R.No.- 272 & 276 at Second Floor Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. | 2.59 | 5,200=00 | 750=00 | 01 माह |
| 4. | Renovation of Room No.- 37 (Sanitary Fixtures, Workstation and Mid Back Chair) of Sports Deptt. (PA Chamber, PS Chamber and Waiting Room) at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. | 0.59 | 1,200=00 | 500=00 | 01 माह |
| 5. | Renovation of Room No.- 37 (Flooring Work, Partition Work, Waiting Sofa, Visitor's Chair etc.) of Sports Deptt. (Waiting Room and Pantry) at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. | 2.14 | 4,300=00 | 500=00 | 01 माह |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

PR. No. 005902 (BCD) 2024-25

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि पदाधिकारी को दी गई विदाई

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन में सोमवार की विदाई सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर निवर्तमान प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजीत कुमार को विदाई दी गई, वहीं नए प्रखंड कृषि पदाधिकारी सीके यादव का अभिनंदन किया गया। क्षेत्र के उर्वरक विक्रेताओं ने निवर्तमान बीएओ अजीत कुमार को अंगवस्त्र फूल माला समेत अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। विदित हो की बीएओ अजीत कुमार का लखीसराय स्थानांतरण किया गया है। वहीं बोचहां बीएओ सीके यादव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर ईश्वर प्रसाद उर्फ बिट्टू सिंह ने किया। इस अवसर पर उर्वरक बीज विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष सुधांशु नारायण सिंह, जिला परिषद जितेंद्र यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष पांचू महासेठ, राम लगन राय, सीताराम चौधरी, अभय राय, कन्हाई सिंह, विकास कुमार, मनोज कुमार ठाकुर, कृषि समन्वयक संतोष झा, अभिषेक कुमार, आशुतोष कुमार, किसान सलाहकार विमलेश कुमार, सुनील कुमार, बीटीएम राजन झा, संजीव ठाकुर, दीपक कुमार समेत अन्य किसानों ने निवर्तमान बीएओ को विदाई व नए प्रखंड कृषि पदाधिकारी का सम्मानित किया।

### विभाजन विभीषिका विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

दरभंगा।महात्मा गांधी महाविद्यालय दरभंगा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान मेंह्व विभाजन विभीषिकाह्लह्व विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ विकास कुमार,ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विकास पदाधिकारी ने कहा कि कभी पटरियों पर ख्वाब दौड़ने के सपने थे.पटरियो ने ही ख्वाब का जहां छीन लिया। यह दर्द भरी आवाज है,उन लाखों विस्थापितों एवं पलायन की जिन्हें विभाजन का द्वश झेलना पड़ा और अपनी मातृभूमि को छोड़कर जाना पड़ा। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रधानाचार्य डॉ रामदेव चौधरी ने कहा कि विभाजन विभीषिका का स्मरण दिवस भारत में 14 अगस्त को मनाये जाने वाला एक वार्षिक राष्ट्रीय स्मृति दिवस है जो 1947 में भारत के विभाजन के दौरान लोगों के पीड़ितों और पिड़ाओ की याद में मनाया जाता है। डॉ मदन लाल केवट एवं डॉ बी पी साह ने भी अपना विस्तृत विचार प्रकट किया। इस गोष्ठी में प्रो उपेंद्र प्रसाद,प्रो उत्तम लाल साहू, प्रो राजकुमार साह,डॉ रोहिणी कुमारी,डॉ चंद्रा कण ,प्रो अनु कुमारी,डॉ शिखा एवं दर्जनों छात्र छात्राओं ने भाग लिया। मंच संचालन डॉ अविनाश कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो प्रेम कुमार ने किया।

### सशस्त्र सीमा बल 18वीं वाहिनी राजनगर द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजन किया गया

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल18वीं वाहिनी राजनगर द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वाधान में ह्लहर घर तिरंगाह्व कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकल कर लोगो को जागरूक किया गया। जागरूक के दौरान सभी जवान एक जुट होकर रेली मे शामिल हुआ और सामिल होकर सभी ने फेरा लगाया और लोगों को अपने देस को लेकर जागरूता फेला कर आयोजन किया गया क जिसमे ग्रामीणों को अपने अपने घरों में झंडा फहराने हेतु प्रेरित भी किया गया

### कॉमरेड बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन पर शोक सभा रखा गया

मधुबनी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी सीपीआई एम लोकल कमिटी जयनगर की ओर से शोक सभा का आयोजन जयनगर में किया गया। कॉमरेड बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन दिनांक 08 अगस्त 2024 को उनके आवास पर पश्चिम बंगाल में हो गई। कॉमरेड बुद्धदेव भट्टाचार्य पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री 2000 से 2011 तक रहे तथा पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य थे। आयोजित शोक सभा की अध्यक्षता कॉमरेड शिव कुमार यादव ने की।शोक सभा में पार्टी के वरिष्ठ नेता कॉमरेड रामजी यादव कॉमरेड लोकल कमिटी सचिव कुमार राणा प्रताप सिंह, कॉमरेड उपेन्द्र यादव, कॉमरेड रत्नेश्वर के अलावे अन्य साथी ने भाग लिया।

# भाजयुमो द्वारा दरभंगा में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

## तिरंगा यात्रा में दरभंगा के सांसद व विधायक ने सम्मिलित होकर बढ़ाया कार्यकताओं का मनोबल

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा।भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत आज भाजपा युवा मोर्चा द्वारा लहरिया सराय के कपूरी चौक से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई यह यात्रा कपूरी चौक से लहरिया सराय होते हुए दरभंगा टावर पर आकर समाप्त हुई इस यात्रा में दरभंगा के सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर, दरभंगा के नगर विधायक संजय सरावगी, भाजपा जिला अध्यक्ष जीवछ साहनी, सहित काफी संख्या में आम लोग और युवा मोर्चा के नेता व कार्यकर्त्ता शामिल थे।

यात्रा के मुख्य अतिथि सांसद श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश में हर घर तिरंगा कार्यक्रम चलाया जा रहा जिसके तहत आज युवा मोर्चा दरभंगा की ओर से या तिरंगा यात्रा निकाली गई है जो देश सभी क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ रहा हम सबों को आजादी के दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। निश्चित ही तिरंगा यात्रा से सब लोगों में राष्ट्रवाद का एक सशक्त और मजबूत संदेश जाएगा।

विधायक संजय सरावगी ने कहा कि पिछले वर्ष भी सभी भाजपा कार्यकताओं ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत घर-घर तिरंगा फहराने के साथ तिरंगा यात्रा निकालने का कार्य किया था।इस बार फिर स्वतंत्रता दिवस आने वाला है लोगों के अपने-अपने घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगने के संदेश के साथ आज यह तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा द्वारा निकाली गई है।प्रधानमंत्री का यही प्रयास है कि हम सभी स्वतंत्रता दिवस को एक पर्व एक उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाये।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी, पूर्व विधान पार्षद अर्जुन साहनी, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा ,युवा मोर्चा प्रभारी पल्लव सिंह ,भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह ऊर्फ पप्पू सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री मीणा झा, सुजीत मलिक, ज्योति कृष्ण झा,अंकुर गुप्ता, देवेंद्र झा ,राजेश रंजन,अशोक अमर तनवीर हसन, नगर अध्यक्ष मनोज झा युवा मोर्चा महामंत्री गजेंद्र मंडल, रवि प्रकाश झा, उपाध्यक्ष मुकेश महासेठ, मुचकुंद झा, पुरुषोत्तम झा, सूरज चौधरी ,मोहम्मद ताबिश, नेहरू जी ,मंडल अध्यक्ष शिव शंकर मिश्र ,अंकित झा आशुतोष झा, विकास चौधरी ,संजीत मिश्रा ,राजीव सिंह, संगीत गुप्ता ,आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अनुमंडल प्रशासन द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने दिखाया अपना जलवा



प्रात : किरण संवाददाता

महुआ। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर महुआ के अनुमंडल सभागार में अनुमंडल प्रशासन के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में महुआ प्रखंड क्षेत्र के करीब आधा दर्जन निजी विद्यालयों के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर पेंटिंग भाषण और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाअनुमंडल प्रशासन के द्वारा आयोजित इन सभी प्रतियोगिताओं में इन सभी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मिली जानकारी के अनुसार महुआ के अनुमंडल सभागार में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में आदर्श पब्लिक स्कूल सूरतपुर ने प्रथम, आर आर मेमोरियल पब्लिक स्कूल परई चकमजाहिद ने दूसरा तो संत जोसेफ स्कूल सिंघाड़ा महुआ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में आदर्श पब्लिक स्कूल सूरतपुर के बच्चों ने प्रथम, संत जोसफ स्कूल सिंघाड़ा महुआ के बच्चों ने दूसरी तो ज्ञानोदय पाठशाला और डॉक्टर राजेंद्र पब्लिक स्कूल महुआ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।वही पेंटिंग प्रतियोगिता में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ने प्रथम,ज्ञान सृजन स्कूल ले दूसरा ज्ञानोदय पाठशाला ने तीसरा स्थान हासिल किया। इन सभी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को अनुमंडल प्रशासन की तरफ से पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर इस मौके पर महुआ के कई प्रशासनिक पदाधिकारी के साथ-साथ इन सभी विद्यालयों के भाग लेने वाले विद्यालय के प्रधानाध्यापक और उनके प्रतिनिधि भी मौजूद थे। वही प्रखंड क्षेत्र के सुरतपुर ग्राम स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल के अपने विद्यालय के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्राचार्य शंकर कुमार मालाकार ने बताया अभिभावकों का प्रोत्साहन एवं छात्रों के परिश्रम का फल है, जिसके कारण हमारे विद्यालय के विद्यार्थी क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।हम इन छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं ।

## राजनीतिक दलों के साथ आगामी चुनाव को लेकर बीडीओ ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मनीगाछी( दरभंगा ) ।प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में मंगलवार को आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्षों के साथ बी डी ओ दुनियां लाल यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में बी डी ओ ने चुनाव से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्षों उनके सुझाव मांगे। बैठक में बीडीओ ने कहा कि एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र ,निर्भीक एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव होना आवश्यक है। चुनाव से संबंधित समस्याओं यथा वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने या हटाने सुविधा विहीन जगहों पर चल रहे बूथों के युक्तिकरण को लेकर चर्चा की गई। इसके लिए यदि कोई समस्या हो तो बीएलओ से संपर्क स्थापित कर समस्या का निराकरण करें। उन्होंने बताया कि इसके लिए दावा आपत्ति भी दी जा सकती है। बूथों के युक्तिकरण के संबंध में उन्होंने बताया कि मध्य विद्यालय बाजितपुर पूर्वी में भवन जर्जर होने के कारण वहां के बूथ को बगल के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाजितपुर में तथा राघोपुर पंचायत भवन के बूथ को उसी कैंपस के उच्च विद्यालय में जोड़ दिया गया है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के सदस्यों को कहा कि जो नाम वोटर लिस्ट में कटा छूटा हुआ है अविलंब उसको जुड़वा लें। किसी तरह की समस्या बीएलओ स्तर पर होने पर समस्या के निराकरण के लिए उनसे संपर्क करें। मौके पर भाजपा पूर्वी के मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार मंडल, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह राजद के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अलकमा. कांग्रेस के हेमचंद्र झा,माले के किसुन पंडित मौजूद थे।

## फ्रेडरिक एंगेल्स का स्मृति दिवस आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । सर्वहारा के महान नेता कॉमरेड फ्रेडरिक एंगेल्स का स्मृति दिवस एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के मोतीझील स्थित जिला कार्यालय में आयोजित किया गया।इस अवसर पर एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के राज्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आज दुनिया में शोषण से मुक्ति सही मार्क्सवादी विचाराधारा द्वारा ही संभव है। मार्क्स के विचार को ऊंचाई पर ले जाने में फ्रेडरिक एंगेल्स का बहुत बड़ा योगदान है। यदि एंगेल्स नहीं होते तो मार्क्सवाद इतनी ऊंचाई पर नहीं पहुंच पाता। मार्क्सवादी विचारधारा में उनका भी बहुत बड़ा योगदान था परंतु फ्रेडरिक एंगेल्स किसी भी कार्य का श्रेय अपने ऊपर नहीं लिए। उन्होंने आगे कहा कि मानव मुक्ति के लिए कितना भी छटपटाएगा लेकिन तब तक मुक्ति नही मिलेगी जब तक कि सही मार्क्सवादी विचाराधारा के आधार पर क्रांतिकारी पार्टी मजबूत न हो जाती हैं। आंदोलन की लहर बार-बार आयेगी और फिर वापस चली जायेगी। इसलिए पूंजीवाद विरोधी समाजवादी क्रांति को सफल बनाने के लिए सही चेतना के आधार पर सही क्रांतिकारी पार्टी की जरुरत है। और सही क्रांतिकारी पार्टी को मजबूत करके ही क्रान्ति सफल की जा सकती है।

इस अवसर पर एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव अर्जुन कुमार, जिला कमिटी सदस्य मोहम्मद इदरीश, काशीनाथ सहनी, नगर इंचार्ज अरविंद कुमार, आशुतोष कुमार, पूर्व मुखिया प्रेम कुमार ठाकुर, शिव कुमार, रूपा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## शिक्षकों की गुणवत्ता वृद्धि के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम जरूरी : अमरनाथ साह

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा।रूहेल्लागंज, कादिराबाद स्थित ज्ञान सरिता पब्लिक स्कूल में आज शिक्षकों की गुणवत्ता की वृद्धि के लिए शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षक के रूप में माय कैरियर डॉक्टर के फाउंडर प्रकाश सिंह आजाद आए थे उन्होंने शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि आज हमारा भारत विकासशील राष्ट्रीय अग्रसर है जिसमें भारत के भविष्य यानी बच्चे को हर क्षेत्र में मजबूत होना आवश्यक है इसके लिए हमें तकनीक एवं अन्य माध्यमों के द्वारा बच्चों के पाठ्यक्रम को सुगम बनाकर उन्हें अध्ययन करवाया जाए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य अमरनाथ साह ने कहा कि हमारे यहां शिक्षकों का प्रशिक्षण का यह दूसरा कार्यक्रम है जिसमें हमारे विद्यालय के कादिराबाद तथा शीशोडीह, दरभंगा शाखा के 40 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण से शिक्षकों के साथ ही छात्रों को भी काफी लाभ होगा। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण पांच सत्रों उद्घाटन सत्र, तकनीकी सत्र, कार्यकलाप सत्र, प्रश्न उत्तर तथा मूल्यांकन क्षेत्र में संपन्न हुआ। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक सह कोऑर्डिनेटर हर्षित राज, शिक्षिका नीलम, आशा कर्ण, कामिनी, अपूर्वा, निक्कू, रेणुका, मीणा, पुनम, सोनी, निखत परवीन, शाईना आलम, काजल, ज्योति, चंचल सिंह, सुरभि, नीशु, सिमरन, राखी । शिक्षक विजय नाथ झा, प्रशांत गौतम, सुशील कुमार, अब्दुल रहीम नदवी, दीपू, सुधीर महतो, राकेश, संतोष, सुधीर, मुकेश झा, निशांत दिव्यांशु, पप्पू, आनंद राज आदि प्रशिक्षण में मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन हर्षित राज के द्वारा किया गया।

## स्नातक निर्वाचक सूची में नाम जोड़ने हेतु अबतक आए 5894 आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक सूची में नाम जोड़ने हेतु फार्म 18 में आवेदन चारों जिला के कुल 176 स्थानों पर लिया जा रहा है। निर्वाचक सूची में नाम जोड़ने के लिए 29 जुलाई से विहित प्रपत्र फार्म 18 में आवेदन लिया जा रहा है जो 3 सितंबर तक लिया जाएगा।अब तक चारों जिला मिलाकर ऑफलाइन कुल 5894 आवेदन प्राप्त हुए हैं जबकि ऑनलाइन 1820 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सीतामढ़ी जिला में 1324, शिवहर में 535, मुजफ्फरपुर जिला में 3384 तथा वैशाली में 651आफलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी ,शिवहर एवं वैशाली जिला के जिला मुख्यालय ,अनुमंडल एवं ,प्रखंड मुख्यालय तथा चारों जिला के सभी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के यहां आवेदन जमा किया जा सकता है। प्रमंडलीय आयुक्त सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी गोपाल मीणा ने तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिकाधिक संख्या में निर्वाचक सूची में नाम जोड़ने हेतु स्थानीय स्तर पर जिला , अनुमंडल एवं प्रखंड मुख्यालय अथवा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के पास फार्म 18 का आवेदन जमा करने की अपील की है।

## राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर पुरस्कृत व्यक्तियों को किया जाएगा सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार पाने वाले जिले के व्यक्तियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपमुख्यमंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा सम्मानित करेंगे यह सम्मान समारोह स्थानीम नगर भवन में होगा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने अधिकारियों के साथ बैठक की तथा आवश्यक निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि खेल, कला सहित विविध क्षेत्रों में मुजफ्फरपुर जिला के व्यक्तियों की उल्लेखनीय उपलब्धि रही है तथा न केवल राज्य स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी पुरस्कृत होते रहे हैं। फलतः जिला के वैसे व्यक्तियों की हौसला अफजाई करने तथा उनकी प्रतिभा को सम्मान देने हेतु जिला स्तर पर भव्य समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानित करने की योजना बनाई गई है।जिलाधिकारी ने वैसे व्यक्तियों की सूची तैयार करने तथा स्वाधीनता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सम्मानित कराने को कहा। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश जिला नजारत पदाधिकारी को दिया। बैठक में अपर समाहर्ता आपदा श्री मनोज कुमार, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था श्री सुधीर कुमार सिन्हा जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री अजय कुमार सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पीएम मोदी ने मिथिला के विकास की खींची लंबी लकीर : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।बाढ़ सुखार जैसी प्राकृतिक आपदाओं तथा पूर्व की कांग्रेस राजद के उपेक्षापूर्ण सोच के कारण उत्तर बिहार खासकर मिथिला का विकास अवरूद्ध हो चुका था लेकिन यहां के विकास का जो सपना श्रद्धेय अटल जी और भाजपा के नेतृत्वबाली केंद्र सरकार ने देखा था आज देश के यशश्वी पीएम नरेन्द्र मोदी और एनडीए सरकार उसे साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है, दरभंगा एम्स उसका ज्वलंत उदाहरण है। दरभंगा के भाजपा सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने एम्स निर्माण के लिए जमीन हस्तांतरण होने के बाद उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने एम्स निर्माण को अपने राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा बिहार का दूसरा एम्स को दरभंगा में बनाने तथा इस एम्स में 750 बेड की मंजूरी, 1264 करोड़ की राशि का एकमुश्त आवंटन केंद्र सरकार की मिथिला के सर्वांगीण विकास के के प्रति संकल्प और प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है वहीं बिहार के सीएम नीतीश कुमार जी एवं बिहार सरकार द्वारा एम्स के लिए स्वीकृत 200 एकर जमीन में डेढ़ सौ एकड़ का हस्तांतरण हो जाना इस बात को साबित करता है की लोकसभा के साथ साथ गत विधानसभा चुनाव में मिथिला क्षेत्र के बहुसंख्यक क्षेत्रों से एनडीए की जीत ने एनडीए के शीर्ष नेतृत्व के संकल्पो को मजबूत किए हैं।सांसद डा ठाकुर ने आईटी पार्क एयरपोर्ट एवं सड़क सड़क स्वास्थ्य शिक्षा के विभिन्न आधारभूत संरचना को यहां के विकास में मील का पत्थर बताते हुए कहा इन विकास कार्यों के बदौलत अब मिथिला की खोई हुई प्राचीन गरिमा को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पहचान स्थापित हुई है।

## डीएम व एसएसपी ने स्वतंत्रता दिवस को लेकर नेहरू स्टेडियम का लिये जायजा

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह का आयोजन स्थानीय नेहरू स्टेडियम, लहेरियासराय (पोलो मैदान) में 15 अगस्त के किया जाना है,को लेकर जिलाधिकारी राजीव रौशन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी द्वारा संयुक्त रूप से जायजा लिया गया। जिलाधिकारी द्वारा साफ-सफाई हेतु नगर निगम के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया तथा मंच एवं उसकी सजावट आदि की व्यवस्था नजारत उप समाहर्ता करना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक दरभंगा पोलो मैदान में भ्रमण कर सभी कार्यक्रमों को ससमयऔर गुणवत्ता के साथ करने का निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिया।इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक शुभम कुमार आर्य, उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार,अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था राकेश रंजन,अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार,उप निदेशक जन संपर्क सत्येंद्र प्रसाद एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## जन संवाद कार्यक्रम में कई मामलों से संबंधित आवेदन विधायक को दिया

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर विभूतिपुर विधायक अजय कुमार द्वारा आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में थाना, अंचल कार्यालय से जुड़े कई मामलों से संबंधित आवेदन आवेदक को ने दिया। वहीं बड़े पैमाने पर शिक्षकों ने अपने सेवा पुस्तिका संधारित करने के लिए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के अनुमोदन हेतु सेवा पुस्तिका दिया। जिसे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय को अग्रसारित किया गया।इसके अलावा खास टभका उत्तर वार्ड संख्या 10 के जल नल पिछले एक साल से बाधित है जिसे चालू करने, बिजली विभाग का मामला के साथ साथ रोटगना, सैदपुर बालवाही नदी के टूटा हुआ बाँध के मरमती से संबंधित आवेदन ग्रामीणों द्वारा दिया गयामौके पर मिथिलेश सिंह, श्याम किशोर कमल,महेश कुमार, डॉ गोपाल प्रसाद राकेश, राजद नेता महेश कुमार राय, नंदकिशोर राय, बबलू कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# सड़क की हालत जर्जर से हादसा होने की संभावना प्रबल

प्रात : किरण संवाददाता







विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर से समर्था होते हुए मिश्रौलिया, चोरा टभका, बन्हैती मुख्यमार्ग तथा आरपी चौक से समर्था तक पक्की सड़क की स्थिति बहुत ही जर्जर हो गई है। यह सड़क मरम्मत के लिए बाटजोह रहा है लेकिन न तो विभाग का ही ध्यान जाता है और न ही स्थानीय विधायक का। ज्ञात हो कि प्रत्येक दिन इन दोनों सड़कों से हजारों गाड़ियों का आवाजाही बना रहता है। वहीं छोटे बच्चों से लेकर के प्लस टू तक के बच्चे - बच्चियां पैदल एवं साइकिल से इस सड़क को होकर विद्यालय पढ़ने जाते हैं। वहीं मोटरसाइकिल, तिपहिया एवं चार पहिया छोटे बड़े वाहन हमेशा हजारों की संख्या में इस व्यस्त मार्ग पर चलते रहते हैं, जिन्हें हमेशा सड़क के टूटने से दुर्घटना होने का डर बना रहता हैं। सड़क कहीं टूटी हुई है तो कहीं पानी जमा है, कहीं गड्ढा बन गया है तो कहीं कंकर निकले हुए हैं। यह दोनों सड़कें वर्षों से पथ निर्माण विभाग एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के नजर में उपेक्षित है। इस पर न तो सरकार का ही ध्यान जाता है और न हीं स्थानीय जनप्रतिनिधि का। जबकि इस सड़क से होकर जनप्रतिनिधि भी आवाजाही करते हैं, फिर भी इस सड़क की मरम्मत नहीं हो पा रही है। यह दोनों सड़क कई गांवों को जोड़ता है। समर्था, मिश्रौलिया, चोरा टभका के लोगों का यह मुख्य मार्ग है, जिससे होकर लोग कल्याणपुर, रोसड़ा, दलसिंहसराय, समस्तीपुर एवं राजधानी तक की यात्रा करते हैं ।इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों स्कूली बच्चे बच्चियां गुजरते हैं। जिन्हें हमेशा हादसा होने का डर बना रहता है।किसी भी समय टूटी हुई सड़क रहने के कारण कोई भी हादसा हो सकता है। जगह-जगह से सड़क टूटने के कारण गड्ढे बन गए हैं, जिसमें पानी का जमाव बना रहता है। वही दूसरी ओर धनिक चौक से समर्था तक जाने वाली सड़क में विशनपुर पाठशाला के पास सड़क पर पानी का जमाव बना रहता है। पक्की सड़क टूट जाने से गढ्ढें हो गए हैं। आए दिन छोटे- छोटे सड़क हादसे होते रहते हैं। यह दोनों सड़क जहां कल्याणपुर में एस एच 88 रोसड़ा- पटना वाली सड़क में मिलती है। समर्था से कल्याणपुर एस एच 88 में जहां यह सड़क मिलती है वहां पर दोनों और दुकान रहने एवं सड़क पर ही बीचो-बीच नाला का निर्माण होने से सड़क बहुत ही संकरण हो गया है तथा उभर खाबड़ रहने से आने जाने में काफी कठिनाई होती है। सड़क के दोनों और गड्ढे हो गए हैं जिससे एस एच 88 से उतरते ही लोगों वाहन चालकों को समर्था की तरफ जाने में हादसा होने का खतरा बना रहता है। यहां पर सड़क बहुत ही संकीर्ण हो गया है। विद्यालय अवस्थित है जो जिले में ही नहीं बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में अध्ययन अध्यापन के लिए प्रसिद्ध है। वहां पढ़ने के लिए सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से छात्र-छात्राएं आते हैं। कल्याणपुर, महिषी, बंबईया, सकरा आदि जगहों से छात्र-छात्राएं अध्ययन के लिए नियमित आते जाते हैं। वही धनिक चौक से कल्याणपुर ,बंबइया, बेलसंडी, मेहसी, आलमपुर, माधोपुर आदि जगहों के छात्र-छात्राएं नियमित रूप से रघुनंदन उच्च विद्यालय में पढ़ने के लिए आते हैं। कौशल किशोर शर्मा, विवेकानंद, आनंद, ब्रजानंद, ओम वत्स ने समस्तीपुर जिला पथ निर्माण विभाग एवं स्थानीय विधायक, जिलाधिकारी समस्तीपुर तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी विभूतिपुर से मांग किया की अभिलंब इन दोनों जर्जर सड़कों का जीर्णोद्धार कराया जाए जिससे भविष्य में होने वाली दुर्घटना से बचा जा सके।

## जल्द मधुबनी स्टेडियम का जिर्णोद्धार किया जायेंगे

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी परिसदन में बिहार बिधान सभा के निवेदन समिति के साथ मधुबनी जिला प्रशासन का दौ सौ से अधिक निवेदनों पर बात चीत चली.इसी बिसय मधुबनी परिसदन में मिडिया से बातें करते हुए निवेदन समिति के सदस्य सह भाकपा-माले के सिकटा बिधायक बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि निवेदन समिति में मधुबनी स्टेडियम के जर्जर हालात पर चर्चा के दौरान जिला प्रशासन ने कहा कि जल्द स्टेडियम का जिर्णोद्धार किया जायेगा. मधुबनी सदर अस्पताल के कैंपस में हो रहे जल जमाव पर सिविल सर्जन ने कहा कि नाला का निर्माण हो गया हैं फिर भी जल जमाव हो रहा है, इसका भी समाधान जल्द किया जायेगा. वही झंझारपुर नगर परिषद में दौ सौ फुटपाथी दुकानदारों के उजाड़े जाने के समाधान पर प्रशासन की ओर से भेंडर जोन जल्द निर्माण कराने की बात कही गयी है.निवेदन समिति सदस्य श्री गुप्ता ने आगे कहा कि गरीबों के आयुष्मान कार्ड से ईलाज करवाने का रिपोर्ट सिविल सर्जन की ओर से रखा गया हैं, उसमे 12 निजी अस्पतालों में 20,049 दावों के आधार पर, 17,84,95682 - रुपए सतरह करोड़ ,चौरासी लाख, पनचानवे लाख बीरासी रुपये का भुगतान किया गया हैं. वही 22 सरकारी अस्पतालों में 4 412 दावों में, 2,06,86,071-रुपए दो करोड़ ,छौ लाख,छियासी हजार एक्कहत्तर रुपये का भुगतान किया गया हैं. इतनी बड़ी बिसंगति यह सवाल और संदेह पैदा करता है. हमें तो लगता है, इसमे गड़बड़ी है.इसलिए इसका न्यायिक जांच होना चाहिए.उन्होंने आगे कहा कि लघु उद्दमी योजना के तहत मधुबनी जिला में अभी तक कुल 1480 लोगों को दो लाख रुपये में से प्रथम किस्त के तौर पर जो पच्चास हजार रुपये करके मिले हैं, उसमे दलित, महादलित की संख्यां काफी कम है. जो संदेह पैदा करता है. मुझे तो ऐसा लगता हैं कि छौ हजार मासिक आमदनी बाले महा गरीबों के नाम पर जो नाम चयनित हो रहे हैं उसमे इंदिरा आवास योजना की तरह भ्रष्टाचार व लूट चल रहा है. इसकी भी जांच की जरूरत है।



## संक्षिप्त खबरें

### बाइक की हुई चोरी पीड़ित ने थाना में दिया आवेदन

जमुई [ झाझा ] एक युवक की बाइक चोरी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर पीड़ित ने झाझा थाना में आवेदन देकर पूरे मामले की जानकारी देते हुए बाइक की बरामदगी की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में थाना क्षेत्र के लहरनियाटॉड गांव निवासी अजय कुमार ने बताया कि अपने घर से झाझा कुछ जरूरी काम से गए थे जरूरी कार्य कार्य जब रात आठ बजे घर लौट रहे थे तभी तेज हवा के साथ बारिश होने लगी इसी बीच मैं अपना बाइक बोड़वा स्टैंड (खलासी मोहल्ला) में लगाया और पास में बने सेड में बैठकर बारिश छूटने का इंतजार करने लगा तभी मुझे अचानक नींद आ गई और मैं वहीं पर सो गया जब हमारी नींद कुछ देर बाद खुली तो मेरा बाइक गायब मिला और मेरे पैकेट में चाबी भी नहीं था उन्होंने बताया कि नींद के दौरान मेरे पैकेट से अज्ञात व्यक्ति चाभी ले लिए और मेरा बाइक लेकर फरार हो गया। इधर मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

# एबीवीपी ने निकाला आक्रोश मार्च प्रशासन ने रोक कर किया गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई [ झाझा ] बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ अत्याचार के खिलाफ में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झाझा के तत्वावधान में मुख्य बाजार झाझा के सभी हिंदू व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकानें बंद कर स्थानीय वैष्णवी दुर्गा मंदिर चौक झाझा पहुंचकर अपना रोष प्रकट किया। ज्ञात हो कि बांग्लादेश में बीते सप्ताह प्रधानमंत्री शेख हसीना के विरोध में वहां आंदोलन शुरू हुआ था। इसके बाद शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा था। वहां तख्ता पलट हो गया है लेकिन हिंदुओं पर लगातार अत्याचार की घटनाएं हो रही हैं मंदिरों को आंदोलनकारियों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। बांग्लादेश में प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर चार अगस्त से शुरू हुए हिंसक आंदोलन में हिंदुओं पर लगातार हमले हुए हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा निकल जा रही विशाल आक्रोश मार्च को पुलिस प्रशासन झाझा के द्वारा जबरन रोक दिया गया तथा नोक झोंक के दौरान प्रशासन ने एबीवीपी नेता सूरज बरनवाल, दयाशंकर प्रसाद, हिंदू शेरनी खुशबू पांडे, एबीवीपी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रूपेश भारती, नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति, प्रभुचरण बरनवाल, बीजेपी नगर महामंत्री संजीव बंका, बि०खु०वि० संघ उपाध्यक्ष संजीव कुमार, विकास कुमार गुप्ता, शशिकांत कुमार को गिरफ्तार कर थाना ले आई और लगभग एक घंटे के बाद कागजी प्रक्रिया पूरी कर छोड़ दी, तबतक आक्रोश मार्च में उपस्थित तमाम हिंदुओं ने थाना गेट पर धरना पर बैठ गए एवं पुलिस प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी प्रारंभ कर दी। छात्रनेता सूरज बरनवाल, खुशबू पांडे, गौतम, दयाशंकर प्रसाद, संजय साव आदि वक्ताओं ने कहा कि हम सभी वसुदेव कुटुंबकम तथा सर्वे भवंतु सुखिनः की भाव के साथ चलने वाले लोग हैं परंतु प्रशासन के द्वारा इस प्रकार के रवैए की कड़ी शब्दों में भर्त्सना करता हूं। बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के साथ अत्याचार बेहद शर्मनाक है। आज हमें बांग्लादेश से सबक लेनी चाहिए। वह दिन दूर नहीं जब जिहादी मानसिकता के लोग भारत को भी अपने आगोश में समा लेंगे, उस समय अपना आबरू बचाने के लिए हिंदू दर दर की ठोकरें खाने पर मजबूर हो जाएंगे। समस्त हिंदू समाज से आह्वाहन करते हैं कि बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए सड़क पर आए और अपने हिंदू समाज की आवाज को बुलंद करें। बांग्लादेश में जिस तरह से हिंदुओं की हत्याएं हो रही हैं, मंदिर तोड़े जा रहे हैं यह घटनाएं काफी चिंता बढ़ा रही है। हम सभी ऐसे कुकृत्य की कड़ी शब्दों में भर्त्सना करते हैं।

भारत सरकार को इस तरफ प्रबल हस्तक्षेप करना चाहिए, ताकि हिंदुओं की सुरक्षा की जा सके। वक्ताओं ने आगे कहा कि आज प्रशासन ने रोक दिया परंतु आगे हमलोग और भी जोश - खरोस से एकजुट होकर इस आक्रोश मार्च को भव्य तरीके से निकालेंगे। मौके पर मंटू गुप्ता, पिंकू बरनवाल, रोहित कश्यप, बिट्टू चौरसिया, अखिलेश्वर प्रसाद, सुमन आर्य, सीताराम आर्य, जीवन प्रकाश माथुरी, सीताराम आर्य, अमन कुमार, प्रिंस कुमार, अरविंद कुमार, श्रवण बरनवाल, अनूप केशरी, पिंटू बरनवाल, अशोक कुमार, प्रिंस राज, पुरुषोत्तम कुमार, बजरंगी साव, अभय प्रकाश, विकास कुमार, शनिदेव कुमार सहित हजारों की संख्या में सनातनी उपस्थित थे।

## हार्डवेयर की दुकान में आग लगने से करीब छः लाख की संपत्ति जलकर हुआ राख



प्रात: किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) जोराबरगंज रामटहल चौक पर हार्डवेयर की दुकान में सोमवार की रात करीब एक बजे आग लगने से करीब छः लाख का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित दुकानदार ने कुमारखंड थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के बिसरिया वार्ड 3 निवासी पीड़ित दुकानदार संजय कुमार मेहता रामटहल चौक पर हार्डवेयर की दुकान करते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि 10 दिन पूर्व बिसरिया वार्ड तीन निवासी अनिल मेहता मेरे दुकान पर आए और पंप तोड़ दिया। सामान तोड़ने की बात कहे तो अनिल मेहता गाली गलौज करते हुए मारपीट कर धमकी दिया कि 10 दिनों के अंदर तुम्हारे दुकान में आग लगा देंगे। मुझे पूर्ण विश्वास है अनिल मेहता मेरे दुकान में आग लगा है। जिससे दुकान में रखें हवा मशीन, स्प्रे मशीन, बिजली का सामान , साइकिल का सामान समेत अन्य सामान करीब 6 लाख का जलकर राख हो गया। स्थानीय ग्रामीण ने चापाकल और दमकल के सहयोग से आग पर काबू पाया। पीड़ित दुकानदार कुमारखंड थाना पहुंचकर उक्त व्यक्ति के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया है।

## उपविकास आयुक्त के साथ जीविका की समीक्षात्मक बैठक, दिए महत्वपूर्ण सुझाव



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई जिला समाहरणालय में अवस्थित विकास भवन में मंगलवार को उप विकास आयुक्त सुमित कुमार के द्वारा जीविका की समीक्षा की गईवहीं अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में उप विकास आयुक्त ने जमुई जिले में जीविका के द्वारा किये जा रहे महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की और महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में जीविका डीपीएम संजय कुमार, प्रबंधक सामाजिक विकास रविन्द्र कुमार, प्रबंधक मूल्यांकन एवं अनुश्रवण अनुरोध कुमार सिन्हा एवं दसों प्रखंड के प्रखंड परियोजना प्रबंधक शामिल हुऐ बैठक में जीविका डीपीएम के द्वारा जीविका जमुई अंतर्गत जिले में किये जा रहे कार्यों को विशेष रूप से रखा गया। जिसमें स्वास्थ्य एवं पोषण, सामाजिक विकास, लाइवलीहुड, कृषि, गैर कृषि अंतर्गत दीदी की रसोई, जीविका लाइब्रेरी की चर्चा की गईं ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में जीविका द्वारा की जा रही गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया गयो साथ ही विशेष रूप से मनरेगा अंतर्गत बकरी शेड, सभी प्रखंडों में जीविका भवन, एसजीएसवाई भवन जीविका को हस्तान्तरित करने की स्थिति को दशार्या गयो बैठक में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार के द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के अनुसार रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गयो इसके साथ ही बैठक में दसों प्रखंड के बीपीएम से अपने कार्यों को ससमय पूरा का निर्देश दिया गयो इस अवसर पर जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक संजय कुमार, प्रबंधक सामाजिक विकास रविन्द्र कुमार, प्रबंधक अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अनुरोध कुमार सिंहा, बीपीएम जमुई सदर स्वीटी कुमारी, बीपीएम बरहट धर्मेन्द्र कुमार चौधरी, बीपीएम लक्ष्मीपुर मुकेश कुमार, बीपीएम गिद्धौर रणधीर कुमार सिंह, बीपीएम झाझा सुजीत कुमार, बीपीएम सोनो अजय कुमार, बीपीएम चकाई आशीष कुमार सिंह, बीपीएम खैरा निरुपम घोष, बीपीएम सिकन्दरा धर्मेन्द्र कुमार एवं बीपीएम ई० अलीगंज मृत्युंजय कुमार शामिल हुए।

## अनाज के लिए गोदाम में 50 प्रतिशत अनुदान

प्रात: किरण, संवाददाता

- 100 व 200 मीट्रिक टन के गोदाम बनेंगे, फसल भंडारण में होगी सहूलिया
- अनुदानित दर पर गोदाम निर्माण के लिए 31 तक करें आवेदन

गिद्धौर। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत कृषि उत्पाद भंडारण की सुविधा के लिए गोदाम निर्माण की योजना बिहार सरकार के कृषि विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत गत 1 अगस्त से ही आरंभ हो चुकी है। इस योजना के तहत सुबे के 100 मीट्रिक टन के 108 और 200 मीट्रिक टन के 46 गोदाम का निर्माण कराया जाना है। जिले का अलग से कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है। राज्य स्तर पर ही लॉटरी के माध्यम से जिले के किसानों का चयन कर लिया जाएगा। पिछले दो सालों से यह योजना संचालित नहीं की जा रही थी। गोदाम निर्माण को लेकर इंतजार कर रहे किसान योजना के संचालित किए जाने की सूचना मिलने पर काफी उत्साहित है। कृषि उत्पादन भंडारण के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत यह योजना चलाई जा रही है। इससे किसानों को अनाज भंडारण के साथ-साथ अच्छी आमदनी भी होगी। किसानों का कहना है कि योजना के लिए जिला बार लक्ष्य का निर्धारण होना चाहिए। अनुदानित दर का लाभ चयनित किसानों को दिया जाएगा। 100 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम का अनुमानित लागत 14.20 लाख रुपए है। अनुदान पर सामान्य जाति के लिए 5.50 लाख रुपये प्रति इकाई या लागत का 40 प्रतिशत, जो भी कम हो वह लागू होगा। इसी तरह 200 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम का अनुमानित लागत 20.25 लाख रुपए है। सामान्य जाति को 8 लाख रुपए का अनुदान या फिर लागत का 40 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसानों को लागत का 50 प्रतिशत अनुदान मिलेगा।

## देशभक्ति गीतों की धुन पर 215 बटालियन सीआरपीएफ ने निकाली तिरंगा यात्रा

### तिरंगा के प्रति जागरूक करने और देश भक्ति की भावना जगाने का दिया संदेश

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई/बरहट। मंगलवार को कमाण्डेन्ट विनोद कुमार मोहरिल के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में ह्लहर घर तिरंगाह्व कार्यकम के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें 215 बटा० सी.आर.पी.एफ. के अधिकारियों एवं जवानों के साथ-साथ किरण हार्ट ऐकेडमी स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा मलयपुर, जमुई स्टेशन चौक, हनुमान मंदिर होते हुये किरण हार्ट एकेडमी स्कुल से पुलिस लाईन मलयपुर तक निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से 215 बटा0 के द्वारा स्थानीय लोगों एवं आम जनता को जागरूक किया गया ताकि लोग अपने घरों के छतों पर तिरंगा झण्डा लगाकर देश की आजादी का पर्व मनायें। 215 बटा० के.रि.पु.बल के अधिकारियों एवं जवानों के साथ-साथ किरण हर्ट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों में तिरंगा लेकर लोगों को देशभक्ति का संदेश दिया। विनोद कुमार मोहरिल, कमाण्डेन्ट 215 बटा० ने बताया कि इस अभियान का उदेश्य अधिक से अधिक लोगों को अपने घरों में तिरंगा झण्डा फहराने के लिए जागरूक करना है, जिससे लोगों में देशभक्ति का जज्बा पैदा हो सके एवं राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और भी ज्यादा बढ़ सके। तिरंगे को देखकर आम लोगों में भी देशभक्ति की भावना जागेगी। भारत सरकार के द्वारा चलाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा झण्डा लगाकर कार्यकम को सफल बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिससे देश की आजादी की 78वीं वर्षगांठ को अधिक सार्थक बनाया जा सके। इस कार्यकम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रवीन कुमार सुमन , द्वितीय कमान अधिकारी मनोज कुमार, उप-कमाण्डेंट रमेश कुमार, सहायक कमाण्डेंट संजीत कुमार पाण्डेय एवं 215वीं वाहिनी के अधिनस्थ अधिकारियों व जवानों के साथ साथ किरण हार्ट अकादमी के प्राचार्य नवनील कुमार तथा छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक व शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

## फेस एटेंडेंस और अन्य मांगों को लेकर एएनएम का 35 वां दिन भी रहा हड़ताल जारी




प्रात: किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) सीएचसी में संविदा पर बहाल हुए दर्जनों एएनएम ने सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 35वां दिन भी हड़ताल जारी रखा। उनलोगों ने पूर्व में ही अपनी मांगों को लेकर एक मांग पत्र सीएचसी प्रभारी डॉ. वरुण कुमार को सौंपा हैं। धरना प्रदर्शन कर रही एएनएम ने कहा कि उनलोगों की मांग है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत काम करने वाली एएनएम को फेस एटेंडेंट बनाने का निर्देश दिया गया है जिसमें नियमित एएनएम को शामिल नहीं किया गया है। जिससे स्पष्ट होता है कि नियम भेदभाव पूर्ण है और इसका वे सभी विरोध करती है। उनलोगों ने कहा कि इसके अलावा वे सभी सरकार से मांग करती है कि समान काम के समान वेतन दें, समय पर वेतन दिया जाए , आनलाइन करने के लिए अलग से मिलने वाले रूपया नहीं दिए जा रहे हैं दिलवाई जाए। गृह जिला में पद स्थापित किया जाय। गुणवत्ता वाले मोबाइल दिए जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। अनलोगों ने कहा सरकार हमलोगो के साथ सौतला व्यवहार करते है। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हड़ताल जारी रहेगा। मौके पर गुंजन कुमारी, प्रियंका कुमारी, नीलम कुमारी, नीतू कुमारी, अर्चना कुमारी, स्नेहलता कुमारी, सरिता कुमारी, खुशबू कुमारी, रीया कुमारी, सोनिका कुमारी समेत अन्य एएनएम मौजूद थे।

## बैलों के गले में लगी घुंघरू की आवाज अब खेतों से हो गई है गायब

प्रात: किरण, संवाददाता



गिद्धौर। जिले में पिछले एक माह से मानसून सक्रिय है। बारिश की बूंदे प्रतिदिन किसानों के खेतों में पड़ रही है। किसान सुबह से लेकर शाम तक धान रोपनी की तैयारी में जोर-शोर से लगे हुए हैं। इस कृषि प्रधान देश में पुरानी परंपरा मुख्य जरूर रहा पशुधन था, किंतु वर्तमान समय में यह विलुप्त हो गई है। अब किसानों के खेतों में बैल के गले में टंगी घंटी की आवाज सुनाई नहीं देती है। पुरानी परंपरा में किसान हल बैल से ही खेती का कार्य करते थे। किसान जब खेत में हल और बैल लेकर जाते थे तो बैलों के गले में टंगी घंटी से टुनटुन की आवाज आती थी, जो घंटी और उसकी मधुर आवाज किसानों को दिल को सुकून देती थी, लेकिन आज के मशीनरी युग में बैल का कार्य समाप्त हो गया है। लोग ट्रैक्टर से कार्य करते हैं। जिस कारण और दूर-दूर तक के गांव में हर बैल मिलना भी मुश्किल हो गया है। पुरानी परंपराओं में किसान अपने खेत को हल बैल से कादो-कीचड़ कर धान रोपाई के लिए पूरी तरह से तैयार करने के बाद धान रोपनी को आसपास के गांव से बुलाते थे। पश्चात भूमि पूजन, कुल देवता के साथ इंद्र भगवान की पूजा अर्चना कर धन रोपनी का कार्य शुरू करते थे। इस दौरान धान रोपनी वाली रोपण हर महिलाओं के द्वारा कजरी लोकगीत गाई जाती थी, लेकिन वर्तमान समय में गीत गायन के भी परंपरा से दूर हो गई है। मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत रतनपुर पंचायत के रतनपुर गांव के बहियार में धान रोपनी कर रहे महिला रूपा देवी, अनिता देवी, सरिता देवी, लाली देवी, मंजू देवी ने बताया कि पुरानी परंपरा की बात ही कुछ और थी। रोपनी शुरू करने से पहले और उसे खोइच्छा मिलता था। चावल, तेल और विवाहित के मांग में सिंदूर दिया जाता था। यही चावल कृषि मजदूर रोपनी से पहले खेतों में छिड़कते थे। ईश्वर से यह अपेक्षा करते हैं कि फसल लहलहाए। मजदूर और किसान खुश रहे। वहीं महिलाओं के द्वारा कजरी गीत गई जाती थी। गीत से सारे थकान दूर हो जाता था और कजरी गीतों से में नई ऊर्जा भर जाती थी। हालांकि रोपण हारों ने बताया कि पुरानी परंपराओं को विलुप्त होने के बाद अब मजदूरी में काफी बढ़ोतरी हुई है। पहले दिन भर खेतों में धान रोपने पर आधा किलो चावल या सतुआ किसानों के द्वारा दिया जाता था। अब एक समय का खाने के साथ 250 से 350 रुपये मजदूरी में मिल जाता है।

## टीकाकरण कार्य को लेकर आशाकर्मी, फैसिलिटेटर को दिया गया एकदिवसीय प्रशिक्षण

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [झाझा] क्षेत्र में टीकाकरण के लिए मिले लक्ष्य की पूर्ति करने को लेकर मंगलवार को रेफरल अस्पताल के सभागार में क्षेत्र में कार्यरत आशा फैसिलिलेटर और आशाकर्मी के बीच एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अस्पताल प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरूण कुमार सिंह, बीसीएम पंकज कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक सुभाषचंद्र ने क्षेत्र में आशा को दिए गए लक्ष्य में गाभी के तहत कार्य कैसे करना है। लोगों को टीकाकरण के लिए कैसे प्रेरित करना है इनसभी चीजों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। बीसीएम ने बताया कि क्षेत्र में तीन माह में 95 प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य मिला है। लक्ष्य के अनुसार आशाकर्मी, फैसिलिटेटर अपना हर दिन का कार्य पूरा करने के बाद उसकी सूची बनायेगी। दिए गए लक्ष्य अनुसार आशाकर्मी, फैसिलिटेटर पूरी ईमानदारी पूर्वक कार्य करेगी अगर कार्य में लापरवाही बरती जाती है तो विभाग वैसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी करेगी।

## कैराकादो में जलजमाव को लेकर अंचलाधिकारी व बीडीओ ने किया स्थल निरीक्षण



प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड अन्तर्गत रतनपुर पंचायत के कैराकादो गांव के वार्ड नंबर 11 में शिव सागर धाम मंदिर के समीप गली में जलजमाव को लेकर ग्रामीणों द्वारा शिकायत करने के उपरांत अंचलाधिकारी आरती भूषण व प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार द्वारा स्थलीये निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अतिक्रमण किए हुए जमीन को हटाने का निर्देश दिया। अतिक्रमण किए हुए जमीन से नहीं हटाने पर कड़े कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। बता दे कि बिहार सरकार के मंत्री रत्नेश सदा व जमुई जिला के प्रभारी मंत्री कैराकादो गांव के महादलित टोला में बुधवार को एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। ऐसे में स्थानीय प्रशासन एक्टिव मूड में नजर आए। इस दौरान अंचलाधिकारी आरती भूषण ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान कही कि वार्ड नंबर 11 में सरकारी राशि से सामुहिक सोख्ता बनाया गया, लेकिन कुछ ग्रामीणों ने उसे मिट्टी से भर दिया। जिसकी शिकायत हमें मिली है। अतिक्रमण कियें ग्रामीणों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आप सरकारी जमीन को कब्जा नहीं करें। और इसे अतिक्रमण मुक्त कर दें नहीं तो आपके ऊपर कानूनी कार्रवाई होगी। इस दौरान रतनपुर पंचायत के मुखिया भोला यादव, राजस्व कर्मचारी अरमान, पंचायत सचिव, नीरज कुमार, रविंदर यादव, निरंजन मंडल, अरविंद मंडल, राहुल कुमार सहित दर्जनों दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## जन सुराज के संस्थापक का दो दिवसीय यात्रा जमुई में



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई. जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर दो दिनों के लिए जमुई जिले के दौरे पर हैं, जहां वह अपने समर्थकों के साथ अगले बिहार विधानसभा चुनाव की रणनीति बना रहे हैं. इस दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रशांत किशोर ने सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जन सुराज की बढ़ती मजबूती से आरजेडी परेशान है. फखऊके नेता कहा करते थे कौन है प्रशांत किशोर, वह तो बिजनेसमैन है. अब आरजेडी में नेताओं और कार्यकताओं की भगदड़ मची हुई है. आरजेडी के नेतृत्व पत्र निकाल कर कार्यकताओं से आग्रह कर रहे हैं कि वे दल छोड़कर ना भागें. तेजस्वी यादव के नाम पर वहां कोई टिकने वाला नहीं है. इस दौरान पीके ने यह भी कहा कि जन सुराज बिहार की सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। भाजपा की बी टीम के सवाल पर प्रशांत किशोर ने कहा कि बी टीम मान रहे हैं न वोह्व थोड़े दिन में पता चल जाएगा कि कौन अ टीम है और कौन इ टीम. इस दौरान प्रशांत किशोर ने जदयू और नीतीश कुमार पर भी हमला बोला. प्रशांत किशोर ने दावा किया है कि अगले विधानसभा चुनाव में जदयू अकेले लड़े चाहे एनडीए के साथ या महागठबंधन के साथ लड़े उसे परिणाम में मात्र बीस सीट ही आएगी. प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि वो खुद चुनाव नहीं लड़ेंगे, लेकिन आगामी 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में जन सुराज सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। नीतीश कुमार पर पीके का तंज! जन सुराज के संस्थापक ने कहा कि नीतीश कुमार सबको ठगे हैं, उन्होंने कई बार फोन किया कि वो फिर से साथ हो जाएं, लेकिन सियार फिर तरकुल के नीचे नहीं आने वाला. प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि अगर वह 2015 में नीतीश कुमार को कंधा नहीं दिए होते तो न नेता रहते न दल रहता और न विचारधारा रहता. अगर उस समय वो साथ नहीं दिया होता तो भाजपा ने जदयू को रौंद कर खत्म कर दिया होता. कुर्सी पर बने रहने के लिए जदयू के नेता और दल के लोग कुछ भी करने को तैयार हैं। मैं कोई चाणक्य नहीं-प्रशांत किशोर बिहार में अरविंद केजरीवाल का उदाहरण बनने पर प्रशांत किशोर ने कहा कि हमारी तुलना केजरीवाल से संपर्क केजरीवाल में कौन सा अभियान चलाया गांव-गांव में जाकर. प्रशांत किशोर ने खुद को चाणक्य होने से इनकार करते हुए कहा कि दो-चार-पांच चुनाव जीता देने से कोई चाणक्य नहीं बन जाता, चाणक्य तो सदियों में कोई एक विद्वान पैदा हुए हैं, जिनका कोई सानी नहीं है. बिहार सुधारने के लिए वह गांव-गांव घूम रहे हैं, लोगों को समझा रहे हैं, ताकि लोग चुनाव लड़ने के लिए सामने आएं, जिसके लिए जन सुराज हर तरह से सहयोग करने को तैयार है। पीके ने पुराना काम इसलिए छोड़ा पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ हुए अत्याचार की घटना को निंदनीय बताते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि जिन दलों को उन्होंने साथ दिया. 10 बर्षो में जिसकी भी सरकार बनवाया वो दावा नहीं करते कि वो अच्छी सरकार चला रहे हैं।

## साईकल से गिरकर बुजुर्ग व्यक्ति हुआ घायल, इलाजरत

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] थाना क्षेत्र के खलासी मोहल्ला के समीप साईकल से गिरकर एक बुजुर्ग व्यक्ति गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगो की मदद से इलाज के लिए झाझा स्तिथ रेफरल अस्पताल लाया। घायल की पहचान ककनिया तरी गांव निवासी ननकू ठाकुर (65) के रूप में हुई है। घायल ननकू ठाकुर ने बताया की वह साईकल पर सवार होकर झाझा बाजार जरूरी कार्य को लेकर जा रहे थे की तभी खलासी मोहल्ला के समीप सड़क पर साईकल गड्ढे में फस गया जिसे वह गिर पड़ा। अस्पताल में इलाजरत बुजुर्ग व्यक्ति का इलाज किया जा रहा है।

## 50 हजार का इनामी कुख्यात अपराधी संदीप कुमार को हथियार कारतूस और मादक पदार्थ के साथ किया गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा 50 हजार का इनामी अपराधी संदीप कुमार उर्फ पहलवान हथियार और गोलियों के साथ गिरफ्तार किया गया। दरअसल मधेपुरा पुलिस ने 50 हजार के इनामी अपराधी कबियाही निवासी संदीप कुमार उर्फ पहलवान को देशी कट्टा और पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि शंकरपुर थाना क्षेत्र के मौरा रामनगर उप स्वास्थ्य केंद्र के समीप गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस मामले में मधेपुरा एसपी संदीप सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शंकरपुर थाना क्षेत्र के कबियाही वार्ड संख्या 11 निवासी उपेंद्र यादव का पुत्र 50 हजार रुपए का इनामी अपराधी संदीप कुमार उर्फ पहलवान हथियार से लैस होकर अपने घर के तरफ जा रहा है। कुछ देर बाद वह बाइक से मौजहा टोला की ओर जाएगा। शंकरपुर थाने की पुलिस उक्त स्थल पर पहुंची तो कबियाही की तरफ से कुख्यात अपराधी संदीप कुमार बाइक से आ रहा था। पुलिस बल को देखकर वह कई राउंड फायरिंग करते हुए तेजी से गाड़ी भगाने के क्रम में मौरा रामनगर उप स्वास्थ्य केंद्र के पास बाइक से गिर गया और जख्मी हालत में पुलिस ने उसे धर दबोच लिया। वहीं तलाशी लेने दौरान एक कट्टा, एक पिस्टल, चार जिंदा गोली, दो खोखा और 984 ग्राम मादक पदार्थ गांजा भी बरामद किया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी संदीप कुमार के विरुद्ध मधेपुरा के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, रंगदारी जैसे 11 संगीन मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अपराधी के विरुद्ध अन्य जगहों से भी अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। वहीं छापेमारी टीम में शंकरपुर थानाध्यक्ष रौशन कुमार, दारोगा अभय कुमार सिंह, उत्तम कुमार मंडल, सिपाही तनवीर आलम, अरुण कुमार, कृष्णा कुमार, अमित कुमार, हरेराम कुमार, कलीम आदि शामिल थे।

**सम्पादकीय**

## निराशाजनक ओलंपिक के बाद

पेरिस ओलंपिक, 2024 में भारत का सफर समाप्त हुआ। कुछ उपलब्धियां रहीं, कुछ पहली बार के रिकॉर्ड बने, हॉकी ने तो कमाल कर दिया, लेकिन कुल मिला कर सफर निराशाजनक रहा। एक बार फिर भारत शीर्ष 70 देशों की सूची में नहीं है। भारत एक रजत पदक और 5 कांस्य पदकों के साथ 71वें स्थान पर रहा, जबकि टोक्यो ओलंपिक में हमारा स्थान 48वां था। 1996 के अटलांटा और 2000 के सिडनी ओलंपिक खेलों में भी भारत मात्र 1-1 कांस्य पदक के साथ 71वें स्थान पर था। यह 1992 के बाद पहला मौका है, जब भारत पाकिस्तान (62वां स्थान) से पीछे रहा है। उस साल भारत खाली झोली लौटा था, जबकि पाकिस्तान एक कांस्य पदक हासिल करने में कामयाब रहा था। विश्व जनसंख्या में भारत की 18 फीसदी हिस्सेदारी है, लेकिन ओलंपिक पदक की उपलब्धि मात्र 0.5 फीसदी है।

अर्थात इतनी-सी आबादी ही ओलंपिक पदक जीतने लायक है। यह आंकड़ा निराशाजनक ही नहीं, राष्ट्रीय अपमान भी है। ओलंपिक पदक का सीधा संबंध आबादी से नहीं है, क्योंकि एक लाख जनसंख्या वाले देश ने भी स्वर्ण पदक जीता है और 144 करोड़ की सर्वाधिक आबादी वाले भारत को एक-एक पदक के लिए तरसना पड़ता है। पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 खिलाडिों ने भाग लिया, लेकिन 16 खेलों में ही अपना हुनर दिखा पाए। उसमें भी मुी भर सूरमाओं को छोड़ कर शेष फिसड्डी ही साबित हुए। चूंकि उन खिलाडिों ने पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, लिहाजा हम उनकी प्रशंसा में तालियां बजाएं, हम ऐसा नहीं कर सकते। इन खिलाडिों पर सरकारी कोष से 470 करोड़ रुपए खर्च किए गए। यह करदाता का ही पैसा था। खिलाडिों को प्रशिक्षण दिलाया गया, विदेशी कोच रखे गए, विदेश में खेलने के अवसर दिए गए और देश में सभी सुविधाएं मुहैया कराई गईं। इतना सब कुछ महज प्रतिनिधित्व के लिए नहीं किया गया। दिक्कत यह है कि हमारे अधिकतर खिलाड़ी चैम्पियन की मानसिकता से ही नहीं खेले, लिहाजा 6 मुकाबलों में 8 खिलाड़ी चौथे स्थान पर रहे।

न जाने उन्हें चौथे स्थान से इतना लगाव क्यों हो गया है? इस जमात में मीराबाई चानू (भारोत्तोलन), लक्ष्य सेन (बैडमिंटन), अर्जुन बाबुता (शूटिंग), मनु भाकर (शूटिंग), धीरज बोम्मदेवरा-अंकिता भक्त (तीरंदाजी), माहेश्वरी चौहान-अनंतजीत सिंह (स्कीट मिश्रित) आदि खिलाड़ी ऐसे ही हैं, जो जीत की दहलीज से वापस मुड़े हैं। लक्ष्न ने कांस्य पदक मुकाबले में पहला सैट जीत लिया था, लेकिन उसके बाद उन्होंने खेल में आत्मसमर्पण ही कर दिया। मीराबाई मात्र एक किलोग्राम से पिछड़ गईं, जबकि वह टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता रही हैं। स्कीट जोड़ी भी चीन से मात्र एक अंक पिछड़ गई। मनु भाकर ने तो 10 मीटर पिस्टल में दो कांस्य पदक जीत कर इतिहास रचा है। वह 25 मीटर पिस्टल में, आखिरी पलों में, निशाना चूक गईं। यह कुछ हद तक क्षम्य है। बैडमिंटन में तो भारत को खाली हाथ लौटना पड़ा है। सात्विक-चिराग की विश्व विख्यात जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में ही घुटने टेक दिए। उनसे स्वर्ण पदक की अपेक्षाएं की जा रही थीं।

भारत के खिलाडिों ने औसतन 29 करोड़ लोगों पर एक ओलंपिक पदक जीता है और वह भी स्वर्ण पदक नहीं, लिहाजा पेरिस ओलंपिक के दौरान एक बार भी भारत के राष्ट्रगान की धुन नहीं बजी। सिर्फ स्वर्ण पदक जीतने पर ही राष्ट्रगान की धुन बजाई जाती है। बहरहाल अब ओलंपिक खेलों का पटाक्षेप हो चुका है, लिहाजा भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल मंत्रालय और अन्य हितधारकों को व्यापक विमर्श करना चाहिए कि लगातार प्रयासों के बावजूद भारत खेलों में पिछड़ा क्यों है? यह सरोकार प्रख्यात बैडमिंटन खिलाड़ी और अब कोच प्रकाश पादुकोण ने भी उठाया है।

## अब तो मुंह खोलिये हिन्दू हृदय सम्राट

**राकेश अचल**

पड़ौस के बांग्लादेश में रहने वाले हिन्दुओं के ऊपर हो रहे अकल्पनीय अत्याचारों के खिलाफ पूरी दुनिया के हिन्दू लामबंद हैं लेकिन हिन्दू हृदय सम्राट,विश्वगुरू मौन साधे हुए है। सब चाहते हैं की इस मुद्दे पर सरकार मौन रहे और विपक्ष बोले। सरकार इस मुद्दे पर भी विपक्ष को कटघरे में खड़ा करना चाहती है। ये समय है कि सरकार बांग्लादेश में रहने वाले हिन्दुओं के मानवाधिकारों की रक्षा के लिए न सिर्फ बांग्लादेश की कामचलाऊ सरकार पर आँखें तरेरे बल्कि यदि आवश्यक हो तो और जरूरी कार्रवाई भी करे। बांग्लादेश की कुल जनसंख्या 17,48,74,667 है. इसमें 91 फीसदी जनसंख्या मुसलमानों की हैं और इसमें सुन्नी मुस्लिम ज्यादा हैं। इसके बाद सबसे ज्यादा संख्या में हिंदू रहते हैं। बांग्लादेश में करीब 8 फीसदी हिंदू रहते हैं. हिंदुओं के बाद यहां बौद्ध और ईसाई धर्म को मानने वाले लोगों की है। यानि बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यक हैं। उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार हो रहा है। हिन्दुओं के घर जलाये जा रहे हैं, मंदिर जलाये जा रहे हैं। उनकी हत्या की जा रही है। आखिर इसकी जड़ में है कौन?

शुरू में बांग्लादेश में जनगणना की गई थी, उस वक्त बांग्लादेश की जनसंख्या में 22 फीसदी हिंदू थे और अब ये प्रतिशत लगातार कम होता जा रहा है। साल 2011 में जनगणना करवाई गई तो ये प्रतिशत 8.5 फीसदी रह गया था और अब ये 8 फीसदी से भी कम है. वहीं, जनसंख्या में मुस्लिम हिस्सेदारी 76 फीसदी से 91 फीसदी हो गई है। अगर संख्या के हिसाब से देखें तो बांग्लादेश में करीब 15 करोड़ मुसलमान हैं और इसके बाद 1.31 करोड़ जनसंख्या है। ये आबादी आज खतरे में है। मुझे लगता है कि बांग्लादेश में आज जो कुछ भी हो रहा है उसके लिए वहां की सरकारों का ही दोष है। सरकारें ही हिन्दू-मुसलमान करतीं हैं और समाज में नफरत के बीज बोतीं है। कहीं ये जहर सर चढ़कर बोलता है और कहीं सतह पर नहीं आ पाता.। बांग्लादेश में हिन्दुओं के मुद्दे पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद के दोनों सदनों में कहा कि पड़ोसी देश राजनीतिक संकट से जूझ रहा है। वहां के हालात पर भारत सरकार की नजर है। विदेश मंत्री ने कहा था कि भारत सरकार बंग्लादेश में अपने नागरिकों के संपर्क में है। इस वक्त वहां करीब 19 हजार भारतीय मौजूद हैं, जिनमें से 9000 छात्र हैं। वहां अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। बांग्लादेश में जो भी सरकार बने उनसे मांग है कि भारत के हाई कमीशन की सुरक्षा की जाए। भारत सरकार के बयान से जाहिर है कि उसे बांग्लादेश में रहने वाले भारतीय नागरिकों की फिक्र है,वहां रहने वाले अल्पसंख्यक हिन्दुओ की नहीं,जबकि अब उड़ा समूचे हिन्दुओं पर हमलों और ज्यादतियों का है। ऐसा माना जाता है कि भारत सरकार बांग्लादेश के साथ इस मुद्दे पर कोई टकराव नहीं चाहती,शायद इसीलिए इस मुद्दे पर उसका रुख ढुलमुल है। ये कूटनीति है तो कोई कुछ नहीं कह सकता लेकिन ये यदि हिन्दू नीति है तो एकदम गलत है। भारत सरकार को इस समय तमाम बाध्यताओं के बावजूद बांग्लादेश की कामचलाऊ सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस को समझा देना चाहिए कि यदि बांदलादेशी हिन्दुओं के ऊपर हमले न रुके तो बांग्लादेश के लिए ये आत्मघाती साबित होगा। लेकिन समस्या ये है कि भारत ये कहे किस मुंह से? इस मुद्दे पर कांग्रेस,समाजवादी पार्टी और यहां तक की बसपा तक अपना मत जता चुकी है लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा लगातार घड़ियाली आंसू बहा रही है। सरकार ने बांग्लादेश से निर्वासित पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को तो संरक्षण दे दिया है लेकिन बांग्लादेश के हिन्दुओं को लेकर उसकी अपनी कोई स्पष्ट नीति नहीं है। जाहिर है कि भारत सरकार बांग्लादेश में घुसकर हिन्दुओं की रक्षा नहीं कर सकती लेकिन भारत की इतनी हैसियत तो है कि वो अंतराष्ट्रीय स्तर पर इस मुद्दे को उठाकर बांग्लादेश सरकार पर बाजिब दबाब बना ले। बांग्लादेश की कोई भी सरकार भारत की अनदेखी कर अपना भविष्य नहीं सुधार सकती भले ही वो सरकार चीन समर्थक हो या सेना समर्थक। इसलिए उसे भारत के कूटनीतिक हस्तक्षेप के सामने झुकना ही पडेगा। भारत सरकार के सामने एक व्यावहारिक समस्या ये है कि वो जैसे अपने देश से मुसलमानों को नहीं खदेड़ सकती उसी तरह बांग्लादेश के तमाम हिन्दुओं को उठाकर भारत नहीं ला सकती। भारत सरकार बांग्लादेश पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश कर सकती है। उसे चेतावनी दे सकती है। लेकिन अभी तक ऐसा कोई कदम भारत सरक्कार की और से उठाया नहीं गया है। मै कभी भी हिन्दू-मुसलमान के फेर में नहीं पड़ता,लेकिन मेरे अनेक पाठकों ने मुझसे अपेक्षा की,कि मै बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे उत्पीड़न के बारे में लिखूं। इसीलिए मेरा कहना है की इस मुद्दे पर सरकार मनवीय आधार पर पहल करे। सरकार केवल हिन्दू-हिन्दू कहकर इस मुद्दे पर अंतर्राष्ट्रीय समर्थन हासिल नहीं कर सकती। विपक्ष इस मुद्दे पर खामोश रहे तो उसे हिन्दू विरोधी करार दिया जाता है और बोले तो कहा जाता है की वो कोई सरकार है क्या? बावजूद इसके कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इन हमलों पर चिंता जताई है। थरूर ने मोहम्मद युनूस से ऐसे हमलों को रोकने और पड़ोसी देश में सभी धर्म के लोगों के हित में कानून-व्यवस्था बहाल करने की अपील की है।

# मालदीव-भारत के बेहतर होते रिश्तों के सबब

**विदेश मंत्री एस जयशंकर की पिछले सप्ताह हुई मालदीव यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का जैसा दोस्ताना रवैया देखने को मिला, जिस तरह से उन्होंने भारत के साथ आगे बढ़ने की मंशा जाहिर की, यह उन्हें अपनी गलती का अहसास कराने का ही द्योतक कहा जा सकता है। देर आये दुरस्त आये वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए भारत-मालदीव के रिश्तों को भावनात्मक राजनीति के तकाजों पर कूटनीति की ठोस हकीकतों की जीत के रूप में देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पूर्व कार्यकाल में पडोसी देशों की यात्रा करते हुए उनसे भारत के संबंधों को सौहार्दपूर्ण एवं विकासमूलक बनाने के प्रयास किये। इसी के तहत मोदी की तत्कालीन मालदीव दौरे का मुख्य उद्देश्य नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत सुरक्षा, विकास की दृष्टि के भारत के संबंधों को और मजबूत करना था। दौरे के दौरान मोदी को मालदीव के सर्वोच्च सम्मान ह्यनिशान इजुद्दीनह्ल से भी सम्मानित किया गया। दरअसल मालदीव की दक्षिण एशिया और हिन्द महासागर में जो स्ट्रेटजिक (सामरिक) लोकेशन है, वह भारत के लिए बेहद अहम है। मालदीव में पिछले कुछ सालों में चीन ने अपना प्रभुत्व बढ़ाया है, उसे हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर उल्लेखनीय सफलता भी मिली। लेकिन यह सब करने के पीछे चीन का मुख्य लक्ष्य मालदीव की भारत से दूरी बढ़ाना भी रहा, जिसमें उसे बड़ी सफलता मिली। इस प्रकरण की शुरूआत पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में एक प्रत्याशी के तौर पर मुइज्जू ने भारत विरोधी भावनाओं पर दांव लगाया था।**





**ललित गर्ग**
**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं**

चीन की कटपुतली बने मालदीव को आखिर भारत की कीमत समझ में आ गयी। चीन एवं पाकिस्तान की कुचालों एवं षडयंत्रों से भारत के पडोसी देशों की हालात जर्जर होती जा रही है, जिसका ताजा उदाहरण बांग्लादेश है। लेकिन एक पडोसी देश के रूप में पिछले करीब एक साल की अवधि में मालदीव ने भी गहरे हिचकोले खाने एवं कई कड़वे अनुभवों से गुजरने के बाद अब पटरी पर आ गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की पिछले सप्ताह हुई मालदीव यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का जैसा दोस्ताना रवैया देखने को मिला, जिस तरह से उन्होंने भारत के साथ आगे बढ़ने की मंशा जाहिर की, यह उन्हें अपनी गलती का अहसास कराने का ही द्योतक कहा जा सकता है। देर आये दुरस्त आये वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए भारत-मालदीव के रिश्तों को भावनात्मक राजनीति के तकाजों पर कूटनीति की ठोस हकीकतों की जीत के रूप में देखा जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पूर्व कार्यकाल में पडोसी देशों की यात्रा करते हुए उनसे भारत के संबंधों को सौहार्दपूर्ण एवं विकासमूलक बनाने के प्रयास किये। इसी के तहत मोदी की तत्कालीन मालदीव दौरे का मुख्य उद्देश्य नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत सुरक्षा, विकास की दृष्टि के भारत के संबंधों को और मजबूत करना था। दौरे के दौरान मोदी को मालदीव के सर्वोच्च सम्मान ह्यनिशान इजुद्दीनह्ल से भी सम्मानित किया गया। दरअसल मालदीव की दक्षिण एशिया और हिन्द महासागर में जो स्ट्रेटजिक (सामरिक) लोकेशन है, वह भारत के लिए बेहद अहम है। मालदीव में पिछले कुछ सालों में चीन ने अपना प्रभुत्व बढ़ाया है, उसे हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर उल्लेखनीय सफलता भी मिली। लेकिन यह सब करने के पीछे चीन का मुख्य लक्ष्य मालदीव की भारत से दूरी बढ़ाना भी रहा, जिसमें उसे बड़ी सफलता मिली। इस प्रकरण की शुरूआत पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में एक प्रत्याशी के तौर पर मुइज्जू ने भारत विरोधी भावनाओं पर दांव लगाया था। वह बार-बार सार्वजनिक तौर पर यह संकल्प करते देखे गए कि सत्ता में पहुंचते ही भारतीय सैनिकों को मालदीव से विदा कर देंगे। हालांकि सबको पता था कि भारतीय सैनिकों की वहां मौजूदगी सांकेतिक ही थी। भारत और मालदीव के बीच सदियों पुराने प्रेम एवं सौहार्द के रिश्ते एकाएक तल्ख होते दिखाई देने लगा। मालदीव की तरफ से लगातार तनाव बढ़ाने वाले बयान आते रहे, लेकिन भारत की तरफ से फिर भी संतुलित नीति अपनाई जाती रही है। इसी दौरान मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की, जिसका उद्देश्य कत्तई किसी भी देश के पर्यटन को नुकसान पहुंचाना नहीं था, बल्कि अपने देश में पर्यटन की नई संभावनाओं को तलाशना है।

प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर बॉयकाट मालदीव ट्रेंड होने लगा। इस हैशटैग के साथ लोगों के ऐसे पोस्ट की बाढ़ आ गई, जिसमें वे मालदीप और लक्षद्वीप की तुलना करते हुए लक्षद्वीप को बेहतर बता रहे है। मुइज्जू के भारत विरोध उनके अनेक मंत्रियों की तल्ख टिप्पणियों एवं रवैये के कारण वहां की अर्थ-व्यवस्था गिरने लगी, विशेषतः पर्यटन उद्योग को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। मालदीव की नई सरकार के रुख को देखते हुए भारत ने भी वेट एंड वॉच की पॉलिसी अख्तियार कर ली। नतीजा यह हुआ कि भारत से छुट्टियां बिताने मालदीव जाने वाले टूरिस्टों की संख्या कम होने लगी। इस साल के शुरूआती चार महीनों की अवधि में वहां भारतीय टूरिस्टों की संख्या में 42 प्रतिशत घट गयी। ध्यान रहे, मालदीव की जीडीपी में टूरिज्म का योगदान 30 प्रतिशत है। इतना ही नहीं, भारत के सहयोग से चलने वाले इन्फ्रा प्रॉजेक्ट्स और हेल्थ, एजुकेशन और कृषि क्षेत्रों से जुड़े कई प्रॉजेक्ट्स का भविष्य भी अधर में लटका दिखाई देने लगा। मुइज्जू सरकार इनकी अनदेखी नहीं कर सकती थी। किसी अन्य देश का सहयोग भी इसकी भरपाई नहीं कर सकता था। ऐसे में मुइज्जू सरकार ने पिछले कुछ समय से अपने रुख में बदलाव का संकेत देना शुरू कर दिया था। भारत ने भी इन संकेतों का सम्मान किया। नतीजा यह कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव की यात्रा की, जिसके कारण दो पड़ोसी देशों के पुराने रिश्ते फिर पटरी पर लौटते दिख रहे हैं।

मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था और इसके बाद उन्होंने कई भारत विरोधी फैसले किए, लेकिन इन स्थितियों के कारण हुए भारी नुकसान का झेलते हुए मालदीव चीन के मनसूबों का भाप गया। भारत का पड़ोसी देश मालदीव हिंद महासागर पर बसा है और इस कारण यह सुरक्षा की दृष्टि से भी अहम है। यहां की नई सरकार चीन के करीब दिख रही है और चीन अपने मनसूंबो को पूरा करने के लिये गलत रास्तों पर ढकेल रहा है। मालदीव के नए राष्ट्रपति ने तो अपने चुनाव प्रचार में ही ह्यइंडिया आउटह्ल का नारा दिया था। भारत एवं मालदीव के बीच तल्खी अगर बढ़ती तो हिंद महासागर रीजन की सिक्योरिटी भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकती है।

चीन हमारे रिश्तों की तल्खी का फायदा उठाने की लगातार कोशिश कर रहा है। जिसका भारत ने खयाल रखा। इसलिए भारत सरकार की तरफ से संतुलित नीति पर बल दिया जाता रहा है, जबकि मालदीव की तरफ से तो लगातार काफी कुछ गलत कहा जाता रहा है। लेकिन मालदीव को भी यह समझ आ गया कि भारत से दूरी उसके लिये नुकसानदायी है। चीन की तुलना में भारत से मालदीव के हित ज्यादा गहराई से जुड़े हैं। फिर भी मुइज्जू भारत के साथ रिश्तों में आ रही संभावित दूरी की भरपाई चीन से करीबी रिश्तों के रूप में करना चाहते हैं। हालांकि एक्सपर्ट्स तब भी इस बात की ओर ध्यान खींच रहे थे कि भू-राजनीति की वास्तविकताओं के मद्देनजर यह संभव नहीं है कि मालदीव में जो भूमिका भारत निभा सकता है, वह चीन निभाने लगे। फिर भी चीन की शह पर भारत को आंख दिखाने की कोशिश होती रही है। राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद मुइज्जू के बयानों में हलकी सी नरमी जरूर दिखी, लेकिन नीतियों की दिशा बदलने का प्रयास फिर भी जारी रहा। लेकिन इससे हो रहे नुकसान को लेकर मुइज्जू सरकार सतर्क हो गयी। पर्यटन ही मालदीव की आय का सबसे बड़ा स्रोत है। भारत से करीब दो लाख से ज्यादा लोग हर साल मालदीव की यात्रा करते हैं। मालदीव में मौजूद भारतीय हाई कमिशन के आंकड़ों को मानें तो साल 2022 में 2 लाख 41 हजार और 2023 में

# अखंड भारत स्मृति दिवस पर विशेष : अखंड भारत ही बनेगा विश्व गुरु

**यह प्रतिकार निश्चित रूप से उस राष्ट्रभक्ति का परिचायक है, जो इस भारत देश को देवभूमि भारत के रूप में प्रतिस्थापित करने का प्रमाण प्रस्तुत करने का अतुलनीय सामर्थ्य रखती है। यह आज के समय की बात है, लेकिन हम उस काल खंड का अध्ययन करें, जब भारत के विभाजन हुए। उस समय के भारतीयों के मन में विभाजन का असहनीय दर्द हुआ। जो असहनीय पीड़ा के रूप में उनके जीवन में प्रदर्शित होता रहा और देश को जगाते जगाते वे परलोक गमन कर गए। अभी तक भारत देश के सात विभाजन हो चुके हैं। जरा कल्पना कीजिए कि अगर आज भारत अखंड होता तो वह दुनिया की महाशक्ति होता। उसके पास मानव के रूप में जनशक्ति का प्रवाह होता। लेकिन विदेशी शक्तियों ने भारत के कुछ महत्वाकांक्षी शासकों को प्रलोभन देकर भारत पर एकाधिकार किया और योजना पूर्वक भारत को कमजोर करने का प्रयास किया। आज जिस भारत की तस्वीर हम देखते हैं, वह अंग्रेजों और उन जैसी मानसिकता रखने वाले लालची भारतीयों द्वारा किए गए कुकृत्यों का परिणाम ही है, लेकिन आज भी भारत में एक वर्ग ऐसा भी है, जिनकी आंखों में अखंड भारत का सपना है। उनके मन में अखंड भारत बनाने का संकल्प है। इसी संकल्प के आधार पर वे सभी इस दिशा में सार्थक प्रयास भी कर रहे हैं। भारत के मनीषी और राष्ट्र के साथ एकात्म भाव रखने वाले महर्षि अरविंद ने विभाजन के असहनीय दर्द को आम जन की दृष्टि से देखने का आध्यात्मिक प्रयास किया। तब उनकी आंखों के सामने अखंड भारत का स्वरूप दिखाई दिया। योगीराज महर्षि अरविंद ने 67 वर्ष पूर्व 1957 में कहा था कि देर कितनी भी हो जाए,**





**सुरेश हिन्दुस्थानी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

वर्तमान में जब कहीं से भी देश को तोडे की बात आती है तो स्वाभाविक रूप से उसका प्रतिकार भी जबरदस्त तरीके से होता है। यह प्रतिकार निश्चित रूप से उस राष्ट्रभक्ति का परिचायक है, जो इस भारत देश को देवभूमि भारत के रूप में प्रतिस्थापित करने का प्रमाण प्रस्तुत करने का अतुलनीय सामर्थ्य रखती है। यह आज के समय की बात है, लेकिन हम उस काल खंड का अध्ययन करें, जब भारत के विभाजन हुए। उस समय के भारतीयों के मन में विभाजन का असहनीय दर्द हुआ। जो असहनीय पीड़ा के रूप में उनके जीवन में प्रदर्शित होता रहा और देश को जगाते जगाते वे परलोक गमन कर गए। अभी तक भारत देश के सात विभाजन हो चुके हैं। जरा कल्पना कीजिए कि अगर आज भारत अखंड होता तो वह दुनिया की महाशक्ति होता। उसके पास मानव के रूप में जनशक्ति का प्रवाह होता। लेकिन विदेशी शक्तियों ने भारत के कुछ महत्वाकांक्षी शासकों को प्रलोभन देकर भारत पर एकाधिकार किया और योजना पूर्वक भारत को कमजोर करने का प्रयास किया। आज जिस भारत की तस्वीर हम देखते हैं, वह अंग्रेजों और उन जैसी मानसिकता रखने वाले लालची भारतीयों द्वारा किए गए कुकृत्यों का परिणाम ही है, लेकिन आज भी भारत में एक वर्ग ऐसा भी है, जिनकी आंखों में अखंड भारत का सपना है। उनके मन में अखंड भारत बनाने का संकल्प है। इसी संकल्प के आधार पर वे सभी इस दिशा में सार्थक प्रयास भी कर रहे हैं।

भारत के मनीषी और राष्ट्र के साथ एकात्म भाव रखने वाले महर्षि अरविंद ने विभाजन के असहनीय दर्द को आम जन की दृष्टि से देखने का आध्यात्मिक प्रयास किया। तब उनकी आंखों के सामने अखंड भारत का स्वरूप दिखाई दिया। योगीराज महर्षि अरविंद ने 67 वर्ष पूर्व 1957 में कहा था कि देर कितनी भी हो जाए, पाकिस्तान का विघटन और उसका भारत में विलय होना निश्चित है। राष्ट्र के प्रति इसी प्रकार का एकात्म भाव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर उपाख्य श्रीगुरुजी के जीवन में भी दृष्टव्य होता रहा। वे अपने शरीर को भारत देश की प्रतिकृति ही मानते थे। जब भी देश पर कोई संकट आता था, तब उनके शरीर में वैसा ही कष्ट होता था। इसलिए कहा जा सकता है कि उनको राष्ट्र की समस्याओं का पूर्व आभास भी होता था। जहां तक अखंड भारत की बात है तो यह मात्र कहने भर के लिए ही नहीं, बल्कि एक शाश्वत विचार है, जो आज भी भारत की हवाओं में गुंजायमान होता रहता है। विचार करने वाली बात यह भी है कि जब भारत देश के टुकड़े नहीं हुए थे, तब हमारा देश पूरे विश्व में ज्ञान का आलोक प्रवाहित कर रहा था। विश्व का सर्वश्रेष्ठ ज्ञान भारत के संत मनीषियों के पास विद्यमान था। इसलिए भारत के सिद्ध संत केवल भारत के संत न होकर जगद्गुरू के नाम से विख्यात हुए। उनकी दृष्टि में पूरा विश्व एक परिवार की तरह ही था। लेकिन ऐसा क्या हुआ कि भारत कई बार विभाजित होता रहा और आज जो भारत दिखाई देता है, वह भारत का एक टुकड़ा भर है।

भारत के विभाजन का अध्ययन किया जाए तो हमें यह भी ध्यान में रखना होगा कि यह विभाजन भारत की भूमि के टुकड़े करके ही हुए हैं। जिस भारत को हम माता के स्वरूप में पूजते आए हैं, उसे कम से कम वे लोग तो स्वीकार नहीं कर सकते, जो भारत की भक्ति में लीन हैं। इतिहास का अध्ययन करने से पता चलता है कि महाभारत कालीन गांधार देश यानी आज का अफगानिस्तान वर्ष 1747 में भारत से अलग हो गया। इसी प्रकार 1768 से पूर्व नेपाल भी भारत का अंग ही था। 1907 में भारत से अलग होकर भूटान देश बना। 1947 में पाकिस्तान का निर्माण हुआ। 1948 में श्रीलंका अस्तित्व में आया। इसी प्रकार पाकिस्तान के साथ अलग हुए बांगलादेश 1971 में एक अलग देश के रूप में स्थापित हुआ। जरा विचार कीजिए ये सभी देश आज भारत का हिस्सा होते तो भारत की शक्ति कितनी होती? आज कोई अखंड भारत की बात करता है तो कई लोग इसे असंभव कहने में संकोच नहीं करते। यहां पहली बात तो यह है कि हम किसी देश को छीनने की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि अपने देश के विभाजित भाग को भारत में मिलाने की ही बात कर रहे हैं। कभी भारत के हिस्से रहे देश को भारत में मिलाने की बात करना असंभव नहीं माना जा सकता। आज धीरे ही सही, लेकिन भारत उस दिशा की ओर प्रवृत हुआ है। जबकि जो देश भारत से अलग हुए हैं, उनमें से अधिकांश देश बहुत बुरे दौर से गुजर रहे हैं। श्रीलंका की स्थिति सबके सामने आ चुकी है। पाकिस्तान भी उसी राह पर बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। बांगलादेश में भुखमरी के हालात हैं। अफगानिस्तान खौफ के वातावरण में जी रहा है। सवाल यह उठता है कि इन देशों को भारत से अलग होने के बाद क्या मिला? कुछ नहीं।

वर्तमान में भारत में राष्ट्रीय एकता का भाव भी है तो भारत की संस्कृति का प्रवाह भी। भारतीय संस्कृति सबको जोडे का प्रयास करती है, जबकि अन्य संस्कृति में विश्व बंधुत्व का भाव नहीं है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि भारतीय संस्कृति के माध्यम से पूरे विश्व को एक ऐसी दिशा का बोध कराया जा सकता है, जहां शांति भी है और प्रगति के रास्ते भी हैं। अब इस दिशा में और अधिक तेजी से कदम बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए अब समय अनुकूल है। इसलिए सभी भारतीय नागरिक इस दिशा में आगे आकर उस प्रवाह में शामिल होने का प्रयास करें, जो भारत को अखंड बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। अखंड भारत की संकल्पना जहां भारत को ठोस आधार प्रदान करने में सहायक होगा, वहीं यही आधार भारत को पुनः विश्व गुरू के सिंहासन पर आसीन करेगा, यह तय है।

# एक महाशक्ति के रूप में भारत के उभरने की संभावनाएं

**लक्ष्मी पुरी**

जब से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत के लिए विकसित देश बनने का लक्ष्य रखा है और इसके महाशक्ति बनने का विश्वास व्यक्त किया है, तब से इसकी गति और क्षमता के बारे में अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि भारत एक अग्रणी देश बनने या महाशक्ति का दर्जा हासिल करने के कठिन लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है या नहीं। इस बारे में नवीनतम चर्चा एक प्रसिद्ध पत्रकार मार्टिन वुल्फ की है, जिन्हें मैं जिनेवा में व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के दिनों से फॉलो करता रहा हूं। इन्होंने 9 जुलाई 2024 को फाइनेंशियल टाइम्स में प्रकाशित अपने लेख वाई इंडिया विल बिकम ए सुपरपॉवर शीर्षक नामक एक लेख लिखा है। आलंकारिक भाषा में, उन्होंने जोर देकर कहा है कि भारत के अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर एक विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा व्यावहारिक तो नजर आती है, लेकिन यह संभाव्य नहीं है। व्यवहार्यता बनाम संभाव्यता वुल्फ की सोच को सबसे अच्छी तरह से व्यक्त करने वाली पंक्ति यह है कि भारत एक महाशक्ति तो बनेगा, परन्तु उसका स्तर पूरी तरह से चीन और अमेरिका के बराबर का नहीं होगा, लेकिन निस्संदेह रूप से एक मजबूत राष्ट्र होगा और एक ाकी दुनिया को जोड़ने वाला देश होने के नाते, भारत वैश्विक आर्थिक नतीजों को आकार दे सकता है और जरूर दे सकता है। अमेरिका जहां अभी भी तकनीकी रूप से बहुत अधिक उन्नत देश बना रहेगा और उसकी उत्पादकता भी कहीं अधिक रहेगी, वहीं भारत की विनिर्माण क्षमता कभी भी चीन के स्तर तक नहीं पहुंचेगी। इस आकलन से कोई भी तब तक असहमत नहीं हो सकता, बशर्ते भारत वैश्विक व्यापार, निवेश और तेज गति से तकनीकी विकास में पिछड़ने की वजह से होने वाले नुकसान से उबरते हुए विकास की दिशा में लंबी छलांग लगाने का कोई चमत्कार न दिखा दे। भारत की महाशक्ति बनने की संभावनाओं पर सवाल खड़ा करने का एक प्रमुख कारक यह है कि सबसे तेज विकास दर और सर्वोच्च प्रयासों के बावजूद, भारत की प्रति व्यक्ति आय (पीसीआई), वर्ष 2047 तक ग्रीस के प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (पीपीपी) के केवल 60 प्रतिशत तक ही पहुंच सकती है, जो अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा विकसित देश के रूप में वर्गीकृत किया गया सबसे गरीब राष्ट्र है और यह चीन के वर्तमान पीसीआई के आसपास ही है। चीन ह्यउच्च आय वाला देश नहीं है (विश्व बैंक), बल्कि यह विकसित अर्थव्यवस्था से बहुत कम है (आईएमएफ)। फिर भी, इसके महाशक्ति होने को लेकर न सही है, लेकिन एक बड़ी आर्थिक शक्ति होने को लेकर क्या किसी को कोई संदेह हो सकता है? विकास के मानदंड भारत कुछ प्रमुख पूर्व अपेक्षाओं को पूरा करने की राह पर है, जिसकी उसने पहचान की है। यह सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, जिसने वित्त वर्ष 2023- 2024 में वैश्विक उत्पादन में 8.2 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की है, जो वैश्विक उत्पादन वृद्धि के लगभग दो गुनी है और जिसके निकट भविष्य में लगभग 7 प्रतिशत (आईएमएफ) होने का अनुमान है। भारत आवश्यक आर्थिक उपलब्धि और इच्छाशक्ति अर्जित कर रहा है और विशेष रूप से मोदी सरकार के पिछले दस वर्षों के शासन में प्रगति और परिवर्तन का उल्लेखनीय रिकॉर्ड रहा है। विविध उत्पादन आधार और उत्पादकता वैश्विक औसत से दोगुनी दर से बढ़ रही है। वुल्फ ने यह सही ही कहा है कि विकास की गति इसके समावेशी होने पर आधारित है, जिसमें बेरोजगारी और गरीबी में उल्लेखनीय कमी आई है (पिछले दस वर्षों में लगभग 250 मिलियन भारतीय एमडीपी से बाहर निकले हैं) और श्रम बल भागीदारी में वृद्धि का योगदान रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### संस्थान के सदस्यों ने डीएम को दिया स्मार पत्र

जलालपुर।विहंगम सेवा संस्थान के सचिव शैलेन्द्र साधु एवं दधिची देहदान समिति ,छपरा इकाई के अध्यक्ष संजीव चौधरी के नेतृत्व में,उनकी टीम के द्वारा संयुक्त रूप से गरीबों के हित मे सरकार द्वारा निर्गत आयुष्मान कार्ड द्वारा अधिक से अधिक निजी अस्पतालों में इलाज हो, निजी चिकित्सको के पूर्जो के शूल्क निर्धारित हो, पूर्जो के अवधि 30 दिन की जाएं, निजी चिकित्सको द्वारा जांच के लिए मरीजो को स्वतंत्र की जाएं इत्यादि पांच सूत्री मांगों के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर विहंगम परिवार अध्यक्ष राधेश्याम , संरक्षक मुन्ना भास्कर,पंकज ठाकुर , राहुल शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### निःशुल्क शिविर का हुआ आयोजन, काफी संख्या में जुटी महिलाएं

छपरा ' नगर निगम वार्ड 30 में आम जनता की सुविधाओं को देखते हुए न्याय फाइटिंग फॉर द पीपुल के संस्थापक महासचिव सह पार्षद प्रतिनिधि मो सुल्तान हुसैन इदरीसी ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की सुविधा दिलाने को लेकर निःशुल्क शिविर का आयोजन किया ' शिविर में आयुष्मान भारत कार्ड, हेल्थ आईडी, श्रम कार्ड और सामाजिक सुरक्षा योजना हेतु विभिन्न पेंशन धारियों का जीवन प्रमाण पत्र और नया पेंशन बनाने के लिए भी आवेदन लिया गया ' शिविर का आज दूसरा दिन है, जिसमें वार्ड पार्षद नाजिया सुल्ताना की देख- रेख में आयोजन किया गया ' शिविर में जरूरतमंद महिलाओं ने काफी तादाद में इसका लाभ उठाया ' इस अवसर पर सुल्तान हुसैन इदरीसी,मैनुद्दीन अंसारी एवं अरुण राय सहित अन्य गणमान्य लोग सहयोग दिए ।

### विधायक के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने निकाला तिरंगा जुलूस

पानापुर(सारण)तरैया विधायक सह बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के उप मुख्यसचेतक जनक सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकतार्ओं ने तिरंगा जुलूस निकाला ।विधायक के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता प्रखंड मुख्यालय पानापुर स्थित गांधी स्मारक पर एकत्रित हुए ।गांधी स्मारक से बाइक पर सवार विधायक के नेतृत्व में कार्यकर्ता महम्मदपुर ,भोरहा क्वार्टर बाजार ,कोंधभगवानपुर होते हुए तरैया प्रखंड के उसरी चांदपुरा बाजार होते हुए इसुआपुर प्रखंड के डोइला बाजार पहुँचे जहां तिरंगा यात्रा का समापन हुआ ।इस दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया था ।तिरंगा यात्रा में मंडल अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ,पूर्व मुखिया धनंजय कुमार सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट मामले में 16 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

नगरा ।खैरा थाना क्षेत्र के पटेढ़ा गांव में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट मामले में दोनो पक्षों से कुल 16 लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है.पहले पक्ष से जयनाथ राय ने 7 लोग तथा दूसरे पक्ष के अखिलेश कुमार ने 9 लोगो को नामजद करते हुए घर में हुए विवाद के मामले में एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है.वहीं इस संबंध में खैरा थानाध्यक्ष अनिमा राणा ने बताया की दोनो पक्षों के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है

### धनगरहा मध्य विद्यालय के शिक्षक का हार्ट अटैक से मौत

बनियापुर । बनियापुर के मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक बालेश्वर माझी का हृदयाघात से मौत हो गयी है। बता दे कि मृत शिक्षक बालेश्वर माझी 34500 बैच के शिक्षक थे ,जिनकी बहाली 2007 मे हुई थी,श्री माझी सरल स्वभाव के मिलनसार व्यक्ति थे,जिनका निधन सुबह हार्ट अटैक से हो गयी है ।जिसके बाद पत्नी बच्चे साहित स्वजनों मे मातम छा गया है ।जिनके निधन पर शिक्षक नेता विनोद राय संजय यादव शिक्षक नेता इंद्रजीत महतो उमेश राय फागु राम डीडीओ मोहम्मद जलालुद्दीन आसमोहम्मद साहित दर्जनों शिक्षक ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया है तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है साथ ही उनके परिजनी को हर संभव साथ देने का आश्वासन के साथ ढाढस बंधया है। वही शोक संतप्त विद्यालय परिवार उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं की समीक्षा

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर ने आज ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। मनरेगा की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि इस वर्ष सितंबर माह तक के लिये निर्धारित लगभग 49.63 के लक्ष्य के विरुद्ध अबतक 38 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया है,जो लक्ष्य का 76.5 प्रतिशत है। जिला में सबसे कम उपलब्धि दिघवारा प्रखंड में है जो 36.44 प्रतिशत है। इसके अलावा रिविलगंज, इसुआपुर, लहलादपुर,एकमा,छपरा, पानापुर, अमनौर एवं मकेर में उपलब्धि 75 प्रतिशत से कम पाई गई। इन सभी प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारियों (पीओ) से स्पष्टीकरण मांगा गया। सभी पीओ को आगामी समय के लिये मानव दिवस के सृजन हेतु स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करने का निदेश दिया गया। मनरेगा के तहत मजदूरी का ससमय भुगतान लगभग 98 प्रतिशत है। सबसे कम मशरख प्रखंड में 91.5 प्रतिशत पाया गया। सभी पीओ को शत प्रतिशत भुगतान निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। मनरेगा के तहत वृक्षारोपण हेतु इस वर्ष लगभग 7 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अबतक लगभग 5 लाख पौधे सामाजिक वानिकी के तहत निजी भूमि पर लगाये गये हैं। सभी पीओ को ऐसे सरकरी उच्च विद्यालयों या अन्य संस्थानों में , जहाँ चहारदीवारी बनी हुई हो, वहाँ वृक्षारोपण कराने का निदेश दिया गया। सरकारी जमीन पर किनारे किनारे स्थानीय प्रजाति के वृक्षों को एक निर्धारित क्रम में लगाने हेतु कार्ययोजना बनाने का निदेश दिया गया। इससे कालांतर में जमीन की सीमा निर्धारण के साथ साथ जमीन की पहचान भी सरकारी भूमि के रुप में हो सकेगी। मनरेगा के तहत सभी पंजीकृत श्रमिकों का आधार सीडिंग का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है ।अद्यतन 98 प्रतिशत आधार सीडिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष का भी सत्यापन कर आधार सीडिंग सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिला में कुल स्वीकृत आवास 79599 के विरूद्ध 77438 आवास का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है,जो लगभग 97.29 प्रतिशत है। 2161 आवास अभी भी अपूर्ण है। इन सभी लाभुकों का आवास निर्माण को पूर्ण कराने हेतु प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। सभी अपूर्ण आवासों का कारण सहित वस्तुस्थिति का रिपोर्ट देने को कहा गया। जो लाभुक किश्त की राशि लेने के बाद लगातार प्रयास के बाबजूद गृह निर्माण का कार्य नहीं किया जा रहा है या पूर्ण नहीं किया जा रहा है, उनके विरूद्ध दी गई राशि की वसूली हेतु निलामपत्र वाद दायर कर कार्रवाई का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत वर्ष 2023-24 में लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत 2622 लाभुकों को आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई ।इनमें से 1414 लाभुकों ने अपना आवास निर्माण कार्य पूरा कर लिया है, जो लगभग 54 प्रतिशत है। सभी आवास सहायकों को प्रतिदन फील्ड में भेजकर लाभुकों से संवाद कर आवास का निर्माण पूरा कराने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना के तहत पूर्व के अधूरा आवास को पूर्ण करने/जर्जर आवास की मरम्मती करने हेतु सहायता राशि दी जाती है। इसके तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत 1500 लाभुकों को सहायता राशि दी गई, इनमें से 1030 लाभुकों ने अपना आवास निर्माण का कार्य पूरा किया है। शेष लाभुकों का गृह निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु स्थल निरीक्षण कर लाभुकों से संवाद कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने अपने प्रखंड अंतर्गत जमीनी वस्तुस्थिति के आधार पर आवास हेतु एकदम जरूरतमंद 50-50 लोगों को चिन्हित करने को कहा गया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के द्वितीय चरण के तहत सभी पंचायतों में कचरा प्रसंस्करण इकाई (डब्लू पी यू) का निर्माण किया जा रहा है। अबतक 194 पंचायतों में हढव का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। 14 पंचायतों को निकट के हढव से सम्बद्ध किया गया है। 36 पंचायतों में लेआउट किया जा रहा है। 53 पंचायतों में निर्माण कार्य प्रगति पर है।

## शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता : सांसद




प्रात : किरण, संवाददाता

दाउदपुर। शहीद स्मारक स्थल दाउदपुर के परिसर में 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान शहीद हुए भारत माता के वीर सपूत छट्ठू गिरि, फागु गिरि व कामता गिरि का शहादत दिवस मंगलवार को सद्भावना दिवस के रूप में समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में शहीदों के स्मारक व उनकी बलि-बेदी पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत चर्चित लोक गायक रमेश सजल द्वारा एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गए। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि दाउदपुर की धरती काफी गौरवशाली रही है। जहां छठु गिरी, फागु गिरी व कामता गिरी जैसे भारत माता के वीर सपूतों ने जन्म लिया और 13 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान अंग्रेजी पुलिस की गोली से शहीद हो गए। उनकी शहादत को कभी भुलाया नही जा सकता। सांसद ने कहा कि जो लोग अपने वतन के लिए जीने-मरने वाले लोग सदा के लिए अमर हो जाते हैं। आजादी की लड़ाई लड़ने वाले वीरों ने कभी जात-पात नही देखा। एकजुट होकर अंग्रेजों के खिलाफ लड़े तब जाकर हमारा देश आजाद हुआ। आज कुछ दल जात-पात करके समाज को बांटने की राजनीति कर रहे हैं। संविधान को खतरे में बता कर जनता को उकसाने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि आज देश का संविधान सबसे सुरक्षित हाथों में है। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने देश के वीर शहीदों को जो सम्मान दिया है वो किसी ने नही दिया। राष्ट्र का प्रतीक तिरंगा को हर घर के ऊपर फहराना एवं वीर सपूतों के शहादत स्थल पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देना सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने कहा कि दाउदपुर स्मारक समिति की मांग पर हमने पुस्तकालय की स्थापना एवं स्मारक भवन की मरम्मती में योगदान किया है। एनएच 531 से दाउदपुर स्टेशन के एप्रोच रोड को इन शहीदों के नाम पर बनवाने का काम किया। अगर स्मारक समिति प्रस्ताव पारित कर पत्र देती है तो शहीदों के सम्मान के लिए मैं संसद में भी मुद्दा उठाने के लिए तैयार हूँ। कार्यक्रम के बाद सांसद ने दाउदपुर स्थित बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। शहादत दिवस समारोह को प्रो. ओमप्रकाश सिंह, रेल यूनियन सचिव जेएन साह, सत्येंद्र भारती, पूर्व जिला पार्षद विजय प्रताप सिंह चुन्नू, मन्नान खान, अखिलेश्वर मिश्रा, जनसुराज नेता उदय शंकर सिंह, बच्चा यादव आदि लोगों ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के दौरान स्मारक समिति के अध्यक्ष रहे जेपी सेनानी स्व. शारदानंद सिंह, स्व. राय बहादुर सिंह व स्व. रजनीश सिंह को भी श्रद्धांजलि दी गई। समारोह का संचालन उदय शंकर गुड्डू व अतिथियों का स्वागत सचिव सुमन गिरी व अभय गोस्वामी ने किया। समारोह में राम निवास गिरी, रघुवीर भारती, शिवनाथ पूरी, यदुनंदन भारती, योगेंद्र शर्मा, काशीनाथ सिंह, गुड्डू कुशवाहा, कन्हैया यादव, रमेश भारती, तसौवर हुसैन, चंद्रभूषण वर्मा, कैलाश पंडित, भूपेंद्र सिंह, योगेंद्र गिरी, देवेंद्र गिरी, हेम नारायण सिंह, त्रिलोकी नाथ सिंह, अमरजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## परियोजन आधारित शिक्षण हेतु शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। मंगलवार को स्थानीय प्रखंड स्थित प्रखंड संसाधन केन्द्र के बैठक कक्ष में विभागीय आदेश पर रक्सौल बीईओ रंजना कुमारी के निदेशानुसार प्रखंड परियोजना प्रबंधक उज्ज्वल आनंद के नेतृत्व में तय तिथि एवं समय के अनुसार परियोजना आधारित शिक्षण का प्रशिक्षण शिक्षकों को दिया गया। जिसमें द्वितीय प्रखंड परियोजना प्रबंधक शशिभूषण कुमार, बीआरपी रामकिशोर प्रसाद, अवधेश कुमार सिंह, आशीष कुमार, किशन कुमार के साथ मास्टर ट्रेनर संतोष कुमार, मनीष कुमार, ए. कुमार एवं अभिषेक राज ने बारी-बारी शिक्षकों ने शिक्षकों को उक्त संबंध में प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना और बिहार गीत से की गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण या संक्षेप में पीबीएल शिक्षण की एक विधि है, जहाँ छात्र वास्तविक दुनिया और व्यक्तिगत रूप से महत्वपूर्ण और सार्थक परियोजनाओं में संलग्न होकर सीखते हैं। छात्र लंबे समय तक एक परियोजना पर काम करते हैं, दिलचस्प और जटिल सवालों के जवाब देते हैं या पूछताछ, जांच और आलोचनात्मक सोच के माध्यम से एक वास्तविक समस्या को हल करते हैं। परियोजना आधारित शिक्षण में विभिन्न माध्यम शामिल हो सकते हैं तथा इसमें इतने सारे अलग-अलग विषय शामिल हो सकते हैं कि छात्रों को अपनी शिक्षा के साथ-साथ अपने स्कूल और समुदाय के साथ भी जुड़ने का अवसर मिलता है। वहीं श्री उज्ज्वल ने कि इसके माध्यम से छात्रों को सरल तरीके से गणित और विज्ञान पढ़ाना है, ताकि छात्र रुचि लेकर इसे पढ़े। उन्होंने कहा कि इसका स्लोगन है कि पढ़िए, समझिए, करिए और सीखिए।

## कोलकाता में डॉक्टर की दुष्कर्म व हत्या के बाद डॉक्टरों ने कैंडल जला विरोध प्रदर्शन किया



प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर ।कोलकाता में एक रेजिडेंट डॉक्टर के साथ दुष्कर्म व हत्या की घटना के विरोध में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं वैष्णवी इमरजेंसी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ रंजन के तत्वाधान में कैंडल जला विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों ने दोषियों के खिलाफ अविलंब कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए और हर अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। जघन्य घटना को अंजाम देने वाले दोषियों को स्पीडी ट्रायल के जरिए अविलंब फाँसी की सजा दी जाए। राज्य सरकार इस केस को अविलंब सीबीआई को सौंप देनी चाहिए ताकि दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ कर सजा दी जा सके। इस कैंडल विरोध प्रदर्शन का समर्थन में दवा कंपनीयों ने भी डॉ. रंजन का समर्थन किया। विरोध प्रदर्शन में दवा कंपनियों के तरफ से प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ सुधीर, प्रमोद कुमार, मनीष कुमार, कमलेश सिंह, दिनेश कुमार, रोशन कुमार सिंह, समीर कुमार व लड्डू कुमार उपस्थित रहे। वहीं अस्पताल प्रबंधन की ओर से कैंडल विरोध प्रदर्शन में उपस्थित आलोक रंजन, संजीव कुमार, मधुसूदन तिवारी, पप्पू कुमार, सुजीत कुमार, पिंकी कुमारी, मंशु कुमार, रवि कुमार आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मढ़ौरा में राहगिरो के साथ यात्री वाहन को भी झेलनी पड़ती है जाम की समस्या

प्रात : किरण, संवाददाता



मढ़ौरा ग्रामीण मढ़ौरा डबरा पुल पर रोज सजने वाली दुकानों के कारण यहां हर रोज जाम की समस्या पैदा होती है। जिससे आम राहगिरो के साथ-साथ यात्री वाहन को भी काफी परेशानी होती है। डबरा पुल के साथ साथ उसके उत्तर और दक्षिण भी बाजार में रोड के दोनों तरफ दुकानदार अतिक्रमण कर इसे तंग कर दिए है जिस कारण एक साथ इधर से दो बड़ी गाड़ियों के गुजरने के दौरान जाम लग जाता है। इस जाम के कारण इधर से गुजरने वाली गाड़ियों को काफी परेशानी होती है और कई बार तो इस जाम में यहां के एसडीओ, डीएसपी, ईओ, सीओ,बीडीओ थानाध्यक्ष को भी अक्कसर फसना पड़ता है। हाल ही में जिला पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर नगर प्रशासन और अंचल पदाधिकारी की देखरेख में स्थानीय धेनुकी चौक से अंबेडकर पार्क तक अतिक्रमण हटाने का सिर्फ कोरम पूरा किया गया। जिस कारण फोर्स और प्रशासन के अधिकारियों के हटते ही यहा डबरा पुल पर फिर से दुकान सज गई और यहां फिर से जाम की समस्या जस की तस रह गई। यहा बाजार के दुकानदार रोड में ही छज्जा निकाले है जिसके ऊपर प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है। यहा अस्थाई अतिक्रमण के कारण मुख्य बाजार की सड़के तंग हो गई है। यही कारण है कि यहां हर रोज डबरा पुल और इसके उत्तरी व दक्षिणी छोर पर लोगों को जाम की समस्या झेलनी पड़ती है। इस सम्बन्ध में प्रो गोरा सिंह और दीपनारायण सिंह का कहना है कि उनके साथ साथ कई स्थानीय लोगों ने अनुमंडल प्रशासन से इसकी शिकायत कर चुके हैं किंतु इस दिशा में कोई ठोस और स्थाई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। जिससे आम लोग काफी हलकान है।

## डीआरआई ने हाथी दांत की तस्करी करने वाले गिरोह को पकड़ा, 5.5 किलोग्राम से अधिक एशियाई हाथी दांत जब्त किया

प्रात : किरण, संवाददाता




रक्सौल। विश्व हाथी दिवस के अवसर पर, राजस्व खुफिया निदेशालय अर्थात डी.आर.आई. पटना क्षेत्रीय इकाई ने एक महत्वपूर्ण अभियान चलाकर एशियाई हाथी दांत के अवैध व्यापार में शामिल चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इस ऑपरेशन के परिणामस्वरूप 5586.50 ग्राम हाथी दांत जब्त किया गया, जो कि वन्यजीव अपराध के खिलाफ जारी लड़ाई में एक बड़ी सफलता है। सूचना के आधार पर डी.आर.आई. पटना आरयू के अधिकारियों ने बिहार के सिवान के बाहरी इलाके में यह ऑपरेशन शुरू किया। यह ऑपरेशन एक कुख्यात शिकारी गिरोह को निशाना बनाने के लिए किया गया था और इसके लिए अत्यधिक साहस और संसाधनशीलता की आवश्यकता थी। हालांकि ऑपरेशन के दौरान डी.आर.आई. के अधिकारियों को मामूली चोटें भी आई, लेकिन उन्होंने अपनी दृढ़ता और पेशेवर रवैये को बनाए रखा और चारों व्यक्तियों को जिनमें ऑपरेशन का सरगना भी शामिल था, गिरफ्तार करने में सफल रहे। जब्त किए गए हाथी दांत के दो टुकड़े थे, जिनका कुल वजन 5,586.50 ग्राम था। यह हाथी दांत लुप्तप्राय एशियाई हाथी से प्राप्त किया गया था, जिसका काला बाजार में बहुत अधिक मूल्य होता है। इस अवैध मांग के कारण, कड़े वैश्विक और घरेलू प्रतिबंधों के बावजूद हाथी दांत का व्यापार अभी भी जारी है। डी.आर.आई. अधिकारियों ने वन विभाग, पटना और सिवान को सूचित किया और वन विभाग के अधिकारी इस जांच को आगे बढ़ाने के लिए डी.आर. आई. के साथ समन्वय कर रहे हैं। भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972, जो हाथी को अनुसूची-क के तहत संरक्षित प्रजाति के रूप में वर्गीकृत करता है, हाथी दांत के व्यापार को सख्ती से प्रतिबंधित करता है। वैश्विक समुदाय ने भी इस संरक्षण को मजबूत किया है, जिसमें एशियाई हाथी को सीआईटीईएस के परिशिष्ट-कमें शामिल किया गया है, जिससे 1989 से हाथी दांत के सभी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर प्रतिबंध लग गया है। इस ऑपरेशन से यह स्पष्ट होता है कि अवैध वन्यजीव तस्करी, विशेष रूप से हाथी दांत का व्यापार, लुप्तप्राय प्रजातियों जैसे कि एशियाई हाथी के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। जोखिम के बावजूद, डी.आर.आई. के अधिकारियों ने एक बार फिर वन्यजीव अपराधों पर अंकुश लगाने के प्रति अपनी तत्परता एवं भारत के वन्यजीव संरक्षण कानूनों को लागू करने और वैश्विक संरक्षण प्रयासों में योगदान देने की अपनी गहरी प्रतिबद्धता को दशार्या है। विश्व हाथी दिवस के अवसर पर यह सफल ऑपरेशन एक स्पष्ट संदेश देता है। हमारे देश के वन्यजीवों को खतरे में डालने वाली अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसमें शामिल लोगों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाएगा।

## इसुआपुर में 4 लीटर देसी शराब के साथ दो गिरफ्तार, गए जेल

प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर । इसुआपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर थाना क्षेत्र के केरवां बाजार से 4 लीटर देसी शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।लिया। गिरफ्तार कारोबारियों में केरवां गांव के महेश कुमार का पुत्र धनंजय कुमार तथा धामा परसा गांव के फीदा हुसैन का पुत्र यूनुस अंसारी है। छापेमारी टीम में अपर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार के साथ पुलिस बल थी।

## समस्याओं के निराकरण पर ध्यान दे पदाधिकारी : एसडीओ

प्रात : किरण, संवाददाता

पानापुर( सारण )प्रखंड मुख्यालय स्थित इ किसान भवन में मंगलवार को एसडीओ डॉ. प्रेरणा सिंह ने प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की ।इस बैठक में एसडीओ ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों की जो भी शिकायतें मिल रही है उसका समाधान प्रखंड स्तर पर ही करने का प्रयास करें ।प्रखंड स्तर पर समस्याओं का निराकरण हो जाने पर लोगो को अनुमंडल अथवा जिले का अनावश्यक चक्कर नही लगाना पड़ेगा ।वही बैठक में विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों ने बिजली ,नल जल , बरसात के दिनों में सर्पदंश की समस्याओं को उठाया जिसका एसडीओ ने निराकरण की बात कही।इससे पहले अपर परिवहन पदाधिकारी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री परिवहन योजना पर चर्चा की गयी ।एसडीओ ने बताया कि हर पंचायत को जिला मुख्यालय से जोड़ने की सरकार की योजना है जिसके लिए बिहार सरकार द्वारा पांच लाख का अनुदान है ।बैठक में बीडीओ आनंद पांडेय ,सीओ अभिजीत कुमार ,बीइओ प्रतिभा कुमारी ,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुमार गौरव ,एमडीएम प्रभारी अरविंद कुमार सहित अन्य कर्मी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जलालपुर में बीईईओ के मौजदगी में हेडमास्टर आदेशपाल आपस मे भिड़े मची अफरा-तफरी

प्रात : किरण, संवाददाता

कोपा ।जलालपुर की प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी स्कूल का औचक निरीक्षण कर रही थी ।उसी दरम्यान हेडमास्टर एवं आदेशपाल आपस में ही भिड़ गए। दोनों में जमकर तू-तू-मैं-मैं हुई ।यह सब होता रहा और बीईईओ अवाक होकर देखती रह गई। मामला प्रखण्ड के राजकीय बुनियादी विद्यालय रामपुर - नूरनगर से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निभा कुमारी आदेशपाल विनोद सिंह को साथ लेकर औचक निरीक्षण के लिए पहुंची थी ।बीईओ कार्यालय में बैठी थी। उन्होंने आदेशपाल विनोद सिंह से कहा कि जाकर कक्षाओं में देखें कि बच्चे कितने है? जैसे ही आदेशपाल ने बच्चों की संख्या बीईओ को बताया तब हेडमास्टर ललित सिंह आगबबूला होकर जमकर भला बुरा कहना शुरू किया ।इसी बीच दोनों में जमकर कहासुनी हुई। स्कूली छात्र एवं शिक्षक कुछ देर के लिए अवाक रह गए ।बीईओ ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि आदेशपाल को मैंने कहा है तब आप बोलने वाले कौन हैं?आपका यह आचरण बिल्कुल अशोभनीय है ।तब जाकर मामला शांत हुआ। हालांकि बीईओ निभा कुमारी ने निरीक्षण रिपोर्ट सौंपी है। इस संबंध में जलालपुर बीईओ निभा कुमारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## चर्चित जदयू नेता विभव राय हत्याकांड में पुलिस के हाथ अब भी खाली

प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा का चर्चित जेडीयू नेता विभव राय हत्याकांड के छठे दिन भी पुलिस के हाथ खाली हैं। लिहाजा बिहार प्रदेश जेडीयू अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और वाल्मीकिनगर के जदयू सांसद सुनील कुमार आज भीतहा पहुँचे जहाँ मृतक के शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर ढांढस बढ़ाया । इस दौरान ग्रामीणों के आक्रोश का जेडीयू नेताओं को सामना करना पड़ा । वहीं बिहार जदयू के अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा है की किसी भी सूरत में हत्यारे कोई भी हों वो बखशे नहीं जायेंगें। विभव राय के परिवार के साथ प्रशासन और सरकार खड़ी है और जल्द ही जेडीयू नेता विभव राय हत्याकांड का उदभेदन होगा। उन्होंने कहा की इस दुःखद घटना से पूरा जेडीयू परिवार मर्माहत है ।बतादें की उतर प्रदेश की सीमा से सटे धनहा थाना क्षेत्र के तमकुहवा स्थित सैलून में विभव राय की बुधवार संध्या गोली मारकर नकाबपोश अपराधियों ने हत्या कर दी थीं ।भीतहा प्रखंड जेडीयू अध्यक्ष विभव राय की सरेआम हुईं हत्या के बाद लोगों में आक्रोश अब भी देखा जा रहा है क्योंकि इस घटना में पुलिस के हाथ खाली हैं और नतीजा निकलना मुश्किल लग रहा है । लिहाजा स्थानीय लोग उनके परिजनों की सुरक्षा की भी मांग कर रहे हैं।

## भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ स्कॉर्पियो जप्त, कारोबारी हुए फरार

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा ' सारण पुलिस द्वारा ज़िले में अवैध शराब का सेवन, निर्माण,बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है` इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर मकेर थाना द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक स्कार्पियो से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ स्कॉर्पियो को जप्त किया गया है ' एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मिली सूचना के आधार पर एक स्कॉर्पियो सोन्हो की तरफ से तेजी से फुलवरिया के तरफ आ रही थीं स्कॉर्पियो को लोकेट करते हुए मकेर थाना शोभे टोला एन एच 722 पर पहुंचा तो, उक्त स्कार्पियो को पलटा हुआ पाया` स्कॉर्पियो की तलाशी के दौरान पाया गया कि गाड़ी में अंग्रेजी शराब लदी है, और गाड़ी में कोई व्यक्ति नहीं है` तलाशी के क्रम में कुल 472.86 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ है ' विदेशी शराब सहित स्कार्पियो को भी जप्त कर लिया है` पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार इस सम्बन्ध में मकेर थाना काण्ड संख्या 215/24 दर्ज कर बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत इस काण्ड में संलिप्त शराब तस्करों की गिरफ़्तारी को लेकर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारिओं में पुलिस अवर निरीक्षक सह थानाध्यक्ष रवि रंजन मकेर, अखिलेश कुमार एवं मकेर थाना कर्मी शामिल थे

## दरियापुर में भोजपुरी गायक अजीत हलचल गिरफ्तार, हरिजन एक्ट के थे आरोपी

प्रात : किरण, संवाददाता

दरियापुर ।स्थानीय पुलिस ने भोजपुरी गायक अजीत हलचल को सुमेरपट्टी से हरिजन एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया ।विगत 22 मार्च को मटिहान के भोजपुरी गायक अरुण अलबेला ने उन पर हरिजन एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराया था ।दर्ज एफआईआर में उन्होंने अजीत हलचल पर मोबाइल पर धमकी देने,जाती सूचक बात बोलने और कार्यक्रम से लौटने के दौरान मटिहान के पास अपहरण करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था ।इसके बाद से पुलिस अजीत हलचल की गिरफ्तारी में लगी थी ।बताया जा रहा है कि गायक अजीत हलचल अपना कार्यक्रम प्रस्तुत कर साथियों के साथ अपने घर लौट रहे थे ।तभी पुलिस को इसकी भनक मिली और सुमेर पट्टी से उन्हे गिरफ्तार कर लिए ।गायक कोपा थाना के टरवा पोझियां के रहने वाले हैं।

## बच्चे का शव बरामद

रिविलगंज। गत दो दिन से गायब 4 वर्षीय बच्चे का शव मंगलवार को कुआं में तैरते मिला मृतक बालक प्रियांशु कुमार भदपा गांव निवासी रविंद्र सिंह के पुत्र बताया जा रहा हैं ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची रिविलगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व खेलने के क्रम में घर से निकला प्रियांशु काफी देर बाद तक नहीं लौटा तब परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दिया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला थाना में सनहा दर्ज कराया गया। मंगलवार को दोपहर के बाद पता चला कि गांव के बगल में स्थित कुआं में बच्चे का शव तैर रहा था सूचना पर परिजन दौरे दौरे पहुंचे शव कुआं से निकलते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने चिल्लाने लगे। छोटा बच्चा कुआं के पास कब और कैसे पहुंचा पुलिस पता लगाने की प्रयास कर रही है जानकारी के अनुसार पुलिस एक बच्ची को पूछताछ के लिए लेकर गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### आपदा से बचाव, नुक्कड़ नाटकों से किया गया जन जागरूकता



आरा। आपदा से बचाव हेतू आम जन में जागरुकता लाने हेतू जिला प्रशासन के सौजन्य से विद्या कला उत्थान के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक वज्र पात के माध्यम जिले के सभी प्रखंडों में लोगों को जागरुक किया जा रहा है। विद्या कला संस्थान के सचिव और नाट्य दल के दल नायक श्री मुकेश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नाटक में वज्र पात से कैसे बचे और कैसे अपने आप को सुरझित रखे इन सब बातो को बताया जा रहा है। इस मौसम में बहुत ज्यादा जरुरी हो तभी घर से बाहर निकले, कभी भी बारिश के समय किसी पेड़ की ओट में न खडे हो. हम कलाकार आपदा से बचने के लिए गांव गांव, गली गली में जा कर अपने नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक कर रहे है. नुक्कड़ नाटक में काम कर रहे मुख्य कलाकाररों में नागेश्वर नयन, विभा, साहिबा, हरेंद्र दास, ज्योति कुमारी आदि शामिल है।

### अधूरा पड़े आवास योजना को पूर्ण करे : आवास पर्यवेक्षक

करपी। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुरारी मे प्रधानमंत्री आवास योजना को आवास पर्यवेक्षक नवल किशोर एवं आवास सहायक जाखिर आलम के द्वारा निरीक्षण किया गया। आवास पर्यवेक्षक नवल किशोर ने बताया कि मुरारी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी लाभुक को अधूरा पड़े मकान को पूर्ण करने के लिए निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि अधूरा पड़े आवास को पूर्ण नहीं करने पर विभागीय कार्रवाई किया जाएगा एवं लाभुक को पैसा वापस करना पड़ेगा।

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन

अरवल। समाहरणालय स्थित इंडोर स्टेडियम मे कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन अरवल के संयुक्त तत्वाधान में हर घर तिरंगा 2024 कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा साइकिल रैली का सफल आयोजन बालिका उच्च विद्यालय मे तक किया गया। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य लोगों में देश-प्रेम और राष्ट्रीयता की भावना जागृत करना है, जिसके परिपेक्ष में कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन द्वारा जिले में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत साइकिल रैली निकाली गई। इसी परिपेक्ष्य में सभी प्रखण्डों में भी साईकिल रैली का सफल आयोजन किया गया।

### प्रमंडल अंतर्गत सभी डाकघरों में राष्ट्रीय झंडा की बिक्री शुरूः वरीय डाक अधीक्षक

गया। प्रधान मंत्री की महात्वाकांक्षी योजना हर घर तिरंगा के तत्वाधान में गया प्रमंडल अंतर्गत सभी डाकघरों में राष्ट्रीय झंडा की बिक्री शुरु हो चुकी है। वरीय डाक अधीक्षक गया रास बिहारी राम के द्वारा यह बताया गया की ग्राहकों के द्वारा ऑनलाइन भी खरीदारी की जा रही है जिसका डिलीवरी सबंधित डाक घरों के डाकियों के द्वारा उनके द्वारा दिए गए पते पर की जा रही है। एक राष्ट्रीय झंडा का मूल्य 25/रुपया है। सभी डाकघरों से भी काउंटर से राष्ट्रीय झंडा की बिक्री की जा रही है। श्री रास बिहारी राम ने बताया कि राष्ट्रीय झंडा की ऑनलाइन बिक्री दिनांक 1अगस्त से की जा रही है। उन्होंने पुनः बताया कि जितनी भी झंडे की मांग होगी विभाग उसको पूरा करने की पूरी कोशिश करेगी। बाजार से सस्ता और अच्छी गुणवत्ता होने के कारण इसका डिमांड ज्यादा है। इस साल भी हर घर तिरंगा योजना के तहत दिनांक 9 दिसंबर से 15 दिसंबर तक अपने अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए लोग बहुत उत्साहित है। वरीय डाक अधीक्षक ने लोगों से अपील किया है की ज्यादा से ज्यादा लोग राष्ट्रीय झंडे की खरीदारी करें।

### प्रशासनिक भवन के ऊपर तिरंगा फहराकर किया गया उद्घाटन

गया। गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो डॉ सतीश सिंह चंद्र के द्वारा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आज प्रशासनिक भवन के ऊपर तिरंगा फहराकर इसका उद्घाटन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में राष्ट्र के प्रति निष्ठा और भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में 2047 तक स्थापित करना है। इस अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना सेजुड़े हुए स्वयंसेवक, एनसीसी के कैडेट एवं कॉलेज के अन्य छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस मौके पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा अंबेडकर साहब स्मारक स्थल पर स्वच्छता और प्रतिमा पर माल्यार्पण हुआ

## ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतुराज कार्यक्रम मे हुए शामिल

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतुराज के अध्यक्षता मे स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत महापुरुषो के स्वच्छता और माल्यार्पण कार्यक्रम के तहत पिछड़ा-दलित आंदोलन के प्रवर्तक महापुरुष भीमराव अंबेडकर जी के स्मारक स्थल पर कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज शामिल हुए। वही ओबीसी मोर्चा एंव अनुसूचित जाती मोर्चा सहित भाजपा के नेताओं और पदाधिकारी व कार्यकताओं ने महापुरुष भीमराव अमबेदकर जी के प्रतिमा की सफाई कर माल्यार्पण किया। इस दौरान वंदेमातरम, भारत माता की जय, डाक्टर भीमराव अमबेदकर अमर रहे-अमर रहे, वीर शहीद अमर रहे आदि नारे लगाए गए। तदोपरांत स्मारक स्थल परिसर मे स्वच्छता अभियान के तहत नेताओं और कार्यकताओं द्वारा झाड़ू



लगाकर सफाई किया गया। उक्त अवसर पर ओबीसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज ने कहा कि हर साल की भांति माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान0 पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम पूरे देश मे चल रहा है। 01 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत भाजपा के सभी मोर्चो, प्रकोष्ठों के द्वारा स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रम देश भर मे किए जा रहे है। वही ओबीसी मोर्चा किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा द्वारा महापुरुषों के स्वच्छता और माल्यार्पण का कार्यक्रम चल रहा है। उसी कार्यक्रम के तहत आज आरा मे पिछड़ा-अतिपिछड़ा एव दलित वर्ग के आवाज महापुरूष डाक्टर भीमराव अमबेदकर जी के प्रतिमा की सफाई और माल्यार्पण का कार्यक्रम हुआ। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान नागरिकों को जागरूक करने के लिए एक मिशन है। इस अभियान के द्वारा लोग महापुरुषों की मूर्ति की सफाई और माल्यार्पण हमेशा करते रहेंगे।

वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाया जा रहा है। युवा मोर्चा द्वारा तिरंगा यात्रा और अन्य मोर्चो द्वारा स्वच्छता अभियान और माल्यार्पण का कार्यक्रम हो रहा है। भाजपा द्वारा हर घर मे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी 32 मंडलो मे राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया गया है। डाकघर से भी राष्ट्रीय ध्वज का विक्री हो रहा है, जिसे सभी लोग अपने घरो मे स्वतंत्रता दिवस के दिन फहराएँगे। 14 अगस्त को विभाजन विभिषण स्मृति दिवस भाजपा भोजपुर द्वारा मनाया जाएगा। उक्त कार्यक्रम मे मौन यात्रा और बुद्धिजीवियों का संगोष्ठी कार्यक्रम होगा।

कार्यक्रम मे भाजपा ओबीसी महामंत्री आनंद गोपाल पंडित, हरेंद्र सिंह चन्द्रवंशी, अनुसूचित जाती जिलाध्यक्ष सह (बिससुत्री सदस्य) विजय पासवान, प्रवक्ता संतोष सिंह, हरेराम चन्द्रवंशी, आलोक चन्द्रवंशी, उदय सिंह, हरेन्द्र पांडेय, निशांत सिंह सेंगर, विनोद राम, इनदेव पासवान, जय गोपाल राम, कामेश्वर पासवान, संजीत पासवान, कृष्णा राम, विजय रविदास, शंकर पासवान सहित भाजपा और ओबीसी मोर्चा एंव अनुसूचित जाती मोर्चा के नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए। वही उपरोक्त कार्यक्रम कि जानकरी जिला मीडिया सह प्रभारी सतीश गुप्ता ने दिया।

# गरीब वंचित व शोषितों की आवाज बने संजीव सुमन

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर। नव सृजन संघर्ष समिति के अध्यक्ष सह एमआइएम बिहार प्रदेश सचिव संजीव सुमन ने मंगलवार को जगदीशपुर परखंड अंतर्गत पूरैनी दक्षिणी पंचायत में जाकर वहां की स्थिति को जाना। उक्त पंचायत के वार्ड संख्या तेरह में तमाम सरकारी याजनाओं से वंचित हैं यहां की ग्रामीण जनता। कई वृद्ध जिन्हें पूर्व में वृद्धा पेंशन का लाभ मिल रहा था पर विगत कुछ वर्षो से उन्हें वृद्धा पेंशन भी मिलना बंद हो गया है। वहीं कई परिवार के राशन कार्ड से खुद व खुद नाम कट गया है। तो वहीं दर्जनों परिवार की महिलाएँ बीड़ी बनाकर मुश्किल से अपने परिवार का गुजर बसर कर रही है। जबकि सरकार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने करने वाले परिवारों हेतु लघु उद्योग, कुटीर उद्योग इत्यादि हेतु कई सब्सीडी ऋण योजनाए जारी की है, पर बैंक भी ऐसे परिवारों को ऋण देने को तैयार नहीं है। वहीं इस वार्ड में दूसरी सबसे बड़ी समस्या सड़क व नाले की है। बिना नाला निकासी के जैसे तैसे सड़क बना देने के कारण सभी घरों का गंदा पानी जहां- तहां एकत्रित हो जाता है। जिसके कारण वार्डवासी आए दिन गंभीर बीमारीयों से ग्रसित रहते हैं। लोगों ने बताया कि इस संदर्भ में कई बार मुखिया व वार्ड सदस्य को इसकी जानकारी दी गई पर किसी ने कोई पहल नहीं किया। मजबूरन यहां की ग्रामीण जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। श्री सुमन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उक्त सभी समस्या के समाधान हेतु जल्द ही प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलेंगे।

# भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के तत्वावधान में वैट-जीएसटी के बकाया करों का निराकरण कैम्प किया गया आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

आरा, भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, आरा एवं राज्यकर संयुक्त आयुक्त, शाहाबाद अंचल, आरा के संयुक्त तत्वावधान में वैट-जी.एस.टी. के बकाया करों का निराकरण कैम्प स्थानीय श्री मैना सुन्दर भवन में आयोजित हुआ। इस कैम्प में मुख्य अतिथि स्वरूप पधारे नरेश कुमार, संयुक्त आयुक्त, शाहाबाद अंचल, आरा ने उपस्थित व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए सरकार के बिहार सेटेलमेन्ट ऑफ टैक्सेशन डिस्प्यूट एक्ट, 2024 के अन्तर्गत वैट एवं जी.एस.टी. के कई वर्ष पूर्व के बकाया राशि को एकमुस्त जमा करने पर 65 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठाने का अनुरोध किया। संयुक्त आयुक्त महोदय ने व्यापारियों को ह्रासम्मान के साथ समाधानह्व करने का आश्वासन देते हुए कहा कि आप अपने बकाया करो के भुगतान के लिए इस सुनहरे अवसर का लाभ अवश्य उठायें और भारी छूट के साथ बकाया कर का भुगतान अवश्य करें। उन्होंने कहा यह सर्वविदित है कि किसी व्यापारी के यहां यदि कर बकाया होता है तो उसे भी उस कर देयता के बोझ को जल्दी समाप्त करने की मंशा होती है। साथ ही यह घोषणा किया कि कोई




भी व्यापारी यदि 22 अगस्त तक विभाग में सम्पर्क करता है तो उसे इस स्कीम का लाभ अवश्य प्राप्त होगा। विदित हो कि बिहार सरकार द्वारा बिहार सेटेलमेन्ट ऑफ टैक्सेशन एक्ट, 2024 के अन्तर्गत वैट एवं जी.एस.टी. के पुराना कर बकाया के निपटारा के लिए वन टाईम सेटेलमेन्ट स्कीम के अन्तर्गत 65 प्रतिशत तक की छूट के साथ केस के निवारण की प्रक्रिया की जा रही है। साथ ही व्यापारियों को हो रही व्यवहारिक कठिनाईयों के लिए राज्यकर कार्यालय एवं व्यापारियों के साथ यह एक महत्वपूर्ण बैठक थी। राज्य कर उपायुक्त मो. आबिद सुबहानी ने बताया कि विगत वित्तीय वर्ष 2012-2013 से अबतक लगभग 453 व्यापारियों के पास कुछ न कुछ कर बकाया की सूचि लंबित है। जिनमें से अधिकांश के पास बहुत छोटी राशि ही बकाया है और उस पर भी 65 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। व्यापारियों को इसका लाभ उठाते हुए करमुक्त अवश्य हो जाना चाहिए। भोजपुर चैम्बर के उपाध्यक्ष श्री प्रदीप नारायण द

ास ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य कर विभाग के वरीय पदाधिकारियों का चैम्बर में पधार कर इस प्रकार के सहयोग के लिए व्यापारीगण आभारी हैं। भोजपुर चैम्बर के महासचिव डॉ. आदित्य बिजय जैन ने जी.एस.टी. के कुछ व्यवहारिक समस्याओं को राज्यकर संयुक्त आयुक्त कार्यालय के पदाधिकारियों के समक्ष रखा। जिनमें मुख्य रूप से आईटीसी ब्लॉकिंग, विक्रेता द्वारा देर से रिटर्न दाखिल करने पर आईटीसी का नुकसान, ई-वे बिल में छोटी गलतियों के लिए जुमार्ना, जी.एस.टी.आर-3बी को संशोधित करने में असमर्थता, कम्पोजिशन डीलरों के लिए वार्षिक रिटर्न, उच्च ब्याज दर, यात्री/माल वाहक वाहनों पर आईटीसी, सीमेंट और दो-पहिया वाहनों पर 28 प्रतिशत की उच्च कर दर, नोटिसों की संख्या में वृद्धि, लक्ष्य-आधारित जीएसटी आदि है। साथ ही डॉ. आदित्य ने उपस्थित व्यापारियों से अपील किया कि उनके नाम यदि कोई बकाया राशि विभाग के संचिका में अंकित है तो उसे यथाशीघ्र अपनी संचिका से मिलान कर लेना चाहिए।। यदि व्यापारी के द्वारा पूर्व में भुगतान किया जा चुका है तो उसका साक्ष्य विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत कर निपटारा करा लेना चाहिए अन्यथा इस छूट स्कीम का लाभ उठाते हुए भुगतान कर संचिकास्त कर लेना व्यापारियों के लिए श्रेयस्कर अवसर है। भोजपुर चैम्बर के कोषाध्यक्ष सह जी.एस.टी. हब के मो. समर ने राज्यकर विभाग के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए इस वन टाईम सेटेलमेन्ट स्कीम को विभाग एवं व्यापारियों दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना बताई। इस स्कीम से जहां एक ओर विभाग में लम्बित संचिकाओं का निपटरा होगा वहीं व्यापारीगण भी अपने बकाया राशि को भारी छूट के साथ अदा कर अपने को बकायादार की श्रेणी से बाहर समझेंगे और उनका मानसिक बोझ कम होगा। गोष्ठी में राज्यकर विभाग की सहायक आयुक्त नूपुर सिन्हा के साथ विभाग के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे। व्यापारियों में मुख्यतः अरविन्द आर्या, अशोक सिंघानिया, कृष्ण माधव अग्रवाल, धीरेन्द्र चन्द जैन, डॉ. हर्षित जैन, संजीव गुप्ता, हिमांशु नारायण दास, प्रिया जैन, शम्भु प्रसाद समेत अनेक लोग सम्मिलित थे।

# डीएम ने गाँधी मैदान में होने वाली ध्वजारोहण की तैयारी का पूर्वअभ्यास कर किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। अगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा ऐतिहासिक गाँधी मैदान अरवल में होने वाली राष्ट्रीय ध्वजारोहण की सफल तैयारियों को लेकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा गाँधी मैदान की साफ-सफाई, वैरीकेडिंग, मंच की साज-सजावट एवं अतिथियों के बैठने की व्यवस्थाओं को और भी अच्छे ढंग से व्यवस्थित कराने का निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। ज्ञातव्य है कि इस अवसर पर गाँधी मैदान में बहुत से जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों एवं दर्शकगण की उपस्थिति होती है। इस संबंध में जिला नजारत उप समाहर्ता को निदेश दिया गया कि सभी व्यक्तियों के बैठने हेतु समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को मैदान की साफ-सफाई तथा परेड ग्राउंड को तैयार करने हेतु निदेशित किया गया। मंच की सजावट कराने हेतु जिला नजारत उप समाहर्ता को निदेशित किया गया। सिविल सर्जन को गाँधी मैदान में एम्बुलेंस की व्यवस्था कराने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही जिला अग्निशमन पदाधिकारी अरवल को गाँधी मैदान में फायर ब्रिगेड की एक टीम को उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया।

# जीबीएम कॉलेज की 71वीं वर्षगाँठ पर एनसीसी कैडेटों ने किया पौधारोपण

प्रात: किरण संवाददाता

गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की एनसीसी इकाई ने जीबीएम कॉलेज की स्थापना की 71वीं वर्षगांठ के सुअवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी के संरक्षण एवं कॉलेज की एनसीसी केयरटेकर ऑफिसर डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया है। एनसीसी सीटीओ डॉ रश्मि की देखरेख में एनसीसी यूओ अनुराधा कुमारी, आकृति सिंह, कैडेट संजना, मुस्कान, वैष्णवी, सोनम, काजल, अवनि राज, पूनम ने महाविद्यालय परिसर में आम, अमरूद, नीम, सागवान और महोगनी के पौधे लगाये। ज्ञात हो वर्ष 1953 में 14 अगस्त को ही गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की स्थापना हुई थी। डॉ. रश्मि ने पौधारोपण करतीं कैडेटों को प्रकृति संरक्षण में युवतियों एवं महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया। कहा कि धरती को पहले की तरह हरा-भरा बनाने, पारिस्थितिकी तथा जैव विविधता को संरक्षित तथा सुरक्षित रखने के लिए देश की युवतियों एवं महिलाओं को पौधारोपण अभियान में बढ़चढ़कर भाग लेना होगा एवं पेड़ों को कटने से रोकने हेतु प्रयत्न करने होंगे। पौधारोपण करके कॉलेज की एनसीसी कैडेटों ने समाज को यही संदेश देना चाहा है। डॉ. रश्मि ने बताया कि आने वाले दिनों में सावन महोत्सव के तहत एनसीसी कैडेटों द्वारा सीता कुंड परिसर में भी पौधे लगाये जायेंगे। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब बाउरी ने एनसीसी कैडेटों को पौधारोपण के इस पुनीत कार्य हेतु हार्दिक बधाइयाँ दीं है। उन्होंने कॉलेज की एनसीसी इकाई सहित समस्त महाविद्यालय परिवार को कॉलेज के 71 वर्ष पूर्ण हो जाने पर ढेर सारी शुभकामनाएं दीं है। पौधारोपण कार्यक्रम में प्रो. अफशाँ सुरैया, डॉ. नूतन कुमारी, डॉ शगुफ्ता अंसारी, डॉ अमृता कुमारी घोष, डॉ प्रियंका कुमारी, प्रीति शेखर डॉ. फरहीन वजीरी, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ प्यारे माँझी, डॉ. सुरबाला, डॉ. सुनीता कुमारी, अभिषेक कुमार, नीरज कुमार, रौशन, अजय कुमार, महेन्द्र पताप, रंजीत कुमार, आदि ने भी भाग लिया है।

# गुमशुदा बच्ची के मामले में पुलिस की शिथिलता से गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। जिले के चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव में बच्ची की गुमशुदगी के बाद पुलिस द्वारा खोजबीन नहीं जाने से गुस्साए परिजनों ने मंगलवार की दोपहर सकडडी-नासरीगंज पथ को घंटो जाम कर चांदी पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भदवर निवासी करीमन यादव की नौ वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी 9 अगस्त को घर से टीयूशन जाने समय रास्ते से गायब हो गयी। जिसे लेकर स्वजन चांदी थाना में बच्ची को खोजबीन के लिए गुहार लगाई थी, लेकिन मदद देने के बजाये पुलिस ने स्वजनों से कहा कि डायल 112 को सूचित करें। बच्ची के स्वजनों द्वारा बार-बार थाना जाने के बाद भी पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं कि गई। घटना के दो दिन बाद पुलिस ने



गुमशुदगी का एफआईआर दर्ज किया। चार दिन बीत जाने के बाद बच्ची का कोई पता नहीं चलने पर स्वजनों और ग्रामीणों का सब्र का बांध टूट पड़ा और चौथे दिन मंगलवार को भदवर गांव के समीप सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाईवे को जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गुमशुदा बच्ची के चाचा मुन्ना यादव ने बताया कि उनकी भतीजी शिवानी जो कक्षा चार में पढ़ती है। 9 अगस्त को स्कूल से आने के याद शाम तीन बजे टीयूशन के लिए घर से निकली थी। जो ना टीयूशन पहुंची ना ही घर आयी। पुलिस के पास जाने पर इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। स्थानीय मुखिया, सरपंच किसी ने भी बच्ची के खोजबीन के लिए पुलिस को नहीं कहा। गुमशुदगी के आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगाने के बाद भी पुलिस ने शिथिलता दिखायी। जिसे लेकर किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए हमलोग सड़क पर उतरे हैं। जाम करने वालो में गायब बच्ची की मां और आस पड़ोस की महिलाएं भी शामिल थी। तीन घण्टे तक सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाईवे के जाम होने के बाद वाहनों की लंबी कतार लग गयी। इधर जाम की सूचना मिलते ही एसडीपीओ -टू रंजीत कुमार सिंह, कोईलवर सर्किल इंस्पेक्टर, चांदी थानाध्यक्ष, कोईलवर और गीधा पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीपीओ टू ने जल्द कार्रवाई का आश्वसन देते हुए ग्रामीणों को समझा बुझाकर किसी तरह जाम हटवाया।

# बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर राज्यव्यापी चरणबद्ध आंदोलन का किया गया शंखनाद

प्रात: किरण संवाददाता

गया। बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के लोकप्रिय अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व एवं दिशानिर्देश में बिहार राज्य को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर चरणबध्द राज्यव्यापी आंदोलन के तहत गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के स्थानीय कार्यालय राजेंद्र आश्रम मे रोहतास जिला के करहगर विधानसभा के विधायक सह गया जिला प्रभारी संतोष कुमार मिश्रा ने गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा, सहित जिला के वरिष्ठ नेता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, टिकारी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुमंत्र कुमार, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, युगल किशोर सिंह, दामोदर गोस्वामी, रंजीत कुमार




सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, प्रदीप शर्मा, भुवन राम, अमरजीत कुमार, मोहम्मद अजहरुद्दीन। खालिद अमीन, मोहम्मद नवाब अली, मोहम्मद समद, शशि कांत सिन्हा, ओंकार शर्मा, शिव कुमार चौरसिया, धीरेन्द्र कुमार सिंह, केदार प्रसाद, अर्जुन प्रसाद आदि की उपस्थिति में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग वर्षो पुराना यहां के जनमानस की मांग है, जिसे बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व आज सूबे के सभी 38 जिला मुख्यालयों में प्रेस वार्ता कर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सहयोग कभी नहीं तो कभी नहीं के नारों को बुलंद करते हुए चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद किया गया है। चरणबध्द आंदोलन 13 एवं 14 अगस्त को राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन आयोजित कर बिहार के विकास हेतु विशेष राज्य का दर्जा दिलाने का आन्दोलन तीव्र किया जाएगा। विधायक सह प्रभारी गया जिला संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि विहार राज्य से झारखंड के विभाजन के उपरांत सभी माइंस, खनिज, उद्योग धंधे, झारखंड के हिस्से में जाने के मद्दे नजर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा एवं विशेष पैकेज की नितांत आवश्यकता बताते हुए सन 2000 से इस लड़ाई की शुरूआत हुई, जो बिहार मे फिर 2015 में तत्कालीन बिहार राज्य की महा गठबंधन राजद, कॉंग्रेस, सी पी आई, सी पी आई एम, माले की सरकार में बुलंद किया गया, लेकिन आज तक विशेष राज्य का दर्जा पर राज्य के मुख्यमंत्री इसे आपदा में अवसर वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए कभी इस मुद्दा को जरूरत पड़ने पर उछाला तो कभी इसे ठंढे बस्ते में डाल दिया, लेकिन कॉंग्रेस पार्टी बिहार के 14 करोड़ जनता के लिए बिहार राज्य को विशेष राज्य, विशेष पैकेज की मांग को लेकर आंदोलन तेज करेगी। गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा ने 13 एवं 14 अगस्त 2024 को गया जिला के सभी 24 ग्रामीण प्रखंड एवं तीन गया शहर के प्रखंडों के लिए प्रभारी नियुक्त कर उन्हें कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है। 13 एवं 14 अगस्त को गया जिला के सभी जिला के पदाधिकारियों, युवा कॉंग्रेस, ए न ए स यू आई, इंटक, कॉंग्रेस सेवा दल के नेता, कार्यकर्ता से भी आग्रह किया गया कि कोई भी प्रखंड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराए।

# गुलनार में सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

प्रात: किरण संवाददाता

गया। रक्षाबंधन को लेकर गुलनार निशुल्क महिला सिलाई सेंटर की ओर से चल रहे दो दिवसीय राखी मेकिंग प्रशिक्षण शिविर के पश्चात मंगलवार को प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया है। प्रतिभागियों के बीच पुरस्कारों का वितरण गुलनार के संरक्षक होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ वीरेंद्र कुमार, स्वाभिमान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कौशलेंद्र नारायण, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के विभाग महामंत्री रामकुमार बारीक एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत महामंत्री शशिकांत मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया है। इस प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी अनुष्का शर्मा को प्रथम, गुड़िया कुमारी को द्वितीय, पूजा गुप्ता को तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। वहीं रश्मि कुमारी एवं सुजाता देवी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विजेता प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि गुलनार के द्वारा प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर इस तरह के कार्यक्रम



का आयोजन किया जाता है जो अति सराहनीय कार्य है, इससे छात्राओं के अंदर छिपी हुई प्रतिभा का विकास होता है। नारियों के स्वावलंबन की दिशा में गुलनार का कार्य सराहनीय है, जो ब्यूटीशियन, सिलाई- कढ़ाई, मेहंदी, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, राखी जैसे कई अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम सिखाए जाते हैं। इससे छात्राओं में नई-नई सोच और तकनीक उभरकर सामने आते हैं।

कौशलेंद्र नारायण ने राखी मेकिंग को रोजगारपरक बताते हुए कहा कि अच्छी-अच्छी राखियां बनाने से छात्राएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनेगी। ज्ञात हो कि 9 एवं 10 अगस्त को राखी मेकिंग प्रशिक्षण शिविर में कुल 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से छात्राओं को राखियां बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था। बेहतर कलाकृतियों के साथ राखी बनाने वाली पांच प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया है। इस मौके पर अध्यापिका आशा सिन्हा, पूनम कुमारी, नंदनी कुमारी सहित काफी संख्या में छात्राएं मौजूद थी। अतिथियों का स्वागत गुलनार समूह के संस्थापक सचिव नीरज कुमार ने किया है।

# सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ वाहनों को नगर आयुक्त द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

गया। गया नगर निगम द्वारा भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के आलोक में एस बी एम-यू 2.0 के तहत सफाई अपनाओ, बीमार भगाओ पहल शुरू की गई है। इस पहल का उद्देश्य मानसून के मौसम में स्वच्छता और बीमारियों से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए शहरी स्थानीय निकायों की तैयारी को बढ़ाना है। मानसून आते ही साफ-सफाई और स्वच्छता की चुनौतियां बढ़ जाती हैं। इसके साथ ही जलजनित और वेक्टर जनित बीमारियों का प्रसार भी बढ़ जाता है। मानसून से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए सक्रिय उपायों के महत्वपूर्ण महत्व को पहचानते हुए हैं। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 ने सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ 1 जुलाई से 31 अगस्त, 2024 पहल की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य शहरी स्थानीय निकायों की तैयारियों को बढ़ाना है। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे जून से अगस्त के महीनों के दौरान भारी बारिश और बढ़े हुए स्वास्थ्य जोखिमों से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ पहल में स्वच्छता, वकालत और अंतर-विभागीय अभिसरण पर ध्यान केंद्रित करने वाले व्यापक हस्तक्षेपों की आवश्यकता हैं।

# इनर व्हील क्लब द्वारा बच्चों को दी गई वर्मी कंपोस्ट एवं बीज बाल बनाने की ट्रेनिंग

गया। इनर व्हील क्लब का गया के बैनर तले शहर की विभिन्न स्कूलों में वर्मी कंपोस्ट तथा बीज बाल बनवाने की ट्रेनिंग दी गई ' गया डोभी रोड पर स्थित शेखवाड़ा के निकट डेल्ही वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों को पी पी उषा राज द्वारा किचन वेस्ट तथा पत्तियों से खाद बनाने की विधि बताई गई तथा साथ ही गोबर और बर्मी कंपोज्ड मिलकर बीज बाल बनाने की प्रक्रिया भी बताई गई। बच्चों ने भी साथ-साथ



सीड बॉल बनाएं है। उषा राज ने बताया कि सीड बॉल से बच्चे खेल-खेल में पौधे लगा सकते हैं तथा बढ़ती गर्मी को रोकने के लिए पौधा लगाना सबसे जरूरी कदम है। और प्रत्येक बच्चों को देश की आजादी के साथ-साथ अपने पर्यावरण की रक्षा की जानकारी भी मिलना बहुत ही जरूरी है। अध्यक्षा तृप्ति गुप्ता ने इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल लक्ष्मी मणि त्रिपाठी जी को सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। अंत में सभी बच्चों को बीज बॉल बांटा गया है जिसको वह विभिन्न जगहों पर फेक कर वृक्ष लगाएंगे। इसके अतिरिक्त स्मार्ट क्लास के माध्यम से सोनू लाल बरनवाल स्कूल, कर्क व्यू स्कूल, डी ए वी कैंपस तथा महावीर उच्च विद्यालय के बच्चों को स्मार्ट क्लास में वीडियो के माध्यम से इसकी ट्रेनिंग दी गई है ' बाद में स्कूल के शिक्षक द्वारा भी इसके विषय में बच्चों को बताया गया है 'इससे लगभग 500 बच्चे लाभान्वित हुए है ' कार्यक्रम में अध्यक्ष तृप्ति गुप्ता पी पी उषा राज, कोमल धानुका आदि शामिल हुई है।



# लाहौर 1947 की शूटिंग हुई खत्म! गदर 2 के बाद दमदार किरदार में नजर आएंगे सनी देओल

**फिल्म गदर 2 से सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद अब बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल फिल्म लाहौर 1947 में नजर आएंगे। साल 2023 में आई फिल्म गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी। अब एक बार फिर से सनी सिनेमाघरों में अपनी फिल्म लाहौर 1947 से धमाल मचाने के लिए तैयार हैं।**

## फिल्म की शूटिंग हुई खत्म

पिछले साल अक्टूबर के महीने में सनी देओल की बहुप्रतीक्षित फिल्म लाहौर 1947 को बनने की घोषणा की गई थी। फिल्म लाहौर 1947 को लेकर लगातार कोई ना कोई जानकारी सामने आती रहती है। लेकिन इस बार जो जानकारी सामने आई है, वह वाकई में सनी देओल के प्रशंसकों को खुश कर देगी। दरअसल, फिल्म लाहौर 1947 की पूरे 70 दिनों की शूटिंग अब खत्म हो चुकी है। इस फिल्म में सनी देओल मुख्य अभिनय निभाएंगे, जबकि आमिर खान इस फिल्म के सिर्फ निर्माता है। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी करेंगे।

## ट्रेन सीक्वेंस भी हुआ पूरा

बता दें राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित फिल्म लाहौर 1947 की पूरे 70 दिनों की शूटिंग बिना रुके की गई है। लगातार इस फिल्म की शूटिंग 70 दिनों तक चली और अब जाकर इसकी शूटिंग खत्म हो चुकी है। इस फिल्म में सनी देओल के साथ प्रीति जिंटा नजर आएंगी। इस फिल्म में ट्रेन पर एक एक्शन सीक्वेंस भी फिल्माया गया है, जो बेहद खतरनाक है। निर्देशक राजकुमार संतोषी को उनकी फिल्म घातक, अंदाज अपना अपना और दामिनी जैसी फिल्मों के बेहतरीन निर्देशन के लिए जाना जाता है।

एक्शन फिल्म होगी लाहौर 1947

यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। इस फिल्म में सनी देओल के साथ प्रीति जिंटा मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में आमिर खान भी कैमियो रोल करते दिखाई दे सकते हैं। फिल्म लाहौर 1947 अगले साल यानी 2025 के गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी 2025 पर रिलीज की जा सकती है। इस फिल्म में दर्शकों को भरपूर एक्शन देखने को मिलने वाला है। प्रशंसकों को गदर 2 के बाद से ही सनी देओल से बेहद उम्मीदें हैं।



# जल्द बनेगा तेरी बातों में उलझा जिया का सीक्वल, कृति सेनन ने साझा किया अपडेट

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दो पत्ती को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इससे पहले उन्होंने इस साल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में अभिनय किया था, जिसमें उन्होंने एक रोबोट का किरदार निभाया था। फिल्म में उनके साथ शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में एक इंसान और रोबोट के बीच की प्रेम कहानी दिखाई गई थी। हालांकि, फिल्म का अंत एक ऐसे मोड़ पर हुआ, जहां इसके दूसरे भाग की संभावना बनी रही। वहीं, अब ऐसा लगता है कि फिल्म का सीक्वल दर्शकों को देखने के लिए मिल सकता है। दरअसल, कृति ने हाल ही में तेरी बातों में उलझा जिया के सीक्वल पर अपडेट साझा करते हुए बताया है कि वे और शाहिद दोनों इसके लिए उत्साहित हैं। हाल ही में कृति सेनन ने तेरी बातों में उलझा जिया के बाद शाहिद कपूर के साथ फिर से काम करने को लेकर बात की। अभिनेत्री ने खुलासा किया कि तेरी बातों में उलझा जिया के सीक्वल की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। फिल्म का सीक्वल अभी लिखा जा रहा है। वे और शाहिद इसके जल्द ही बनने वाले सीक्वल के लिए काफी उत्साहित हैं।

शाहिद के साथ अच्छी है कृति जोड़ी

इसके साथ ही कृति सेनन ने तेरी बातों में उलझा जिया में शाहिद कपूर के साथ काम करने का अपना अनुभव भी साझा किया। उन्होंने बताया कि शायद के साथ काम करना उनके लिए खुशी की बात थी और अब उनका मानना है कि उन दोनों के बीच की केमिस्ट्री बेहतरीन थी। कृति का कहना है कि शाहिद उन अभिनेताओं में से एक हैं, जिनके साथ उनकी जोड़ी और केमिस्ट्री अच्छी लगती है। ऐसा नहीं लगता कि उनकी जोड़ी को जबरदस्ती बनाया गया है। इस फिल्म में अभिनेता शाहिद कपूर ने एक कंप्यूटर इंजीनियर आर्यन का रोल निभाया है, जबकि कृति सेनन ने रोबोट शिफ्रा (सुपर इंटेलिजेंट फीमेल रोबोट ऑटोमेशन) का किरदार निभाया है। शाहिद को कृति से प्यार हो जाता है। यह एक रोबोट और इंसान की प्यार भरी कहानी है। इस फिल्म में शाहिद कपूर और कृति सेनन के अलावा डिंपल कपाड़िया, धर्मेंद्र जैसे अभिनेताओं ने अहम रोल निभाया है।



# कभी श्रीवल्ली तो कभी येसुबाई बन जीतेंगी दिल, सिकंदर में भी दिखेगा रश्मिका का जलवा!

रश्मिका मंदाना जल्द ही फिल्म पुष्पा 2 में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा भी रश्मिका कई फिल्मों में अपना जलवा बिखेरने को तैयार हैं। रश्मिका की कई आगामी फिल्में हैं, जिनमें वह रणबीर कपूर, विक्की कौशल और सलमान खान के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। सबसे पहले बात करें रश्मिका मंदाना की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 की तो यह फिल्म 6 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म साल 2021 में आई पुष्पा 1: द राइज का दूसरा भाग है। फिल्म पुष्पा 2: द रूल में रश्मिका फिर से एक बार श्रीवल्ली के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है। इस फिल्म में रश्मिका के अपोजिट साउथ स्टाइलिश स्टार अल्लू अर्जुन नजर आएंगे। अब बात करते हैं रश्मिका की दूसरी बहुप्रतीक्षित फिल्म एनिमल 2 के बारे में। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रश्मिका फिल्म एनिमल 2 में भी नजर आएंगी। यह फिल्म साल 2023 में आई एनिमल का दूसरा पार्ट होगी। इस फिल्म में रश्मिका एक बार फिर से रणबीर कपूर की पत्नी का रोल अदा करती नजर आएंगी। रश्मिका की तीसरी फिल्म सिकंदर में रश्मिका की जोड़ी बॉलीवुड के दबंग यानी सलमान खान के साथ नजर आएगी। अगर ऐसा होता है तो प्रशंसक पहली बार बड़े पर्दे पर रश्मिका और सलमान की जोड़ी को देखेंगे। सलमान खान इन दिनों फिल्म सिकंदर की शूटिंग में व्यस्त हैं। मुंबई में शूटिंग का पहला शेड्यूल पूरा हो चुका है। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। अब बात करते हैं रश्मिका की चौथी फिल्म छावा की। इस फिल्म में रश्मिका के अपोजिट विक्की कौशल नजर आएंगे। यह एक ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है। छावा: द ग्रेट वॉरियर अपने एलान के बाद से ही लाइमलाइट में छाई हुई है। फिल्म की कहानी महान मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। इसका निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। फिल्म में रश्मिका मंदाना संभाजी की पत्नी येसुबाई की भूमिका में नजर आएंगी।





# फिल्म में साथ नजर आएंगे अक्षय कुमार कार्तिक आर्यन

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म खेल-खेल में को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वहीं दूसरी ओर अभिनेता कार्तिक आर्यन भूल भुलैया 3 से दर्शकों का मनोरंजन करने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में अब दोनों अभिनेता दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं, क्योंकि उन्हें लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा है कि दोनों जल्द ही एक फिल्म में साथ नजर आ सकते हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद दोनों के फिल्म में साथ काम करने की अटकलें और तेज हो गई हैं।

## दोनों अभिनेता दिखे साथ

ऐसा लग रहा है कि ये दोनों मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित एक फिल्म में साथ आ सकते हैं। हाल ही में एक पैपराजी द्वारा साझा किए गए वीडियो में अक्षय कुमार पोज देते हुए देखा गया, जो काले रंग की टी-शर्ट और पैंट में बहुत ही हैंडसम लग रहे थे। वे मुदस्सर से मिलने के लिए बिल्डिंग के अंदर गए। कुछ ही देर बाद, कार्तिक आर्यन को भी उसी जगह पर आते हुए देखा गया, जहां वे भी कैमरों के लिए पोज देने के लिए रुके। इससे प्रशंसकों में इस बात को लेकर अटकलें लगने लगी हैं कि क्या यह जोड़ी साथ में किसी फिल्म पर काम कर सकती है।

## भूल भुलैया ने बनाया जोड़ी का कनेक्शन

दरअसल, अब तक यह जोड़ी भूल भुलैया फ्रेंचाइजी के लिए जानी जाती है। फिल्म के पहले भाग में अक्षय कुमार ने काम किया था, जिसमें उन्होंने रूह बाबा का किरदार निभाया था, जिसे फिल्म के अगले भाग में कार्तिक आर्यन ने निभाया और दर्शकों ने उन्हें भी खूब प्यार दिया। वहीं अब वे फिल्म के तीसरे भाग में एक बार फिर रूह बाबा बन दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। यह फिल्म इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगी।

# शाहरुख ने लगाई सुजॉय घोष की किंग की मुहर

शाहरुख खान ने पिछले साल एक नहीं, बल्कि तीन धमाकेदार फिल्मों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वहीं, अब शाहरुख खान अपनी अगली फिल्मों में व्यस्त हैं, जिनमें से एक है किंग। इस फिल्म में वे अपनी बेटी सुहाना खान के साथ काम करेंगे। हालांकि, अब तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी, लेकिन अब शाहरुख ने खुद इस फिल्म में अपनी भूमिका पर चुप्पी तोड़ी है। हाल ही में 77वें लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल में मीडिया से बातचीत के दौरान शाहरुख ने आखिरकार अपनी आने वाली एक्शन फिल्म के बारे में बात की, जिसका निर्देशन सुजॉय घोष ने किया है। एक वीडियो में जो अब ऑनलाइन वायरल हो रहा है, अभिनेता ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की। उन्होंने कहा, अगली फिल्म जो मैं कर रहा हूं वह किंग है। मुझे इस पर काम करना शुरू करना है। थोड़ा वजन कम करना है। थोड़ा स्ट्रेच करना है, ताकि एक्शन करते समय मेरी कमर में खिंचाव न आए। शाहरुख खान को फेस्टिवल में पार्डो अला कैरियरा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह बताया कि वे पिछले कुछ साल से इस बारे में सोच रहे थे। एक अन्य वीडियो में उन्होंने बताया कि वे अपनी फिल्में कैसे चुनते हैं। अभिनेता ने बताया कि पिछले साल उन्होंने जवान और डंकी फिल्म पूरी की। किंग के बारे में संकेत देते हुए शाहरुख ने कहा, अब, मैं एक खास तरह की फिल्म करना चाहता हूं, जिसमें शायद उम्र पर ध्यान केंद्रित हो और मैं कुछ नया करना चाहता हूं। छह-सात साल से मैं इसके बारे में सोच रहा हूं। मैंने एक दिन सुजॉय से इस बारे में बात की और उन्होंने कहा, सर, मेरे पास एक विषय है। फिल्में चुनने के अपने तरीके के बारे में बात करते हुए शाहरुख खान ने कहा, मैं इसे सुनता हूं, उनके साथ समय बिताता हूं और फिर हम आगे बढ़ते हैं, फिल्म बनाते हैं और खूब मौज-मस्ती करते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि कभी कभी यह इतना भी सरल नहीं रहता। इसके साथ ही उन्होंने किंग में काम करने को लेकर उत्साह साझा किया है और अब उनके प्रशंसक भी इस खबर से खुश हैं।



# क्षमता से ज्यादा फीस नहीं लेते जॉन अब्राहम

**जॉन अब्राहम बॉलीवुड में पिछले दो दशकों से अभिनेता के तौर पर काम कर रहे हैं। वह बॉलीवुड की जानी-मानी हस्तियों में शुमार हैं। बावजूद इसके अभिनेता को लगता है कि निर्माताओं को उन पर और उनकी फिल्म निर्माण प्रक्रिया पर भरोसा नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हाल ही में अभिनेता ने एक बातचीत में प्रोडक्शन स्टूडियो प्रमुखों को अपनी फिल्मों का समर्थन करने के लिए मनाने के चल रहे संघर्षों को साझा किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि उनके मैसेज को भी अनदेखा कर दिया जाता है।**


एक बातचीत में अभिनेता ने कहा, मैंने विक्की डोनर का निर्माण किया। मैंने मद्रास कैफे, बाटला हाउस जैसी फिल्में कीं, लेकिन आज तक मुझे स्टूडियो प्रमुखों को यह समझाना पड़ता है कि यह एक अलग फिल्म है और कृपया मेरी फिल्म को फंड करें। आज तक उन्हें सौ प्रतिशत विश्वास नहीं है और वे मुझसे कहते हैं कि बजट बहुत अधिक है।' अभिनेता जॉन अब्राहम ने अपनी फीस के बारे में बात करते हुए बताया कि वह अपनी क्षमता से ज्यादा फीस नहीं लेते। उन्होंने कहा, 'एक अभिनेता के रूप में मेरी फीस फिल्म पर बोझ नहीं डालती है। मुझे लगता है कि अगर फिल्म पैसा कमाती है, तो मैं पैसा कमाऊंगा। मैं फिल्म पर बोझ नहीं डालना चाहता। मेरी जो क्षमता है, जो मेरा स्टैंडर्ड है, मैं उसी के अनुसार फिल्में बनाता हूं। मुझे अपने कंटेंट पर बहुत गर्व है।'

## अभिनेता को करना पड़ता है इन चुनौतियों का सामना

जॉन अब्राहम ने अपनी चुनौतियों के बारे में बात करते हुए कहा कि स्टूडियो हेड अक्सर उन्हें जवाब नहीं देते, खास तौर पर इसलिए क्योंकि वह व्हाट्सएप का इस्तेमाल नहीं करते। उन्होंने कहा, 'सबसे पहले, मेरे पास व्हाट्सएप नहीं है, इसलिए अगर मैं लोगों को एसएमएस भेजता हूं, तो वे मुझे जवाब नहीं देते। मुझे बहुत लंबे समय तक कोई जवाब नहीं मिलता। मैंने एक स्टूडियो हेड को मैसेज किया था और उन्होंने मुझे बताया था कि वह वापस आएंगे, लेकिन 4 महीने बीत चुके हैं और उन्होंने जवाब नहीं दिया है। मुझे बुरा नहीं लगता, लेकिन मैं एक जवाब का हकदार हूं। मेरा मानना है कि अगर लोग मुझ पर थोड़ा भी विश्वास करते हैं, तो मैं भारतीय सिनेमा को थोड़ा बदलने की कोशिश करना चाहूंगा। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैं गेम चेंजर हूं, लेकिन मैं कोशिश करना चाहता हूं।'

## जॉन अब्राहम का वर्क फ्रंट

जॉन अब्राहम के आगामी कार्यों की बात करें तो वह अपनी आगामी फिल्म 'वेदा' के रिलीज की तैयारी में जुटे हैं। उनकी इस फिल्म में शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है, जो भारतीय राजनयिक जेपी सिंह के जीवन पर आधारित है। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



प्रातः किरण राष्ट्रीय दैनिक
स्पोर्ट्स
पटना, बुधवार, 14 अगस्त, 2024


## मनु भाकर आगामी वर्ल्ड कप में नहीं लेंगी हिस्सा, कोच जसपाल राणा ने दी अहम जानकारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतकर इतिहास रचने वाली शूटर मनु भाकर अक्टूबर में होने वाले विश्व कप में हिस्सा नहीं लेंगी। भाकर के कोच जसपाल राणा के अनुसार उनके विश्व कप से बाहर रहने की संभावना है। 22 वर्षीय पिस्टल निशानेबाज ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा दोनों में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए ओलंपिक इतिहास बनाया और एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनी। भाकर ने खेल से तीन महीने का ब्रेक लेने का फैसला किया है। राणा ने कहा, मुझे यकीन नहीं है कि वह अक्टूबर में शूटिंग विश्व कप में होगी या नहीं, क्योंकि वह तीन महीने का ब्रेक ले रही है। यह एक सामान्य ब्रेक है, वह लंबे समय से प्रशिक्षण ले रही है। शूटिंग विश्व कप 13 से 18 अक्टूबर तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाना है। तीन साल पहले टोक्यो खेलों की निराशा के बाद पेरिस ओलंपिक में भाकर की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राणा ने कहा कि ब्रेक के बाद वह 2026 एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में शीर्ष पर पहुंचने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## गोल्डन बॉय अभिनव बिंद्रा के फाउंडेशन को मिला एफसीआरए लाइसेंस



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ओलंपियन अभिनव बिंद्रा द्वारा संचालित अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन को 5 साल के लिए विदेशी अंशदान पंजीकरण अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस प्रदान किया है। यह फाउंडेशन मोहाली में पंजीकृत है। अधिकारियों ने बताया कि पंजीकरण से संगठन को विदेशी ग्रांट प्राप्त करने की अनुमति मिल जाएगी। बिंद्रा ने 2008 में बीजिंग में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में ओलंपिक में भारत का पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता था। फाउंडेशन की वेबसाइट के अनुसार, बिंद्रा द्वारा संचालित गैर-लाभकारी संगठन यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है कि सभी खेल गतिविधियों के लिए वैश्विक सर्वोत्तम अभ्यास उपलब्ध कराए जाएं। हाल ही में पेरिस ओलंपिक के दौरान भारत ने नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, सरबजोत सिंह, स्वप्निल कुसाले, अमन सेहरावत और भारतीय हॉकी टीम के पदक जीतने के साथ 71वीं रैंक हासिल की। एक मीडिया हाउस से सवाल जवाब में फाउंडेशन के प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें अपना एफसीआरए प्रमाणपत्र मिल गया है और इस संबंध में केंद्र सरकार के समर्थन की सराहना करते हैं। प्रवक्ता ने कहा, हमारी सामाजिक प्रभाव पहल जमीनी स्तर पर खेल विकास, शिक्षा और पर्यावरण पर केंद्रित है। विदेशी ग्रांट प्राप्त होने पर, यदि कोई हो, प्रवक्ता ने कहा, हम वर्तमान में उन संगठनों की पहचान करने और उनके साथ साझेदारी करने की प्रक्रिया में हैं जो हमारे मिशन और विजन को साझा करते हैं। आज तक, हमारे पास विदेशी फंडिंग का कोई स्रोत नहीं है। कोई भी गैर-सरकारी संगठन सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षिक, धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रमों जैसे निश्चित उद्देश्यों के लिए एफसीआरए लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकता है। गृह मंत्रालय पांच साल के लिए एफसीआरए लाइसेंस देता है और वार्षिक रिटर्न और जिस उद्देश्य के लिए उन्हें प्राप्त विदेशी ग्रांट के आधार पर आवेदनों की समीक्षा करता है। मंत्रालय के अनुसार, गैर सरकारी संगठनों द्वारा विदेशी फंड का कोई भी दुरुपयोग या डायवर्जन एफसीआरए अधिनियम का उल्लंघन माना जाता है।

# हरमनप्रीत एंड कंपनी के पास लॉस एंजिल्स में स्वर्ण पदक जीतने के लिए मजबूत आधार : माइक हॉर्न



कोलकाता (एजेंसी)। दुनिया के मशहूर 'एडवेंचरर' माइक हॉर्न का मानना है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में लगातार कांस्य पदक जीतने के बाद अपनी मजबूत नींव का प्रदर्शन किया जिसे देखते हुए चार साल बाद लॉस एंजिल्स में उनमें स्वर्ण जीतने की क्षमता है। स्विट्जरलैंड के 'मोटिवेशनल कोच' के तीन दिवसीय मानसिक दृढ़ता वाले 'बूट शिविर' ने हरमनप्रीत एंड कंपनी को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने में मदद की और वे अपने सहज क्षेत्र से बाहर आकर मजबूती से एकजुट होने में सफल रहे।

हॉर्न कहा, 'भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता है, वह उनके समर्पण का प्रतिबिंब है और मेरा मानना ??है कि उन्होंने भविष्य की सफलता के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है जिसमें अगले ओलंपिक में स्वर्ण जीतने की संभावना भी शामिल है। उन्होंने कहा, 'टीम का प्रदर्शन असाधारण था और टीम स्वर्ण पदक जीतने के बहुत करीब पहुंच गई थी। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार कौशल, रणनीति और मानसिक दृढ़ता दिखाई।


हॉर्न ने कहा, 'हालांकि वे स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर पाए। लेकिन यह तथ्य है कि वे इसके इतने करीब थे जो उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने कहा, 'यह समझना भी महत्वपूर्ण है कि पदक जीतना और वो भी ओलंपिक में, एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। हॉर्न को उनके महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली 2011 विश्व कप विजेता भारतीय टीम, 2014 में इंडियन प्रीमियर लीग विजेता टीम कोलकाता नाइट राइडर्स और जर्मनी की 2014 फुटबॉल चैम्पियन टीम के साथ काम के लिए भी जाना जाता है।

भारत ने पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान न्यूजीलैंड पर जीत से शुरू किया और धीरे धीरे लय हासिल की। ग्रुप चरण में भारत की सबसे बड़ी जीत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रही जिसे टीम ने 52 साल बाद शिकस्त दी। टीम की एकजुटता और मानसिक मजबूती ब्रिटेन के खिलाफ शूटआउट में जीत के दौरान दिखी जबकि दूसरे क्वार्टर के शुरू से ही टीम 10 खिलाड़ियों के बिना खेल रही थी। हॉर्न (58 वर्ष) ने कहा, 'मैंने पेरिस 2024 में उनका सफर बहुत करीब से देखा और मैं उनकी सहनशीलता और उन्होंने दबाव का किस तरह से सामना किया, उससे काफी प्रभावित हुआ। उनकी इस यात्रा में छोटी सी भूमिका निभाना सम्मान की बात है।

# वंदना ठाकुर ने इंडोनेशिया चैम्पियनशिप में जीता सिल्वर

## एशियन चैम्पियनशिप के लिए किया क्वालिफाई

इंदौर (एजेंसी)। मध्य प्रदेश की बेटी और मशहूर महिला बॉडी बिल्डर वंदना ठाकुर ने इंडोनेशिया के बाटम में आयोजित 56वीं एशियन बॉडी बिल्डिंग और फिजीक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ वंदना ने 15वीं विश्व बॉडीबिल्डिंग और फिजीक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है जिसका आयोजन इसी वर्ष नवंबर माह में मालदीव में होने वाला है। वंदना की यह सफलता न सिर्फ उनके व्यक्तिगत करियर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि भारतीय बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र को भी नए मुकाम पर ले जाने में भी अभूतपूर्व योगदान दे रही है।



56वीं एशियन बॉडी बिल्डिंग और फिजीक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 प्रतियोगिता इंडोनेशिया के बाटम में स्थित रियाउ आइलैंड में 6 से 12 अगस्त, 2024 तक आयोजित की गई थी जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए कुल 50 श्रेणियां थीं। वंदना ने वरिष्ठ महिला बॉडीबिल्डिंग 55 किलोग्राम से अधिक की श्रेणी में भाग लिया जहां उन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया और सिल्वर मेडल लेकर ही देश वापस लौटीं।

**रवि अश्विन बोले-**

# सुरक्षात्मक रवैया अपनाने की जगह असफल होना पसंद करूंगा

नई दिल्ली(एजेंसी)। इंजीनियर, क्रिकेटर, लोकप्रिय यूट्यूबर और अब एक लेखक भी, एक बार में कई चीजों को आसानी से प्रबंधित करने वाले भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि जीवन हो या क्रिकेट वह अति सुरक्षात्मक रवैया अपनाने की जगह असफल होना पसंद करेंगे। इस 37 साल के खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे चतुर दिमाग वाले क्रिकेट के तौर पर जाना जाता है। टेस्ट में 516 विकेट लेने वाले इस खिलाड़ी की बातों और विचारों को क्रिकेट जगत में काफी तवज्जो दी जाती है। वह इस समय अपनी पुस्तक 'आई हैव द स्ट्रीट्स- ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी' की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। इस किताब के सह-लेखक सिद्धार्थ मोंगा है और इसे पेंगुइन रैंडम हाउस ने प्रकाशित किया है। यह किताब में 2011 तक अश्विन के जीवन का विवरण उनके दिमाग की झलक देती है।

अश्विन ने साक्षात्कार में कहा, 'मैं अपनी जिंदगी जी रहा हूं, बस यह इतना ही है। मैं 'ए', 'बी' या 'सी' (किसी लक्ष्य) को पूरा करने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। मैं मौजूदा समय में रहना पसंद करता हूं। मैं आम तौर पर एक रचनात्मक



व्यक्ति हूं और अगर मुझे लगता है कि मैं कुछ करना चाहता हूं, तो मैं आगे बढ़ूंगा और करूंगा। (चाहे यह) सही हो या गलत, यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं बाद में फैसला करना चाहूंगा।

अश्विन हालांकि हमेशा इस तरह से बेखौफ नहीं थे। बचपन में उनके अंदर असुरक्षा की भावना थी लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, वह इससे आगे निकलने में सफल रहे। उन्हें एहसास हुआ कि उनका डर उन्हें पंगु बना रहा था। अश्विन ने कहा कि इससे निपटने के बाद वह कुछ हद तक अडिग हो गए और यह एक क्रिकेटर के रूप में उनके विकास में कारगर रहा। इसने उन्हें एक बच्चे के रूप में चेन्नई की सड़कों पर कैरम बॉल फेंकने से लेकर भारत के प्रमुख स्पिनर के रूप में उनका कायापलट काफी मदद की।

# 'इस बार ड्रग्स की हार'

## अभियान के लिए भारत के खेल दिग्गजों को एक मंच पर लेकर आया सोनी स्पोर्ट्स

मुंबई (एजेंसी)। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क को भारतीय युवाओं में नशीली दवाओं के दुरुपयोग से दूर रखने के लिए केंद्रित 'इस बार ड्रग्स की हार' अभियान को शुरू करने पर गर्व है। देश के अग्रणी खेल प्रसारक ने भारत के युवाओं को प्रेरित करने के मिशन पर काम शुरू कर दिया है और इस नेक उद्देश्य को सफल बनाने के लिए दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने का इरादा रखता है।

संयुक्त राष्ट्र के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के लगभग 13 प्रतिशत पीड़ित 20 वर्ष से कम आयु के युवा हैं। पिछले आठ वर्षों में देश में मादक पदार्थों की खपत में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इनमें से ज़्यादातर मामलों में आमतौर पर ड्रग्स का आदि कोई व्यक्ति, कई मामलों में कोई मित्र ही युवाओं को ड्रग्स से परिचित कराता है। 'इस बार ड्रग्स की हार' का उद्देश्य संभावित पहली बार नशीली दवाओं का सेवन करने वालों को सही विकल्प चुनने और नशीली दवाओं के सेवन को नकारने के लिए प्रेरित करना है। 'इस बार ड्रग्स की हार' अभियान का उद्देश्य भारत के युवा को प्रेरित करना और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बजाय खेलों के माध्यम से एक फिट, पूर्ण और स्वस्थ जीवन जीने पर जोर देना है।

सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क इस उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध है और मानता है कि खेल के दिग्गजों को उनके युवा फैन्स के साथ जोड़ना इसकी सफलता की दिशा में एक बड़ा प्रभाव पैदा कर



सकता है। फिल्मों का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाने और एक स्वस्थ, नशा मुक्त भविष्य को बढ़ावा देने के लिए सभी को इस महत्वपूर्ण आंदोलन का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करना है।

राजेश कौल, मुख्य राजस्व अधिकारी - वितरण और अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय और प्रमुख - खेल व्यवसाय, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया ने कहा, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क को 'इस बार ड्रग्स की हार' अभियान शुरू करने पर बेहद गर्व है और हम ईमानदारी से मानते हैं कि खेलों में युवाओं के अंदर सकारात्मक बदलाव लाने की शक्ति है। विभिन्न खेलों से जुड़े भारत के शीर्ष एथलीटों के साथ मिलकर, हम एक तरह का असर पैदा कर भारत के युवा को नशीली दवाओं के प्रभाव से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के लिए आश्वस्त हैं।

भारत के विभिन्न खेलों के प्रमुख एथलीटों ने युवा भारत को 'इस बार ड्रग्स की हार' का संदेश देने के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ हाथ मिलाया है। इन फिल्मों में, ये स्पोर्ट्स आइकन ड्रग्स के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं और लोगों को ड्रग्स को नकार कर चैंपियन बनने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ सफल जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करने का लक्ष्य बना रहे हैं।

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर, सुनील छेत्री और बाईचुंग भूटिया जैसे फुटबॉल के दिग्गज, कई ग्रैंड स्लैम विजेता सानिया मिर्जा, ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना, भारतीय हॉकी के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह और दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निखत जरीन इन फिल्मों में दिखाई देंगी। इसके अलावा, भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू, टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर आशीष नेहरा, टीम इंडिया के क्रिकेटर दीपक चाहर, भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल, शीर्ष भारतीय महिला निशानेबाज अंजुम मौदगिल, भारतीय महिला हॉकी गोलकीपर सविता पुनिया, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता बैडमिंटन जोड़ीदार चिराग शेट्टी और सात्विक रंकीरेड्डी, अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) में मुकाबला जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने वाली पूजा तोमर और भारतीय महिला टीम की गेंदबाज स्नेह राणा कुछ ऐसी प्रतिष्ठित हस्तियां हैं जो सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के पब्लिक सर्विस मूवमेंट जन का हिस्सा बनने के लिए आगे आई हैं।

# ईशान किशन को मिली झारखंड टीम की कप्तानी

**लाल गेंद से क्रिकेट में करेंगे वापसी**

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आगामी बुची बाबू टूर्नामेंट में लाल गेंद से वापसी करेंगे और 15 अगस्त से तमिलनाडु में शुरू होने वाले प्री-सीजन लाल गेंद प्रतियोगिता में झारखंड की कप्तानी करेंगे। झारखंड की मूल लंबी सूची का हिस्सा नहीं रहे किशन ने भाग लेने का फैसला किया और जब उन्होंने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ को इस बारे में बताया तो उन्हें टीम में शामिल कर लिया गया। रिपोर्ट के अनुसार वह बुधवार को चेन्नई में टीम से जुड़ेंगे।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि किशन की रणजी ट्रॉफी में वापसी 2024-25 सत्र के दौरान भी होने की उम्मीद है क्योंकि उन्होंने राज्य चयनकर्ताओं को अपनी वापसी की इच्छा से अवगत कराया है। उनका आखिरी घरेलू प्रथम श्रेणी मैच दिसंबर 2022 में था। वह 2023-24 के घरेलू सत्र के अंत में रणजी ट्रॉफी से दूर रहे और यह उनके लिए महंगा साबित हुआ क्योंकि उन्हें घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता नहीं देने के कारण केंद्रीय अनुबंध सूची से हटा दिया गया।



एक जेएससीए अधिकारी के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया, इशान के साथ, यह कभी भी क्षमता के बारे में नहीं था। यह केवल इस बारे में था कि क्या वह वापसी के लिए तैयार है। निर्णय उसके पास था। जब उसे प्रारंभिक सूची में शामिल नहीं किया गया था, तो यह केवल इसलिए था क्योंकि हमने उससे नहीं सुना था। जिस क्षण उसने वापसी की इच्छा व्यक्त की, उसे शामिल कर लिया गया।

26 वर्षीय खिलाड़ी ने 2023 में भारत के वेस्टइंडीज दौरे के दौरान चोटिल ऋषभ पंत की जगह टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। उनका अंतिम प्रथम श्रेणी मैच उस दौरे का दूसरा टेस्ट था। हालांकि दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के लिए चुने जाने के बावजूद उन्होंने मानसिक थकान के कारण बाहर होने का विकल्प चुना। किशन ने 2023 में दो टेस्ट, 17 वनडे और 11 टी20 मैच खेले हैं। वह 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचने के दौरान भारतीय टीम का भी हिस्सा थे और शुभमन गिल के बीमार होने पर शीर्ष क्रम में दो मैचों में शामिल थे।

बुची बाबू टूर्नामेंट पिछले साल छह साल के अंतराल के बाद फिर शुरू किया किया गया। इसमें रणजी ट्रॉफी के लीग चरणों में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के समान चार दिवसीय रेड-बॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। यह आगामी 2024/25 घरेलू सत्र से पहले 12 प्रतिभागी टीमों के लिए महत्वपूर्ण तैयारी के रूप में कार्य करता है।

# 21 वर्षीय अमन सेहरावत के लिए लगी ब्रांड्स की कतार, पेरिस ओलंपिक्स में भारत के जीता था पदक

नईदिल्ली (एजेंसी)। पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत की छह सदस्यीय कुश्ती टीम में पदक जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी अमन सेहरावत के घर के बाहर ब्रांडों की कतार लगी है जो उन्हें साइन करना चाहते हैं। उनके लिए उपयुक्त ब्रांड चुनने की चुनौती है। अमन ने 57 किग्रा. कुश्ती वर्ग में कांस्य पदक जीता है। दर्द निवारक, बीमा, डेयरी, परिधान और फुटवियर, एनर्जी ड्रिंक और पीवीसी पाइप जैसी विविध श्रेणियों से एक दर्जन ब्रांड पहले ही आईओएस स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट से संपर्क कर चुके हैं, जो प्रतिभा प्रबंधन संगठन है जिसने सेहरावत को उनके ओलंपिक अभियान से तीन महीने पहले ही साइन किया था।

आईओएसएसई ने चल रहे सौदों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि 21 वर्षीय यह खिलाड़ी 'ताकत, युवापन और जबरदस्त बैकस्टोरी' लेकर आया है। प्रोइंटेक ग्लोबल इनोवेशन की सीईओ और निदेशक राम्या चटर्जी कहती हैं, सेहरावत ब्रांडों के लिए प्रेरणा और प्रासंगिकता का सही मिश्रण पेश करते हैं। दिलचस्प बात यह है कि 9 अगस्त से पहले सेहरावत के पास एक भी ब्रांड एंडोर्समेंट डील नहीं थी। उद्योग के अनुमान के अनुसार अब वे हर एंडोर्समेंट डील से 50-60 लाख रुपए कमा रहे हैं।

केजे सोमैया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में मार्केटिंग और इंटरनेशनल बिजनेस की एसोसिएट प्रोफेसर अंजलि चोपड़ा कहती हैं, प्रशंसक उन एथलीटों से अधिक जुड़े हुए हैं जो आगे बढ़ रहे हैं, खासकर युवा दर्शक जो एथलीट का अनुसरण करते हैं और उसका समर्थन करते हैं। बीसी वेब वाइज की संस्थापक और एमडी छाया बरध्वज कहती हैं कि सेहरावत के साथ एक वास्तविक और दीर्घकालिक साझेदारी बनाने पर ध्यान केंद्रित करके, ब्रांड खुद को उनके एथलेटिक सफर में सहयोगी के रूप में स्थापित कर सकते हैं।

# ओलिंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की लोकप्रियता भुनाने को आतुर कंपनियां, ये हैं पहली पसंद

नईदिल्ली (एजेंसी)। गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा के सिल्वर पदक, लक्ष्य सेन और अर्जुन बबूता का बहुत कम अंतर से पोडियम तक जाने से चूक जाना, हॉकी टीम के लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीतना, मनु भाकर का एक ओलिंपिक में दो पदक जीतकर नई सनसनी बनना और विनेश फोगाट का हर भारतीय घर से भावनात्मक रूप से जुड़ना, पेरिस ओलिंपिक में भारतीय दल ने कुछ ऐसी ही सुनहरी कहानियों के साथ अपना सफर र पूरा किया। है। भारतीय कंपनियां इन ओलिंपिक हीरो की सफलता को भुनाने के लिए लालायित दिख रही हैं।

खेल प्रबंधन फर्म मेडालिन स्पोर्ट्स ऐंड एंटरटेनमेंट के सह-संस्थापक वरुण चोपड़ा ने कहा, पेरिस ओलिंपिक से भारतीय खेल मार्केटिंग क्षेत्र में नए खेल सितारे उभर कर सामने आए हैं। इन्हीं के साथ नई संभावनाओं के द्वार भी खुले हैं। मनु भाकर, नीरज, सेन और हॉकी टीम के कप्तान हर- मनप्रीत सिंह का जिक्र करते हुए यह कहते हैं, कम से कम एक बायोपिक तो बनने की उम्मीद तो कर ही सकते हैं। भाला फेंक में भले ही चोपड़ा दोबारा स्वर्ण पदक नहीं जीत पाए हों और केवल सिल्वर मेडल ही संतोष करना पड़ा हो, भले ही भारतीय शटलर पीवी सिंधु अपनी प्रतिस्पर्धा के शुरू में ही मुकाबले से बाहर हो गई हों, लेकिन ब्रांड विशेषज्ञ अभी भी उनकी ब्रांड वैल्यू को लेकर बहुत आशान्वित हैं।

नई दिल्ली में ब्रांड रणनीतिकार शगुन गुप्ता ने कहा, उनकी ब्रांड वैल्यू उनकी जीत से कहीं बढ़कर है। यह ब्रांड वैल्यू इन खिलाड़ियों से जुड़ी बेहतर से बेहतर परिणाम देने की उम्मीदों पर टिकी है। मेडालिन स्पोर्ट्स के चोपड़ा कहते हैं, सिंधु का चोटों से उबर कर दोबारा लड़ने का माद्दा उन्हें कंपनियों की नजर में प्रासंगिक बनाए रखेगा। पेरिस आने के बाद चोपड़ा ने भारतीय मुख्यालय की दीवार पर एक प्रेरक संदेश लिखा- समय आ गया है।

यह एक लाइन बाद में पेरिस ओलिंपिक के




लिए भारत के आधिकारिक प्रचार का हिस्सा बन गई, लेकिन स्वर्ण पदक से चूकने पर दृझतिज्ञ और आशावादी चोपड़ा ने हालिया चोटों के कारण अपनी चुनौतीपूर्ण मानसिक स्थिति पर ध्यान दिया। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के कार्यकारी निदेशक (पीआर ऐंड ब्रांड) एस अब्बास अख्तर कहते हैं, नीरज चोपड़ा की चोटों समेत तमाम चुनौतियों से निपटने की क्षमता और चोटों के बावजूद अपना बेस्ट प्रदर्शन करना बिल्कुल वैसा ही है, जैसे हमारे ग्राहकों का रोजमर्रा की जिंदगी में संघर्ष करना और फिर उस पर जीत हासिल करना चोपड़ा बीपीसीएल के ब्रांड ऐबेसडर हैं।

बीपीसीएल भारतीय ओलिंपिक संघ के साथ स्पॉन्सर के रूप में भी जुड़ा हुआ था। अख्तर कहते हैं, नीरज के पेरिस से लौटने के बाद हम तमाम गतिविधियों को एक श्रृंखला जारी करने की योजना बना रहे हैं, ताकि उसके प्रभाव को भुना सकें। इस उभरते ब्रांडिंग परिदृश्य पर अपनी छाप छोड़ने के अलावा भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश और कप्तान हरमनप्रीत सिंह सबसे अधिक सुर्खियां बटोर रहे हैं।

श्रीजेश के खेल का प्रबंधन करने वाली कंपनी बेसलाइन वेंचर्स के सह- संस्थापक विशाल जैशन कहते हैं, श्रीजेश के साथ कई ब्रांड करार करने के लिए लाइन में हैं। श्रीजेश ने हॉकी से संन्यास का ऐलान कर दिया है। इससे उनके पास ब्रांड के साथ जुड़ने के लिए काफी समय होगा। जैशन ने कहा, श्रीजेश लगभग 20 वर्षों से लगातार हॉकी खेल रहे हैं। उन्होंने खुद को न केवल सफल खिलाड़ी के तौर पर स्थापित किया, बल्कि अब कंपनियों के भी चहेते बन गए है।

उन्होंने कहा कि कंपनियों अपने ब्रांड एंबेसडर के तौर पर ऐसे ही खिलाड़ी को चुनना पसंद करती हैं, जो लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए लंबे तक खेले। इस ओलिंपिक में हॉकी टीम के कप्तान और भारत के लिए सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह ब्रांडिंग के लिए कंपनियों के सबसे पसंदीदा सितारे बन कर उभरे हैं, क्योंकि इस हॉकी टीम के बेहतरीन प्रदर्शन के कारण सरपंच समय की लोकप्रियता आसमान पर है।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों ने जीता राष्ट्रीय स्टेम प्रतियोगिता 2023-24 के लिए ब्रिलिओ क्लस्टर राउंड

**गुना, एजेंसी।** शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय गुना में आयोजित क्लस्टर राउंड में इन छात्रों की सफलता का जश्न मनाया गया, क्योंकि उन्हें स्टेम लर्निंग टीम और शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। ये विजेता अब जोनल राउंड में आगे बढ़ेंगे, जिसका अंतिम लक्ष्य 27 अगस्त, 2024 को बेंगलुरु में होने वाले ग्रैंड फिनाले में भाग लेना है। यह आयोजन स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित) गतिविधियों की एक साल लंबी श्रृंखला की शुरुआत थी, जिसमें विज्ञान और गणित मॉडल प्रतियोगिताएं, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग टिंकरिंग शामिल हैं। राष्ट्रीय स्टेम चैलेंज को 6वीं से 10वीं कक्षा के छात्रों के बीच जिज्ञासा, नवाचार और डिजाइन सोच कौशल को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। स्टेम लर्निंग के संस्थापक आशुतोष पंडित ने कहा, मैं राष्ट्रीय स्टेम चैलेंज के चौथे संस्करण की मेजबानी करने में रोमांचित हूं और इन सफल छात्रों को क्षेत्रीय दौर में आगे बढ़ते हुए देखने के लिए भी उतना ही उत्साहित हूं। स्टेम लर्निंग च-12 शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए एक मंच बनाने के लिए समर्पित है। इस मंच के माध्यम से हम स्कूली छात्रों को उनमें छिपी प्रतिभा को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। जहां भी हमारे विज्ञान केंद्र स्थापित हैं, हम इन गतिविधियों को लागू करते हैं। स्टेम लर्निंग पूरे भारत में स्टेम शिक्षा के प्रसार के लिए समर्पित एक अग्रणी संगठन है।

### सपनों से निराशा और फिर नई ज़िंदगी तक: कलर्स का मेघा बरसेंगे परित्यक्त दुल्हनों की दुर्दशा पर चर्चा करता है

**मुंबई, एजेंसी।** ऐसी दुनिया में जहां शादी की कसमें ज़िंदगी भर प्यार करने और साथ निभाने के वादों में गूंजती हैं, वहीं भारत में, कथित तौर पर 40,000 से ज़्यादा दुल्हनों के सपनों को ऐसे पतियों ने चकनाचूर किया है जिन्होंने प्यार का वादा किया था लेकिन पप्रितिशतयों को छोड़ कर उन्हें धोखा दिया। इस विश्वासघात की राख से किसी फ़ीनिक्स पक्षी की तरह उभरकर, कलर्स ने अपनी नई पेशकश 'मेघा बरसेंगे' के साथ 'छोड़ी हुई औरत' पर प्रकाश डालते हुए बदलाव की शुरुआत करने का प्रयास किया है। धोखे की पीड़ा से ग्रसित, एक नवविवाहित दुल्हन मेघा, जिसे उसके एनआरआई पति मनोज ने छोड़ दिया है, इस धोखे का बदला लेने और अपने परिवार की खोई हुई प्रतिष्ठा को फिर से हासिल करने की चुनौती का सामना करती है।अपनी मुश्किलों के बीच, मेघा को अर्जुन के रूप में एक अप्रत्याशित सहयोगी मिलता है, जो एक आईएएस अधिकारी है और मेघा के भगोड़े दूल्हे को सबक सिखाने के उसके अभियान में मदद करता है। भारी दिक्कतों के बावजूद, मेघा हर कठिनाई का दृढ़ता से सामना करती है, परित्यक्त दुल्हनों को चुप कराने वाली परंपराओं के ज्वार को चुनौती देती है, और अपने भगोड़े पति को भारत लौटने के लिए मजबूर करती है। एक नवविवाहित लड़की की हिम्मत की सराहना करते हुए जो अपनी भाग्य निर्माता बन जाती है, यह नया शो एक दमदार संदेश देता है कि ज़िंदगी शादी के साथ शुरू या खत्म नहीं होती है।


### यूपी में इस महीने का फ्री राशन 21 तक बंटेगा, बाजरा भी मिलेगा

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के अन्त्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत अगस्त के लिए आवंटित खाद्यान्न का निशुल्क वितरण आगामी 21 अगस्त तक किया जायेगा। यह जानकारी प्रदेश के खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय लाभार्थियों को 48 जनपदों में उचित दर दुकानों पर माह जनवरी, 2024 से जुलाई, 2024 के मध्य वितरण के पश्चात उपलब्धता के अनुसार अवशेष बाजरा का वितरण कराया जाएगा। खाद्य आयुक्त ने बताया कि इन 48 जनपदों में प्रत्येक अन्त्योदय कार्ड पर चावल के स्थान पर दो किग्रा बाजरा प्रति कार्ड वितरित होगा। इस तरह अन्त्योदय योजना में इन 48 जनपदों में प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहूं, 19 किग्रा चावल तथा दो किग्रा बाजरा उपलब्धतानुसार का वितरण होगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य समस्त जनपदों में प्रति कार्डधारक 14 किग्रा गेहूं एवं 21 किग्रा चावल (कुल 35 किग्रा) खाद्यान्न का वितरण होगा।

# महाराष्ट्र और हरियाणा में अलग-अलग हो सकते है विधानसभा चुनाव !

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर लंबे समय से चर्चा है कि दोनों राज्यों में अक्टूबर में मतदान हो जाएगा। इसके बाद रिजल्ट भी एक साथ ही घोषित होंगे। इस बीच चर्चा यह भी छिड़ गई है कि महाराष्ट्र में चुनाव बाद में कराए जा सकते हैं, जबकि हरियाणा में पहले ही वोटिंग करा ली जाए। इसकी वजह यह है कि महाराष्ट्र में नई विधानसभा के गठन की अंतिम तारीख 26 नवंबर है, जबकि हरियाणा के लिए 3 नवंबर है। ऐसे में महाराष्ट्र को लेकर चर्चा है कि अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में आचार संहिता लगाई जा सकती है और नवंबर में दिवाली के बाद कभी भी चुनाव हो सकते हैं और 20 तारीख तक रिजल्ट घोषित किया जा सकता है।

एकनाथ शिंदे सरकार भी ऐसा ही चाहती है ताकि उसे चुनाव के लिए कुछ और वक्त मिल जाए। ऐसे में वह कुछ परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कर सके। महाराष्ट्र के चुनाव में देरी का अंदाजा इस बात से भी लग रहा है कि आयोग की टीम ने जम्मू-कश्मीर का दौरा किया है और वहां सुरक्षा का जायजा लिया है। इसके बाद टीम हरियाणा भी पहुंची है। लेकिन अब तक महाराष्ट्र में आयोग की ओर से कोई हलचल नहीं दिखी है। इससे अनुमान लग रहा है कि कश्मीर और हरियाणा में एक साथ चुनाव कराए जा सकते हैं, जबकि महाराष्ट्र के लिए थोड़ा वक्त लिया जाएगा।



इसमें समस्या भी नहीं है क्योंकि हरियाणा में फेस्टिवल सीजन से पहले इलेक्शन हो सकते हैं। वहीं महाराष्ट्र में दिवाली के बाद चुनाव कराए जा सकते हैं। इस साल 1 नवंबर को ही दिवाली है। ऐसे में उसके बाद कभी भी वोटिंग राज्य में हो सकती है और फिर तीसरे सप्ताह तक नतीजे घोषित किए जा सकते हैं। चर्चा है कि 10 से 15 अक्टूबर के बीच आचार संहिता महाराष्ट्र में लागू की जा सकती है और फिर नवंबर में वोटिंग करा ली जाएगी। तीसरे सप्ताह में भी यदि नतीजे घोषित होते हैं तो विधानसभा के गठन के लिए कुछ दिन का समय बचा रहेगा।

वहीं एकनाथ शिंदे सरकार को भी लगता है कि जितनी देरी से चुनाव हों, उन्हें उतना वक्त मिलेगा। इसकी वजह यह है कि लोकसभा चुनाव में विपक्षी महागठबंधन का शानदार प्रदर्शन रहा था और उन्हें 30 सीटों पर जीत मिली थी। ऐसे में उस झटके से उबरकर अपनी नए सिरे से हवा बनाने के लिए शिंदे सरकार थोड़ा वक्त चाहती है।

## स्वतंत्रता दिवस के लिए बॉर्डर से लेकर भीड़भाड़ वाले इलाके तक पुलिस मुस्तैद, सीसीटीवी से रखी जा रही नजर

**नोएडा, एजेंसी।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने बॉर्डर से लेकर भीड़भाड़ वाले इलाकों तक अपनी सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया है। साथ ही सघन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। सभी जगह पर सीसीटीवी के जरिए नजर रखी जा रही है। गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर कानून एवं व्यवस्था के अपर पुलिस आयुक्त शिव हरी मीणा, नोएडा के डीसीपी नोएडा राम बदन सिंह ने सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस बल के साथ दिल्ली बॉर्डर, डीएनडी, अशोक नगर, कालिंदी कुंज और चिल्ला बार्डर पर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखकर फुट पेट्रोलिंग करते हुए चेकिंग अभियान चलाया। बॉर्डर पर बैरिकेडिंग लगाकर लगातार 24 घंटे संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग करते हुए हाईराइज बिल्डिंगों से निगरानी के लिए पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने भी थाना फेस-2 क्षेत्र की समस्त चौकियों का निरीक्षण किया। भंगेल क्षेत्र में थाना प्रभारी और पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क होकर ड्यूटी करने व सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के लिए आदेश दिया। साथ ही यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन के लिए निर्देश भी दिए। एडीसीपी मनीष कुमार मिश्रा और एसीपी प्रथम (नोएडा) प्रवीण कुमार सिंह ने थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के अंतर्गत मेट्रो स्टेशन, चौराहों, बाजार, मॉल व भीड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त करके सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।



## इसरो अपने नए भू प्रेक्षण उपग्रह का प्रक्षेपण 16 अगस्त को करेगा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा है कि उसका नवीनतम भू प्रेक्षण उपग्रह ईओएस-08 अब 16 अगस्त को अपने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी)-डी3 की तीसरी और अंतिम विकासात्मक उड़ान के जरिए प्रक्षेपित किया जाएगा। इससे पहले अंतरिक्ष एजेंसी ने घोषणा की थी कि प्रक्षेपण 15 अगस्त को किया जाएगा। इसरो ने प्रक्षेपण एक दिन बाद करने की कोई वजह नहीं बताई है। इसरो ने कहा कि ईओएस-08 मिशन के प्राथमिक उद्देश्यों में एक सूक्ष्म-उपग्रह का डिजाइन और उसका विकास करना, सूक्ष्म-उपग्रह बस के साथ संगत पेलोड उपकरणों का निर्माण करना और भविष्य के परिचालन उपग्रहों के लिए आवश्यक नई प्रौद्योगिकियों को जोड़ना शामिल है। एजेंसी ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 मिशन: एसएसएलवी की तीसरी विकासात्मक उड़ान का प्रक्षेपण 16 अगस्त, 2024 को एक घंटे की 'लॉन्च विंडो' में भारतीय समयानुसार सुबह नौ बज कर 17 मिनट पर शुरू होने वाला है।''यह प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया जाएगा।

## आयोग अपनी तैयारियों में पहले से लग जाता है: सैनी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में चुनाव आयोग की बैठक पर कहा कि यह जल्दी चुनाव की बात नहीं है, चुनाव आयोग अपनी तैयारियों में पहले ही लग जाता है। चुनावी राज्य हरियाणा में सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी तैयारी तेज कर दी हैं। नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा शासित हरियाणा में पक्ष और विपक्ष के दल अपने चुनावी रैली तेज कर दिए हैं। इससे पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पंचकूला के सेक्टर-22 में इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और विश्व स्तरीय शूटिंग रेंज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य योजनाओं की शुरुआत की और विभिन्न घोषणाएं कीं। सीएम सैनी ने युवाओं को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कांट्रेक्टर सक्षम युवा योजना और आईटी सक्षम युवा योजना का शुभारंभ किया। आईटी सक्षम योजना के माध्यम से युवाओं को आधुनिक आईटी कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा।

## हिमंता ने यूनिवर्सिटी पर साधा निशाना; असम के सीएम ने मक्का से की ढांचे की तुलना

**गुवाहाटी, एजेंसी।**
असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने फ्लड जिहाद के बाद अब प्राइवेट यूनिवर्सिटी के ढांचे पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि इसका गेट जिहाद की निशानी जैसा है और इसके अंदर जाते हुए शर्म आती है। बता दें कि यह प्राइवेट यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मेघालय (यूएसटीएम) गुवाहाटी के बाहरी इलाके में बनी है। यह शैक्षणिक संस्थान एक बंगाली मूल के मुसलमान का है। हिमंता ने यहां तक कहा कि यह पढ़ाई को बर्बाद कर रहे हैं। इससे पहले सरमा ने इसी यूनिवर्सिटी को फ्लड जिहाद के लिए जिम्मेदार बताया था। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के कैंपस के लिए पहाड़ियों को काटा जा रहा है। इसके चलते यहां पर बाढ़ आ रही है। सरमा ने सोमवार को इस यूनिवर्सिटी पर हमला और तेज कर दिया। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के बड़े गेट के ऊपर तीन डोम बने हैं। उन्होंने कहा कि यहां जाना शर्मनाक है क्यों ऐसा लगता है जैसे हम मक्का में जा रहे हैं। असम के सीएम ने कहा कि हम यह कह रहे हैं कि यहां पर एक पूजा घर भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बना रहे हो तो मक्का, मदीना, चर्च सब बनाओ, लेकिन उन्होंने केवल मक्का बनाया है। सरमा ने हा कि वहां पर पूजा घर हो, चर्च हो और मक्का भी हो, हम तीनों में जाएंगे। केवल एक में क्यों जाएं? बता दें कि इस यूनिवर्सिटी की स्थापना बंगाली मूल के मुसलमान महबुबुल हक के संस्थान ने की है। वह असम स्थित बराक वैली के करीमगंज जिले रहने वाले हैं। हक ही यूनिवर्सिटी के चांसलर भी हैं। हिमंता सरमा ने जब पूछा गया कि वह जिहाद शब्द का इस्तेमाल क्यों कर रहे हैं तो उन्होंने कहा कि जिहाद कहकर तो मैं फिर भी बहुत नरमी बरत रहा हूं। यह लोग तो जिहाद का बाप कर रहे हैं। पूरा एजुकेशन सिस्टम को बर्बाद किया जा रहा है। सरमा ने कहा कि हमारी सभ्यता, हमारी संस्कृति पर जो हमला किया जाता है उसको जिहाद कहते हैं। उधर सरमा के राजनीतिक विरोधियों का कहना है कि उन्होंने साल 2021 में हक की मौजूदगी में इस यूनिवर्सिटी के नए हिस्से का उद्घाटन किया था। हालांकि सीएम का दावा है कि वह यूनिवर्सिटी में गए जरूर हैं, लेकिन यह एक कार्यक्रम था, जिसमें तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आए थे। बता दें कि (यूएसटीएम) के पास इस इलाके का सबसे बड़ा ऑडिटोरियम है। इसके चलते सभी बड़े इवेंट्स के लिए लोग यहीं पर आते हैं। सरमा ने कहा कि इसके बदले में वह इससे भी बड़ा ऑडिटोरियम गुवाहाटी में बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं गया और मैंने सोचा कि अगर यह ऑडिटोरियम यहां रहा तो इसके लिए गुवाहाटी के लोग उस शख्स के सामने झुके रहेंगे। यही वजह है कि मैंने खानपारा (गुवाहाटी) में चुपचाप इससे भी बड़ा ऑडिटोरियम बनाना शुरू कर दिया। नवंबर या जनवरी तक हम इसका उद्घाटन करने वाले हैं। यह 5000 सीटों वाला होगा और इसके बाद लोगों को यूएसटीएम जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



## ट्रंप सरकार में एलन मस्क को मिल सकती है अहम जिम्मेदारी

### ताजा इंटरव्यू से सोशल मीडिया पर चर्चाएं शुरू

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दावेदार डोनाल्ड ट्रंप का मशहूर उद्योगपति एलन मस्क के साथ एक इंटरव्यू प्रसारित हुआ है। इस इंटरव्यू के बाद इस बात की चर्चा शुरू हो गई है कि अगर राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को जीत मिलती है तो उसमें एलन मस्क को कोई अहम जिम्मेदारी मिल सकती है। इस इंटरव्यू में मस्क और ट्रंप के बीच अवैध प्रवासियों, तीसरे विश्व युद्ध, ट्रंप पर हुए हमले आदि मुद्दों पर बातचीत हुई।

ट्रंप सरकार में मस्क को मिल सकती है अहम जिम्मेदारी

दरअसल इंटरव्यू के दौरान एलन मस्क ने कहा कि मेरी इच्छा है कि सरकारी खर्च का प्रबंधन करने में वह सरकार की मदद करें। मुझे लगता है कि सरकार एक आयोग बनाए, जो करदाताओं के पैसों के सही खर्च का ध्यान रखे। मुझे ऐसे किसी आयोग की मदद करने में बहुत खुशी होगी। मस्क के बयान पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इस प्रस्ताव पर विचार करके उन्हें खुशी होगी। इस चर्चा के बाद सोशल मीडिया पर ये चर्चा शुरू हो गई कि अगर ट्रंप सत्ता में आते हैं तो उनकी सरकार में एलन मस्क को अहम जिम्मेदारी दी जा सकती है। मस्क, डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक माने जाते हैं और मई में भी अमेरिकी मीडिया में अफवाहें थीं कि अगर ट्रंप चुनाव जीतते हैं तो वे एलन मस्क को सलाहकार बनाया जा सकता है। अब दोनों लोगों की ताजा बातचीत से उन चर्चाओं को और बल मिला है। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, ऐसा लगता है कि मस्क अपनी नौकरी के लिए साक्षात्कार दे रहे हैं। एक और यूजर ने चुटकी लेते हुए कहा, भूमिका पाने का यह कितना बढ़िया तरीका है, मस्क वास्तव में एक ट्रेंडसेटर हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा कि इस आदमी की आईक्यू इतनी शानदार है कि मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। बातचीत के दौरान दोनों के बीच परमाणु ऊर्जा से बिजली बनाने को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान ट्रंप ने कहा कि अक्सर परमाणु ऊर्जा से बिजली बनाने के तरीके को अनदेखा किया जाता है और अतीत में हुई कुछ घटनाओं से इसका नाम खराब हुआ है। हमें परमाणु ऊर्जा को अच्छा नाम देना होगा। इस दौरान ट्रंप ने मस्क से कहा कि हम इसका नाम आपके नाम पर रखेंगे या कुछ और। ट्रंप के इस बयान से भी लगा कि ट्रंप भी सत्ता में आने पर मस्क को कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं।



## अल्पसंख्यकों की आवाज का सम्मान करे बांग्लादेश की अंतरिम सरकार: यूएन महासचिव

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से संसदीय चुनावों की तैयारी के दौरान अल्पसंख्यकों की आवाज पर विचार करने और मानवाधिकारों का सम्मान करने की अपील की है। उप प्रवक्ता फरहान हक के अनुसार, बांग्लादेश के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को कहा, वह अंतरिम सरकार के समर्थन से बांग्लादेश में शांति बहाल करने और संसदीय चुनाव आयोजित करने के प्रयासों का स्वागत करते हैं।

हक ने कहा, उन्होंने (गुटेरेस) अपील की कि अंतरिम सरकार हर संभव प्रयास करे कि सभी वर्गों को साथ लेकर चले, खासकर महिलाओं, युवाओं, और देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों, अल्पसंख्यकों और आदिवासी समुदायों की बातों को भी ध्यान में रखा जाए। देश संसदीय चुनावों की ओर बढ़ रहा है। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस ने शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़कर भारत चले जाने के बाद अंतरिम सरकार का नेतृत्व संभाला है। रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद कई जगहों पर हिंदुओं पर हमले किए गए, उनके घरों और व्यवसायों को नष्ट कर दिया गया और कुछ हिंदुओं की हत्या भी कर दी गई। अल्पसंख्यक संगठन हिंदू-बौद्ध-ईसाई ओइक्या परिषद के नेता राणा दासगुप्ता के अनुसार, लगभग 100 हिंदू घायल हुए हैं और दो मारे गए हैं। पिछले सप्ताह 97 स्थानों पर हिंदू विरोधी हिंसा हुई और कम से कम 10 मंदिरों पर हमला किया गया। शेख हसीना के खिलाफ छात्र विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसक में लगभग 300 लोगों के मारे जाने की खबर है। फरहान हक ने कहा, एंटोनियो गुटेरेस ने हिंसा के सभी कृत्यों की पूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की अपील दोहराई है।



# ग्रीस के जंगलों में फैली भयंकर आग; काबू पाना हुआ मुश्किल

**एथेंस, एजेंसी।** रविवार को ग्रीस में भयंकर जंगल की आग के कारण अथेंस के पास स्थित क्षेत्रों से हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। आग इतनी तीव्र थी कि उसने आसमान को काले धुएं से ढक दिया, जिससे आस-पास के इलाकों में दृश्यता कम हो गई और हवा में धुएं की गंध फैल गई। ग्रीस सरकार ने तेजी से फैलती आग को देखते हुए प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को तुरंत अपने घरों को छोड़ने और सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश दिया। आग पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मी लगातार जूझ रहे हैं, लेकिन तेज हवाओं और सूखे मौसम के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है।

दमकल विभाग ने पूरी ताकत के साथ आग बुझाने के प्रयास शुरू किए हैं। आग ने बड़े पैमाने पर वनस्पति और जंगल को नष्ट कर दिया है, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा है। अथेंस के आसपास के कई इलाकों में आग फैलने का खतरा बढ़ गया है, जिससे और अधिक लोगों को निकाला जा सकता है। ग्रीस सरकार और दमकल विभाग स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। निकासी और राहत कार्यों को तेजी से अंजाम दिया जा रहा है ताकि किसी भी संभावित नुकसान से लोगों को बचाया जा सके इस आग ने स्थिति को इतना खतरनाक बना दिया कि अस्पतालों और कम से कम 11 कस्बों और गांवों को खाली कराना पड़ा है।आग से निपटने के लिए 560 से अधिक दमकलकर्मी, 17 जल बमवर्षक विमान, और 15 हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं। ये सभी मिलकर आग को रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

यह आग रविवार को वर्नवास के पास भड़की, जो राजधानी से लगभग 20 मील (32 किलोमीटर) उत्तर में स्थित है। तेज हवाओं के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया और व्यापक क्षेत्र में फैल गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आसपास के अस्पतालों और कस्बों को तुरंत खाली कराया गया है। सरकार और प्रशासन पूरी ताकत से राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं। अथेंस के करीब पहुंच रही आग से राजधानी पर भी खतरा मंडरा रहा है। अधिकारियों ने स्थिति पर नजर बनाए रखी है और अतिरिक्त सहायता के लिए तैयारियां की जा रही हैं। दमकलकर्मी और प्रशासनिक टीमें लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन तेज हवाओं के चलते हालात चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का काम जारी है, और स्थिति की निगरानी लगातार की जा रही है।

हजारों लोगों को घरों से निकाला



## बांग्लादेश सरकार ने हिंदुओं पर हमलों के लिए मांगी माफी, कहा- पीड़ितों से मिलेंगे यूनुस

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों और मंदिरों में तोड़फोड़ के लिए सरकार ने माफी मांगी है। गृह मंत्रालय के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल (रिटायर्ड) मुहम्मद सखावत हुसैन ने कहा, पिछले हफ्ते हुई हिंसा में बहुत से स्थानों पर हिंदुओं पर हमले हुए, उसके लिए सरकार को खेद है। इस हिंसा में जिन्हें नुकसान हुआ और जो मंदिर तोड़े या जलाए गए हैं उनकी क्षतिपूर्ति व निर्माण के लिए सरकार आर्थिक मदद देगी। अंतरिम प्रधानमंत्री मुहम्मद यूनुस मंगलवार को हिंसा पीड़ित समुदायों के प्रमुख लोगों से मिलेंगे। उन्होंने भी अल्पसंख्यकों को पूरी सुरक्षा का भरोसा दिया है। ज्ञात हो, यूनुस को दिए बधाई संदेश में पीएम नरेन्द्र मोदी ने हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर चिंता जताई थी और उन्हें रोकने की अपेक्षा की थी।बता दें कि बांग्लादेश में क्रूपद से शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर चार, पांच व छह अगस्त को भारी हिंसा हुई थी। उपद्रवियों के निशाने पर सरकारी इमारतों के अतिरिक्त अवामी लीग के नेता और हिंदू थे। हिंसा में बहुत से स्थानों पर हिंदुओं पर हमले हुए ढाका में सोमवार को भी हिंदुओं ने अपने समुदाय पर हो रहे सांप्रदायिक अत्याचारों के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रतिष्ठानों और मंदिरों पर बड़े पैमाने पर हमले हुए। इनमें दो लोग मारे गए और 45 घायल हुए। इन हमलों की पूरे विश्व में निंदा हुई है। सखावत हुसैन ने कहा, जन्माष्टमी, दुर्गा पूजा और अन्य पर्वों पर सरकार की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जाएंगे जिससे हर्षोल्लास से सभी आयोजन किए जा सकें। सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा में कसर नहीं छोड़ेगी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129